


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मानसून की विभीषिका से आखिर कैसे बचा जाए व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -331, पृष्ठ -16+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार




**आज का मौसम** 38.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 27 सूर्यास्त 19 : 02

कानपुर, रविवार, 21 जुलाई 2024

तीन विपक्षी दल ओली के खिलाफ देंगे मत...14


JK URBANSCAPES FOUNDATIONS OF TRUST

Ritu HOUSING

EMERALD Gulistan
A CITY WITHIN A CITY

INTRODUCES

Imperial Court

FINAL CHAPTER OF
PREMIUM RESIDENTIAL PLOTS




PARK FACING & CORNER PLOTS AVAILABLE

ENQUIRE NOW

90-Acre Haven with Luxurious Amenities

Badminton Court | Open Gym | Kids Play Area | Elder Seating Lawn | Central Park

SCAN FOR LOCATION

Emerald Gulistan: Plot No. 2, Scheme No. 39, Jajmau, Kanpur, U.P.-208010

contact@rituhousing.com www.rituhousing.com

+91 80550 05500
+91 77956 88300

KDA Approved | RERA No.: UPRERAPRJ985180 | Promoter RERA No.: UPRERAPRM65697 | www.up-rera.in
Bank Name: ICICI Bank | Bank Address: 16/106, J.S. Tower, The Mall, Kanpur - 208001 | Collection Bank Account No.: 628805026987

**Disclaimer:**
The Entire Emerald Gulistan Project situated at Plot No. 2, Scheme No. 39, Jajmau, Kanpur Nagar, is being developed by the Company in a phased manner. Each Phase is an independent and standalone project in itself and is mutually exclusive. The Layout Plan for Emerald Gulistan Phase-V (independent and standalone project) has been issued by Kanpur Development Authority ("KDA') vide sanction/Permit No. Plotted Resi development/Plotted Housing/02071/KDA/LDPL/20- 21/0419/21122021 dated. 29.09.2022, which project is duly Registered with UPRERA Authority vide Registration No. UPRERAPRJ985180 dated 30.06.2023. The completion Certificate for Phase-1, in the Project had been issued by KDA vide Letter No. 17/39/Bhawan/14-15 dated 14.07.2016; Completion Certificate for Phase -II [UP RERA Registration No.-UPRERAPRJ17995] in the Project had been issued by KDA vide Letter No. D/30/Na.NL.(Bhawan)/ Ka.VI.Pra/2019-20 dated 28.02.2020; Completion Certificate for Phase-IV [UP RERA Registration No. UPRERAPRJ103991] in the Project had been issued by KDA vide Letter No. D/38/1055/Na.NL.(Bhawan)/ Ka.Vi.Pra./2021-22 dated 20.04.2021; and Completion Certificate for Phase-III [UPRERA Registration No. UPRERAPRJ542474] in the Project had been issued by KDA vide Letter No. Layout/0004/1055 bhawan_online_18-19/26-11-2021 dated 22.02.2022. Nothing contained herein constitutes an offer for sale, brochure, advertisement, marketing document, or invitation to purchase a Unit/Product in any project component of the Company. Theviewers/buyers/customers are bound to inspect all plans and approvals visit the project site and apprise themselves of all plans and approvals and relevant information. The relationship between the Promoter/Company and the purchaser will be governed strictly by the Agreements to be executed from time to time and not on the terms/information/pictures/images etc. shown herein. The Company shall not be liable for any consequences of any action taken by the viewer relying only on such material/ information on this depiction.





# बेटी की कमी खलेगी, पर पदक ज्यादा जरूरी : दीपिका

## भारतीय तीरंदाज 19 माह की बेटी को घर छोड़कर देश का मान बढ़ाने पहुंची पेरिस, बोलीं- मानसिक दबाव तो रहेगा

PARIS 2024

ओलंपिक 5 दिन शेष



समझ नहीं आता कि हमारे देश में ओलंपिक को लेकर इतनी बातचीत क्यों होती है। ओलंपिक नजदीक आने पर हर कोई तीरंदाजी की ओर देखता है और इससे अनावश्यक दबाव पैदा होता है। हमें इसे किसी अन्य प्रतियोगिता की तरह ही लेना होगा। भारतीयों पर मानसिक दबाव काफी अधिक है।

– दीपिका कुमारी, तीरंदाज

पेरिस (फ्रांस), एजेंसी

अगले सप्ताह शुरू हो रहे ओलंपिक में चुनौती पेश करने को तैयार दीपिका कुमारी को अपनी 19 महीने की बेटी की कमी यहां खल रही है लेकिन इस भारतीय तीरंदाज के लिए दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित खेल आयोजन में पदक के सपने को पूरा करने के सामने यह बहुत छोटा सा त्याग है। दीपिका चौथी बार ओलंपिक खेलों में हिस्सा ले रही है लेकिन उन्हें अब भी इन खेलों में अपने पहले पदक का इंतजार है। दीपिका को बेटी से दूर रहने की निराशा है लेकिन ओलंपिक पदक के सामने उन्हें इससे कोई शिकायत नहीं है।

दीपिका ने साक्षात्कार में कहा अपनी बेटी से दूर होने के दर्द को बयां करना मुश्किल है लेकिन यह उस चीज को हासिल करने के बारे में भी है जिसके लिए हम इतने वर्षों से लगातार मेहनत कर रहे हैं। दीपिका ओलंपिक की तैयारियों के लिए लगभग दो महीने तक बेटी से दूर रही। पेरिस के लिए उड़ान भरने से पहले पुणे के सेना खेल संस्थान में वह कुछ समय के लिए अपने पति तीरंदाज अतनु दास और अपनी बेटी के साथ रही। मुझे उसकी काफी कमी खलती है, लेकिन इसमें कुछ नहीं कर सकते है। दीपिका ने हालांकि हिम्मत नहीं हारी और कड़ी मेहनत के साथ पिछले साल गोवा में हुए राष्ट्रीय खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर वापसी की। उन्होंने इसके बाद कोरिया के दिग्गज कोच किम ह्युंग-टाक की देखरेख में अभ्यास करने का फैसला किया। तोक्यो ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय करने वाली दीपिका ने पेरिस में कई यादगार परिणाम हासिल किए है।

### पेरिस ओलंपिक 2024 में होने वाली स्पर्धाओं का कार्यक्रम

- **25 जुलाई :** महिला तीरंदाजी– अपराह्न एक बजे से, पुरुष वर्ग में शाम 4 .45 बजे।
- **26 जुलाई :** उद्घाटन समारोह रात 11 बजे से।
- **27 जुलाई :** नौकायन (पुरुष एकल), निशानेबाजी (एयर राइफल)– अपराह्न 12 .30 बजे से, बैडमिंटन (एकल महिला)– अपराह्न 12 .50 बजे से, टेनिस (पुरुष) टेबल टेनिस, मुक्केबाजी, पुरुष हॉकी– भारत और न्यूजीलैंड के बीच मैच।
- **28 जुलाई :** बैडमिंटन (महिला)– अपराह्न 12 बजे से, निशानेबाजी (एयर पिस्टल)– दोपहर 12 .45 बजे में, तीरंदाजी (महिला)– दोपहर एक बजे से, नौकायन (पुरुष एकल), टेबल टेनिस, मुक्केबाजी (50 किग्रा)– दोपाहर 3 .50 से, टेनिस।
- **29 जुलाई :** निशानेबाजी (एयर राइफल)– दोपहर 12 .30 से, 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम क्वालिफिकेशन अपराह्न 12 .45 बजे, 10 मीटर एयर राइफल महिला फाइनल (अपराह्न एक बजे), 10 मीटर एयर राइफल पुरुष फाइनल (अपराह्न 3 .30 बजे) तीरंदाजी (पुरुष) – दोपहर एक बजे से बैडमिंटन, हॉकी( भारत अर्जेंटीना)– शाम 4 .15 से, नौकायन (पुरुष एकल सेमीफाइनल), टेबल टेनिस राउंड 64 टेनिस, तैराकी।
- **30 जुलाई :** बैडमिंटन– अपराह्न 12 से, निशानेबाजी (ट्रैप)– अपराह्न एक बजे से, टेबल टेनिस, नौकायन, मुक्केबाजी (75 किग्रा)– अपराह्न तीन बजे से, घुड़सवारी, टेनिस, तीरंदाजी व्यक्तिगत, हॉकी (भारत आयरलैंड)– शाम 4 .45 से।
- **31 जुलाई :** बैडमिंटन– अपराह्न 12 से, निशानेबाजी (ट्रैप फाइनल)– अपराह्न 12 .30 बजे से, नौकायन, घुड़सवारी टेबल टेनिस– राउंड 16, मुक्केबाजी (75 किग्रा)– दोपहर 3 बजे से, तीरंदाजी राउंड 32– दोपहर 3 .30 बजे से, टेनिस सेमीफाइनल– दोपहर 3 .30 बजे से।
- **1 अगस्त :** 20 किमी रेस बॉक, बैडमिंटन अंतिम– 8 अपराह्न 12 बजे से, गोल्फ, तीरंदाजी, निशानेबाजी (50 मी राइफल)– दोपहर एक बजे से, हॉकी (भारत बेल्जियम)– दोपहर 1.30 बजे से, मुक्केबाज, टेबल टेनिस, टेनिस।
- **2 अगस्त :** बैडमिंटन– अपराह्न 12 बजे से, गोल्फ, नौकायन, निशानेबाजी (50 मी राइफाल)– दोपहर एक बजे से तीरंदाजी (मिश्रित)– दोपहर एक बजे से ,जुडो, टेबल टेनिस ,टेनिस, नौकायन, हॉकी (भारत ऑस्ट्रेलिया)– शाम 6,45 से, 5000 मीटर (महिला) गोला फेंक।
- **3 अगस्त :** बैडमिंटन (युगल)– अपराह्न 12 से, गोल्फ, नौकायन, निशानेबाजी, तीरंदाजी (महिला)– अपराह्न एक बजे से, नौकायन, टेबल टेनिस, मुक्केबाजी।
- **4 अगस्त :** बैडमिंटन (अंतिम–4)– अपराह्न 12 बजे से, गोल्फ, निशानेबाजी (स्कीट)– दोपहर 12 .30 बजे से तीरंदाजी, घुड़सवारी, हॉकी क्वार्टर फाइनल– अपराह्न 1 .30 बजे से, 3000 मीटर स्टीपलवेज (महिला),लंबी कूद– अपराह्न 2 .30 बजे से, मुक्केबाजी (अंतिम–8)– दोपहर 2 .30 बजे से, नौकायन।
- **5 अगस्त :** निशानेबाजी (25 मी पिस्टल)– अपराह्न एक बजे से बैडमिंटन– दोपहर 1 .15 से, टेबल टेनिस, नौकायन 400 मीटर (महिला), कुश्ती (68 किग्रा)– शाम 6 .30 बजे से, 3000 मीटर स्टीपल चेज (पुरुष)– रात 10 .35 बजे से 5000 मीटर महिलाएं।
- **6 अगस्त :** भाला फेंक रैंकिंग (पुरुष)– दोपहर 1 .50 बजे से, कुश्ती (50 किग्रा)– दोपहर 2 .30 बजे से, 400 मीटर नौकायन, टेबल टेनिस, हॉकी (सेमीफाइनल)– शाम 5 .30 बजे से, लंबी कूद– रात 11 .50 बजे से, मुक्केबाजी।
- **7 अगस्त :** पैदल चाल मिश्रित रिले– सुबह 11 बजे से, नौकायन, गोल्फ– सुबह 12 .30 बजे से, टेबल टेनिस, ऊंची कूद (पुरुष)100 मीटर हर्डल्स– दोपहर 1 .45 बजे से, भाला फेंक रैंकिंग (महिला), कुश्ती (महिला)– दोपहर 2 .30 बजे से ट्रिपल जंप (पुरुष), भारोत्तोलन (महिला)– रात 11 बजे से, 400 मीटर (महिला), 3000 मीटर स्टीपलचेज फाइनल (पुरुष)– देर रात 1 .10 बजे से।
- **8 अगस्त :** गोला फेंक महिला, टेबल टेनिस– दोपहर 1 .30 बजे से, 100 मीटर हर्डल्स– दोपहर 2 .05 बजे से, कुश्ती (53 किग्रा)– सुबह 2 .30 बजे से हॉकी (गोल्ड मेडल)– शाम 5 .30 बजे से, भाला फेंक फाइनल (पुरुष)– रात 11 .55 बजे से, मुक्केबाजी।
- **9 अगस्त :** गोल्फ, टेबल टेनिस, 4गुणा400 रिले (महिला)– अपराह्न 2 .10 बजे से, 4गुणा400 रिले (पुरुष)– अपराह्न 2 .35 बजे से, कुश्ती (57 किग्रा)– अपराह्न 2 .30 बजे से, 100 मीटर हर्डल्स– अपराह्न 3 .35 बजे से, गोला फेंक (फाइनल), 400 मीटर रेस (महिला), ट्रिपल जंप फाइनल (पुरुष), मुक्केबाजी (50 किग्रा)– देर रात एक बजे से।
- **10 अगस्त :** गोल्फ, टेबल टेनिस (कांस्य पदक), गोल्फ फाइनल– अपराह्न 12 .30 से, कुश्ती (76 किग्रा)– अपराह्न तीन बजे से, ऊंची (पुरुष)– रात 10 .40 बजे में, भाला फेंक (महिला), 100 मीटर हर्डल्स– रात 11 .15 बजे से, 4 गुणा 400 रिले (पुरुष–महिला) का फाइनल– रात 12 .40 बजे से, मुक्केबाजी (57 किग्रा) देर रात एक बजे से।
- **11 अगस्त :** कुश्ती (76 किग्रा)– दोपहर 2 .30 बजे से शुरू होगा।

## एक्रीडिटेशन नहीं मिलने पर भारत के तीरंदाजी कोच नाराज

पेरिस, एजेंसी



पेरिस खेलों के लिए एक्रीडिटेशन नहीं मिलने से नाराज भारत के कोरियाई तीरंदाजी कोच बाएक वूंग की ने शनिवार को कहा कि 30 अगस्त को उनका अनुबंध खत्म हो जाएगा जिसके बाद वह इस पद पर जारी नहीं रहेंगे। साथ ही उन्होंने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के खराब प्रशासन की आलोचना की।

मार्सिले में भारतीय टीम की तैयारी की देखरेख के बाद फ्रांस की राजधानी पहुंचे वूंग की ने कहा कि उन्हें महत्वपूर्ण समय पर ओलंपिक कोचिंग की भूमिका से हटा दिया और अब वह वापसी की टिकट बुक किए जाने के बाद भारत लौटेंगे। 61 वर्षीय कोच ने कहा, मैं एक कोरियाई कोच हूं और मैंने पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय तीरंदाजों की तैयारी के लिए अनुबंध किया था, लेकिन ऐसे महत्वपूर्ण समय पर मुझे ओलंपिक कोचिंग की भूमिका से हटा दिया गया और मेरे उड़ान कार्यक्रम ने मुझे घर लौटने की जानकारी दी। वह पेरिस के एक होटल में ठहरे हुए हैं और ओलंपिक के लिए अपने 'एक्रीडिटेशन' (मान्यता कार्ड) का इंतजार कर रहे हैं। मेरा अनुबंध 30 अगस्त तक है और मैंने ओलंपिक के लिए ही इस करार पर हस्ताक्षर किये थे। वूंग की ने स्पष्ट करते हुए कहा कि वह अपने अनुबंध को आगे नहीं बढ़ाएंगे।

### तीरंदाजी और नौकायन टीम पेरिस खेल गांव पहुंची

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक के लिए भारत के दल प्रमुख गगन नारंग ने शनिवार को सूचित किया कि तीरंदाजी और नौकायन दल खेल गांव पहुंच गई हैं और खिलाड़ी खेलों के इस महासमर में अपना अभियान शुरू करने के लिए उत्सुक हैं। तीरंदाजी और नौकायन दल ने पेरिस खेल गांव में प्रवेश किया और अपनी अंतिम तैयारियों में जुटी भारतीय पुरुष हॉकी टीम नीदरलैंड से आज खेल गांव पहुंचेगी। लंदन ओलंपिक 2012 के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज नारंग ने कहा मैंने भारतीय दल के लिए खेल गांव के अंदर इंतजामों का जायजा लिया। तीरंदाजी और नौकायन वहां पहुंचने वाली पहली भारतीय टीम थीं। खिलाड़ी धीरे–धीरे खेल गांव में सहज हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय खिलाड़ी काफी रोमांचित हैं और उत्साह से भरे हैं। चार बार के ओलंपियन नारंग ने कहा काफी उत्साह का माहौल है और खिलाड़ी भी स्पर्धाओं के एरीना में कुछ गेम टाइम चाहते हैं।

## खेल डायरी

### एसओ भारत ने गोथिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट जीता

**नई दिल्ली।** विशेष ओलंपिक भारत (एसओ भारत) फुटबॉल टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वीडन के गोटेनबर्ग में गोथिया कप चैंपियन बनी। यह प्रतियोगिता 14 से 18 जुलाई तक आयोजित की गई थी। टूर्नामेंट में पदार्पण करने वाली भारतीय टीम ने ग्रुप में अजेय रहते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। बौद्धिक रूप से कम विकसित खिलाड़ियों की एसओ भारत ने एसओ फिनलैंड के खिलाफ अपना पहला ग्रुप मैच 3–0 से जीता और इसके बाद एसओ जर्मनी पर 6–0 की बड़ी जीत दर्ज की। भारतीय टीम ने हांगकांग को 6–0 से हराया और फिर एसओ डेनमार्क के खिलाफ 3–1 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। रोमांचक फाइनल में एसओ भारत ने एसओ डेनमार्क को 4–3 से मात दी। केरल के रहने वाले मुहम्मद शहीर ने टूर्नामेंट में सात गोल किये जो किसी भी भारतीय खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा गोल हैं।

### भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच बने मनोलो

**नई दिल्ली।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम एफसी गोवा के वर्तमान प्रभारी स्पेन के मनोलो मार्केज को शनिवार को भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह बर्खास्त इगोर स्टिमक की जगह लेंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति की शनिवार को यहां हुई बैठक में 55 साल के मार्केज को शीर्ष पद के लिए नियुक्त किया। मार्केज वर्तमान में आईएसए मुंबई के खिलाड़ियों ने राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस में जीते 17 पदक टीम एफसी गोवा के मुख्य कोच हैं। एआईएफएफ ने कहा समिति ने दिन के पहले फैसले में सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के लिए नए मुख्य कोच की नियुक्ति पर विचार–विमर्श किया और तत्काल प्रभाव से इस पद के लिए मनोलो मार्केज का चयन किया। भारतीय टीम के 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने में असफल रहने के बाद स्टिमक को 17 जून को मुख्य कोच के पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

### नडाल 2022 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंचे



**बस्ताड (स्वीडन)।** राफेल नडाल नॉर्डिया ओपन में डुजे अजदुकोविच को शनिवार को यहां 4–6, 6–3, 6–4 से हराकर 2022 फ्रेंच ओपन के बाद अपने पहले फाइनल में पहुंचे। नडाल ने क्ले कोर्ट पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में इससे पहले 36वीं रैंकिंग पर काबिज मारियानो नवोन को चार घंटे तक चले मुकाबले में 6–7, 7–5, 7–5 से हराया था। उन्होंने अजदुकोविच के खिलाफ भी पहले सेट में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। नडाल ने 2005 में 19 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था जिसके बाद वह पहली बार यहां खेल रहे हैं। वह पेरिस में रोलां गैरो पर ओलंपिक में खेलने की तैयारी में हैं। उन्होंने पहले दौर में स्वीडन के महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग को हराया। 38 वर्ष के नडाल ने विंबलडन में भाग नहीं लिया था। वह पिछले डेढ़ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

### सुरक्षा हालात पर नजर रखे हुए है आईसीसी

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कहा है कि वह बांग्लादेश में सुरक्षा हालात पर नजर रखे हुए हैं जहां अक्टूबर में महिला टी–20 विश्व कप होना है। बांग्लादेश पुलिस ने सरकारी नौकरियों में कोटा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर छात्रों के प्रदर्शन के बाद हिंसा की घटनाओं को लेकर ढाका में कर्फ्यू लगा दिया है और सैन्यबल ने भी गश्त की है। आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने बताया हम दुनिया भर में स्वतंत्री सुरक्षा समीक्षा करते हैं। बांग्लादेश में भी हालात पर नजर रखे हुए हैं। महिला टी–20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया सबसे सफल टीम है जिसने छह बार खिताब जीता है। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने एक एक बार खिताब अपने नाम किया है।

## इंग्लैंड ने चाय तक बनाए 116 रन, 75 रन की बढ़त

नाटिंघम (इंग्लैंड), एजेंसी

इंग्लैंड ने बेन डकेट के अर्धशतक से वेस्टइंडीज के खिलाफ शनिवार को यहां दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन चाय ब्रेक तक दूसरी पारी में एक विकेट पर 116 रन बनाकर 75 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने दूसरे ही ओवर में जाक क्राउले का विकेट गंवा दिया जो रन आउट हुए। इसके बाद डकेट और ओली पोप ने मिलकर चाय ब्रेक तक बल्लेबाजी की। डकेट 61 रन और पोप 48 रन बनाकर खेल रहे हैं।

वेस्टइंडीज ने अंतिम विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी से पहली पारी में 457 रन बनाकर इंग्लैंड के खिलाफ 41 रन की बढ़त हासिल की थी। जोश डा सिल्वा (नाबाद 82 रन) ने 11वें नंबर के बल्लेबाज शमार जोसफ (33 रन) के साथ अंतिम विकेट के लिए यह साझेदारी बनाकर पहली पारी की बढ़त हासिल की। इंग्लैंड को गेंदबाजी में विफलता का खामियाजा



दूसरे टेस्ट में अर्धशतक बनाने के बाद दर्शकों का अभिवान करते जोश डा सिल्वा। ● एजेंसी

भुगतना पड़ा। वेस्टइंडीज ने सुबह पांच विकेट पर 351 रन से खेलना शुरू किया लेकिन 35 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए। क्रिस वोक्स ने जेसन होल्डर, अल्जारी जोसफ और जेडन सील्स के विकेट झटके। गुस एटकिन्सन ने केविन सिन्क्लेयर का विकेट हासिल किया। लेकिन इसके बाद इंग्लैंड की टीम वेस्टइंडीज की पारी जल्द खत्म नहीं कर सकी। इंग्लैंड ने पहली पारी में 416 रन बनाये थे।

## पिता की सलाह पर अपनाई कुश्ती : रीतिका



अपने कोच मनदीप के साथ रितिका हुड्डा। ● एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

● कुश्ती में पदक लाने की है उम्मीद, बचपन में हैंडबॉल खिलाड़ी रहीं हैं रीतिका हुड्डा

पिता की सलाह पर कुश्ती को अपनाने वाली रीतिका हुड्डा महिला हैवीवेट (76 किग्रा) भार वर्ग में भारत की पहली ओलंपिक क्वालीफायर बनने के बाद अगले सप्ताह से पेरिस में शुरू हो रहे खेलों में पदक का दबाव लिए बिना अपनी तैयारियों को पुख्ता कर रही है। किस्मत पर भरोसा करने वाली रीतिका उन चीजों (कड़ी मेहनत) को पूरे जी-जान से करना चाहती है जो उनके हाथ में है।

रोहतक की 22 साल की इस पहलवान के लिए कुश्ती पहली पसंद नहीं थी। रीतिका बचपन में हैंडबॉल खेलती थी और यहां तक कि जूनियर राष्ट्रीय स्तर पर वह राज्य टीम में जगह बनाने में सफल रही। उन्होंने राज्य टीम में जगह बनाने की खुशी को जब अपने परिवार के साथ साझा किया तो उनके पिता ने उनसे टीम खेल के बजाय व्यक्तिगत खेल चुनने का सुझाव दिया। इसके बाद रीतिका की कुश्ती की यात्रा की शुरुआत 2015 में हुई। उन्होंने साक्षात्कार में कहा, मेरे पिता मुझे छोटू राम अखाड़े में ले गए। मेरे कोच मनदीप ने मुझे एक खास आक्रमण करने के लिए कहा और वह मेरे प्रदर्शन से खुश थे, इसलिए उन्होंने मुझे इसमें ले लिया। मेरे लिए अब कुश्ती ही सब कुछ है। मैं कुश्ती के बारे में सोचती हूं, उसी के सपने देखती हूं।

रीतिका की मां नीलम ने बताया उनके पिता जगबीर चाहते थे कि उनकी बेटी व्यक्तिगत खेल चुने। नीलम ने कहा उसे राज्य हैंडबॉल टीम के गोलकीपर के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए चुना था। उसने अपने चयन के बारे में बताया। उसके पिता ने पूछा कि क्या वह वास्तव में खेल को गंभीरता से लेना चाहती है और जब रीतिका ने हां में सिर हिलाया, तो उन्होंने कहा कि तुम्हें कोई व्यक्तिगत खेल खेलना चाहिए। नीलम ने कहा तब जगबीर ने रीतिका से उसका पसंदीदा खेल पूछा और उसने जूडो और कबड्डी का जिक्र किया लेकिन उसके पिता ने उसे कुश्ती खेलने का सुझाव दिया और वह मान गई। रीतिका को 15 अगस्त 2015 को अखाड़े में नामांकित किया गया था। रीतिका ने कहा, मैं पूरी मेहनत कर रही हूं।

## पीसीबी का तीन खिलाड़ियों को एनओसी देने से इंकार

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने व्यस्त कार्यक्रम का हवाला देते हुए कनाडा में होने वाले ग्लोबल टी-20 टूर्नामेंट के लिए शाहीन शाह अफरीदी, बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देने से इनकार कर दिया है। पीसीबी ने कहा कि उसने तीनों खिलाड़ियों और चयन समिति से परामर्श करने के बाद एनओसी नहीं जारी करने का फैसला किया है। इससे पहले पिछले सप्ताह पीसीबी नेद हंड्रेड खेलने के लिए नसीम शाह के एनओसी देने से इंकार कर दिया था। पीसीबी ने कहा, यह याद रखना चाहिए कि अगस्त 2024 और मार्च 2025 के बीच पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नौ टेस्ट, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी, 14 एकदिवसीय और नौ टी-20 खेलने हैं। तीनों क्रिकेटर तीनों प्रारूपों में खेलते हैं और पाकिस्तान को अगले आठ महीनों में उनकी सेवाओं की आवश्यकता होगी। पिछले वर्ष पीसीबी और खिलाड़ियों ने तीन साल के केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत उन्हें प्रति वर्ष दो विदेशी फ्रेंचाइज प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति है बशर्ते कि अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम आपस में ना टकराए।

## थाईलैंड ने मलेशिया को 22 रन से हराया

**महिला एशिया कप**

दांबुला, एजेंसी

नन्नाफट कोंचारवेंकै (40), फननीता माया (29) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत महिला एशिया कप टी-20 मुकाबले में शनिवार को थाईलैंड टीम ने मलेशिया को 22 रनों से हरा दिया है।

थाईलैंड की कप्तान थिपाचा पुट्ठावोंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी थाईलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 22 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। थाईलैंड की महिला टीम ने नन्नाफट कोंचारवेंकै (40) और फननीता माया के (29) रनों की पारी की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 133 रन बनाए। नन्नाफट ने 40 रन बनाए। सुवानान (13) और रोसेनान (13) रन बनाकर नाबाद रहीं और 134 रनों का लक्ष्य दिया। वहीं, मलेशिया की वान जूलिया और कप्तान विनिफ्रेंड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिए 68 रनों की साझेदारी की। पहले विकेट के रूप में कप्तान दुरइसिंगम (22) रन बनाकर आउट हुई। कप्तान के आउट होने के बावजूद जूलिया ने 53 गेंदों में 52 रन बनाए। आखिरी आठ बल्लेबाजों ने मात्र 26 रन बनाए। मलेशिया की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 111 रन ही बना सकी और 22 रन से मुकाबला हार गई।

### श्रीलंका ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

दाम्बुला (श्रीलंका)। मेजबान श्रीलंका ने महिला टी–20 एशिया कप के मैच में बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर अपने अभियान का आगाज किया। बांग्लादेश को आठ विकेट पर 111 रन पर रोकने के बाद श्रीलंका ने 17 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 114 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। बांग्लादेश का टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला गलत साबित हुआ और टीम ने 17 रन तक चार तथा 48 रन तक पांच विकेट गंवा दिए। कप्तान निगार सुल्ताना ने नाबाद 48 रन की पारी खेल टीम को संकट से बाहर निकाला। वहीं, श्रीलंका की सलामी बल्लेबाज विशमी गुणरत्ने 48 में 51 रन बनाकर टीम की आसान जीत सुनिश्चित की।



### यूएई को हराकर सेमीफाइनल में जाना चाहेगी भारतीय टीम

**दाम्बुला।** आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ जीत दर्ज करके महिला एशिया कप सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगी। गत चैंपियन भारत ने शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट से हराया। यूएई को हरमनप्रीत कौर की टीम को हराने के लिये चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा। भारत के फिलहाल दो अंक और प्लस 2.29 का नेट रनरेट है और अमीरात को हराने से उसके चार अंक हो जाएंगे। पाकिस्तान के खिलाफ दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर ने अच्छी गेंदबाजी की । टीम प्रबंधन को बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू शृंखला के जरिए वापसी की है। बांग्लादेश में भी हालात ऐसे ही होंगे लिहाजा हमें इस टूर्नामेंट से काफी मदद मिलेगी। दूसरे मैच में पाकिस्तान का सामना नेपाल से होगा। आज का मैच दोपहर दो बजे से शुरू होगा।

## बॉलीवुड हलचल



### फिल्म धुरंधर में नजर आएंगी यामी गौतम

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम फिल्म धुरंधर में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि उरी द सर्जिकल स्ट्राइक फेम निर्देशक आदित्य धर एक फिल्म बना रहे है, जिसका नाम धुरंधर है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के लिए आदित्य धर ने रणवीर सिंह, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल से बात की है। अब इस लिस्ट में आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम का नाम भी जुड़ गया है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में यामी गौतम लीड रोल में नजर आने वाली हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह, पाकिस्तान में तैनात एक खुफिया ऑफिसर के किरदार में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म अभी प्री–प्रोडक्शन स्टेज में है। आदित्य धर फिल्म धुरंधर को जियो स्टूडियो के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म धुरंधर अगले साल यानी 2025 के सेकंड हाफ में रिलीज हो सकती है।

### ड्यून प्रोफेसी से तब्बू का फर्स्ट लुक रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू की आने वाली हॉलीवुड फिल्म ड्यून प्रोफेसी से उनका फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। लाइफ ऑफ पाई, ए सूटेबल ब्वॉय और द नेमसेक के बाद तब्बू इंटरनेशनल फिल्म ड्यून प्रोफेसी में नजर आने वाली हैं। वर्ष 2021 में ड्यून किताब पर आधारित ड्यून पार्ट 1 बनाई गई जो ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इसी साल मार्च में ड्यून पार्ट 2 प्रदर्शित हुई, जो सुपरहिट हुई। अब ड्यून का प्रीक्वल आ रहा है। कुछ समय पहले ही ड्यून के प्रीक्वल ड्यून प्रोफेसी का एलान हुआ था। इस सीरीज में तब्बू की अहम भूमिका होगी। ड्यून प्रोफेसी का दूसरा टीजर रिलीज हो गया है, जिसमें तब्बू का पहला लुक दिखाई दिया है। वह इस सीरीज में सिस्टर फ्रांसेस्का के किरदार में नजर आएंगी। उनकी यह सीरीज इसी साल नवंबर में रिलीज होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मानसून की विभीषिका से आखिर कैसे बचा जाए व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।


www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -331, पृष्ठ -16+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार


**आज का मौसम** 38.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 27 | सूर्यास्त 19 : 02


कानपुर, रविवार, 21 जुलाई 2024





तीन विपक्षी दल ओली के खिलाफ देंगे मत...14


## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नीट-यूजी के नतीजे घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनटीए ने वेबसाइट पर जारी किए परीक्षा परिणाम

एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नीट-यूजी के नतीजे शनिवार को शहरवार और केंद्रवार घोषित कर दिए। नतीजे अपनी आधिकारिक वेबसाइट एनटीए.एसी.इन पर जारी किए हैं।

नतीजों में विद्यार्थियों की पहचान उजागर नहीं की गई है। नीट-यूजी मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 18 जुलाई को एनटीए को निर्देश दिया था कि वह नीट-यूजी के सभी विद्यार्थियों के नतीजे शनिवार को अपराह्न तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी करे।

### 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर हुई थी परीक्षा

नीट यूजी की परीक्षा 5 मई को देश के 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर हुई थी। इसमें 23 .33 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे। नीट-यूजी की परीक्षा 14 विदेशी केंद्रों पर भी आयोजित की गयी थी, जिसमें लगभग 1,563 उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए उपस्थित हुए।

## एनआईटी स्नातक और एमबीबीएस के दो छात्र गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले के सूत्रधारों में शामिल एनआईटी-जमशेदपुर से एक बी-टेक स्नातक और कथित तौर पर सॉल्वर के रूप में करने वाले एमबीबीएस के दो छात्रों को शनिवार को गिरफ्तार किया। एमबीबीएस के दोनों छात्रों को शनिवार को राजस्थान के भरतपुर के मेडिकल संस्थान से गिरफ्तार किया गया। एमबीबीएस के द्वितीय वर्ष के छात्र कुमार मंगलम बिश्नोई और प्रथम वर्ष के छात्र दीपेंद्र शर्मा पांच मई को झारखंड के हजारीबाग में मौजूद थे और इंजीनियर के साथ चुराये गए प्रश्नपत्र के लिए सॉल्वर के रूप में काम कर रहे थे।

## जीव सृष्टि के लिए ग्लोबल वार्मिंग नया संकट : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### कहा, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी

- मुख्यमंत्री ने लखनऊ, प्रयागराज व गोरखपुर में रोपा पौधा
- कुकरैल तट पर लगाया हरिशंकरी का पौधा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग जीव सृष्टि के लिए नया संकट है, इसलिए पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री ने यह बात शनिवार को कुकरैल नदी तट पर 36.50 करोड़ पौधरोपण महाअभियान की शुरुआत करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने कुकरैल तट पर अकबर नगर में हरिशंकरी का पौधा लगाया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने प्रयागराज व गोरखपुर में भी पौधरोपण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को लेकर पर्यावरणविद् बहुत चिंतित हैं। यह संकट मनुष्य के स्वार्थ ने पैदा किया है। इसे रोकने की जिम्मेदारी भी मनुष्यों की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पौधरोपण को लेकर आह्वान हर देशवासी के लिए मंत्र बनना चाहिए। हमें पौधों को लगाना, बचाना व इसके जरिए पर्यावरण को संरक्षित करना है। पहली बार जुलाई के पहले सप्ताह में ही बाढ़ की विभीषिका झेलने को मजबूर होना पड़ा। प्रदेश की 20 लाख से अधिक की आबादी प्रभावित है। नेपाल व उत्तराखंड की अतिवृष्टि के कारण ये बाढ़ के चपेट में आए। यह ग्लोबल वार्मिंग का दुष्प्रभाव है।



लखनऊ में कुकरैल नदी तट पर पौधरोपण महाअभियान की शुरुआत करते मुख्यमंत्री।

### कुकरैल नदी को पाट दिया था भू-माफिया ने

मुख्यमंत्री ने कहा कि 50 वर्ष पहले कुकरैल नदी निकलते हुए गोमती में मिलती थी। 1984 के बाद भू-माफिया ने अपने स्वार्थ के लिए इसे पाटना शुरू किया, जिससे यह नदी, नाले में तब्दील हो गई। एक ओर नदी को मारा गया तो दूसरी तरफ इसको प्रदूषित भी किया गया। अब प्रदेश सरकार ने तय किया कि कुकरैल में नाइट सफारी बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले अकबर नगर के नाम पर यह प्रदूषण का माध्यम बना था, आज वहां राम के अनुज लक्ष्मण के नाम पर सौमित्र वन का गठन हुआ है।

# यूपीएससी अध्यक्ष का इस्तीफा

## पिछले वर्ष अध्यक्ष बने थे मनोज सोनी, पांच वर्ष का कार्यकाल था बाकी

नई दिल्ली, एजेंसी



- बोले- इसका पूजा खेडकर विवाद से संबंध नहीं

यूपीएससी के अध्यक्ष मनोज सोनी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सोनी का कार्यकाल मई 2029 में समाप्त होना था। सूत्रों के मुताबिक सोनी के इस्तीफे का ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर का मामला सामने आने के बाद संघ लोक सेवा आयोग पर उठ रहे सवालों से कोई लेना-देना नहीं है।

यूपीएससी अध्यक्ष ने निजी कारणों का हवाला देते हुए एक पखवाड़े पहले ही इस्तीफा सौंप दिया था। जिसे अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है। प्रख्यात शिक्षाविद सोनी (59) ने 28 जून, 2017 को आयोग के सदस्य के रूप में पदभार संभाला था। उन्होंने 16 मई, 2023 को यूपीएससी अध्यक्ष के रूप में शपथ ली थी और उनका कार्यकाल 15 मई, 2029 को समाप्त होना था। यह घटनाक्रम इसलिए महत्व रखता है, क्योंकि यूपीएससी ने शुक्रवार को कहा था कि उसने परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के खिलाफ कई कार्रवाई शुरू की हैं, जिनमें फर्जी पहचान दस्तावेज के जरिये सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होने के अधिक मौके पाने के आरोप में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराना शामिल है। आयोग ने कदाचार के आरोपों की गहन जांच के बाद खेडकर के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया। उसने सिविल सेवा परीक्षा-2022 के लिए उनकी उम्मीदवारी रद करने और भविष्य की परीक्षाओं में शामिल होने से रोकने के लिए उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया। खेडकर द्वारा सत्ता और विशेषाधिकारों के कथित दुरुपयोग का मामला जब से सामने आया है, तब से सोशल मीडिया पर आईएएस और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों द्वारा फर्जी प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल के दावों और प्रतिदावों की बाढ़ सी आ गई है।

### कांग्रेस बोली- प्रधानमंत्री दें जवाब, घोटालों और इस्तीफे के बीच क्या संबंध



**नई दिल्ली।** यूपीएससी के अध्यक्ष के इस्तीफे के बाद कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूपीएससी से जुड़े विवाद पर स्पष्टीकरण देना चाहिए तथा सरकार को यह भी बताना चाहिए कि क्या इतने सारे घोटालों और इस्तीफे के बीच क्या संबंध है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सोनी के इस्तीफे को एक महीने तक छिपाकर क्यों रखा गया ? पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह सवाल किया कि एनटीए के प्रमुख प्रदीप कुमार जोशी क्यों बचे हुए हैं? यह स्पष्ट रूप से लग रहा था कि यूपीएससी के मौजूदा विवाद को देखते हुए सोनी को बाहर किया जाएगा। वहीं प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि यूपीएससी प्रक्रिया में गड़बड़ी की खबरें चौंकाने वाली हैं।

### यूपीएससी में अध्यक्ष पद की नियुक्ति से पहले कुलपति के रूप में तीन कार्यकाल पूरे किए

यूपीएससी में अपनी नियुक्ति से पहले सोनी ने कुलपति के रूप में तीन कार्यकाल पूरे किए थे। उन्होंने एक अगस्त 2009 से 31 जुलाई 2015 तक डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मुक्त विश्वविद्यालय (बीएओयू), गुजरात के कुलपति के रूप में लगातार दो कार्यकाल और अप्रैल 2005 से अप्रैल 2008 तक बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय (एमएसयू) के कुलपति के रूप में एक कार्यकाल पूरा किया। एमएसयू में नियुक्त होने के दौरान सोनी भारत में किसी विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने थे।

## बाढ़ प्रभावित जिलों के लिए 120 करोड़

**लखनऊ।** प्रदेश के बाढ़ प्रभावित 40 जिलों में राहत के लिए 120 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। लखीमपुर खीरी, बलरामपुर, कुशीनगर, शाहजहांपुर, बाराबंकी, सीतापुर, गोंडा, बहराइच, सिद्धार्थनगर, बलिया, गोरखपुर, बरेली, आजमगढ़, हरदोई, अयोध्या, बदायूं, फर्रुखाबाद, बस्ती, देवरिया व उन्नाव को 5-5 करोड़ रुपये जारी किया गया है, जबकि महराजगंज, बिजनौर, गाजीपुर, मऊ, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, संतकबीरनगर, पीलीभीत, सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, हमीरपुर, गौतमबुद्धनगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलंदशहर, मुरादाबाद, वाराणसी, लखनऊ व कासंगज को 1-1 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

## अमरोहा में मालगाड़ी के 10 डिब्बे पलटे

- घटनास्थल पर पहुंचकर रेलवे के अधिकारियों ने जांच शुरू की

### दिल्ली-लखनऊ रेल लाइन पर संचालन बाधित

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** अमरोहा में रेलवे स्टेशन से आगे कल्याणपुरा फाटक के पास शनिवार शाम मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतरकर पलट गए। घटना के बाद दिल्ली-लखनऊ रेल लाइन पर 16 ट्रेनें का संचालन बाधित हो गया। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंचकर रेलवे के अधिकारियों ने जांच की।

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि गोंडा कचहरी से गाजियाबाद जा रही मालगाड़ी शनिवर शाम 6:59 बजे अमरोहा रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां से मालगाड़ी दिल्ली की ओर आगे बढ़ी तो अतरासी पुल से पहले मालगाड़ी बेपटरी हो गई। इस दौरान तेज धमाके की आवाज सुनकर स्थानीय लोग सहम गए। बताया गया कि दो डिब्बों में केमिकल भरा था, जबकि अन्य डिब्बे खाली थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि 500 मीटर दूर तक पटरी उखड़ गई है। इसके अलावा बिजली की ओवरहेड लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई। प्रारंभिक जांच में घटना की वजह साफ नहीं हुई है।


अमरोहा में मालगाड़ी के पलटे पड़े डिब्बे। ● अमृत विचार






### एक नजर

#### आगरा में 20.5 किग्रा चरस के साथ दो गिरफ्तार

**लखनऊ।** उप्र. एसटीएफ ने शनिवार को आगरा के ताजपुर थाना क्षेत्र से 20 .5 किग्रा चरस के साथ दो नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि यह चरस बिहार के चंपारण के लिए जानी थी। इसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। दोनों के पास दो भारतीय सिम भी मिले हैं। अपर पुलिस अधीक्षक आगरा राकेश ने बताया कि चरस की सप्लाई की सूचना मिल रही थी, इस दौरान जांच शुरू की गई।

#### केंद्रीय विद्यालय को बम से उड़ा देने की धमकी

**इंदौर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के परिसर में स्थित एक केंद्रीय विद्यालय को ईमेल पर विद्यालय भवन 15 अगस्त को बम से उड़ा देने की धमकी मिली है। पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) ने कहा कि सिमरोल थाने में प्राप्त शिकायत के मुताबिक पाकिस्तान की इंटर सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) नाम वाली एक आईडी से यह ईमेल विद्यालय के आधिकारिक ईमेल एड्रेस पर भेजा गया है।

#### जानबूझकर कम कैलोरी ले रहे केजरीवाल : एलजी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आरोप लगाया है तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उन्हें दी जा रही भोजन की चिकित्सकीय खुराक और दवाएं जानबूझकर नहीं ले रहे। उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को लिखे पत्र में केजरीवाल के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जेल अधीक्षक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा जानबूझकर कम कैलोरी लिए जाने के कई उदाहरण हैं। वहीं आप ने उपराज्यपाल के पत्र की आलोचना की।

## झोपड़ी पर पलटा डंपर दंपति व दो बेटों की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अयोध्या हाईवे पर बीबीडी विवि के सामने हुआ हादसा

**अमृत विचारः** अयोध्या हाईवे पर बीबीडी विश्वविद्यालय के सामने शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार डंपर डिवाइडर तोड़ते हुए झोपड़ी पर पलट गया। हादसे में आठ माह की गर्भवती पत्नी, पति व दो बच्चों की मौत हो गई। डंपर चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

इंस्पेक्टर अजय नारायण के मुताबिक, टाइल्स कारीगर उमेश (35) बाराबंकी के शाहकटरा जैदपुर देहात का निवासी था। वह बीबीडी विश्वविद्यालय के सामने फुटपाथ पर झोपड़ी में पत्नी नीलम (35), बेटे सनी (13), गोलू (4) और बेटी वैष्णवी (10) के साथ रहता था। रात करीब 2 बजे तेज रफ्तार मौरंग से भरा डंपर झोपड़पट्टी पर पलट गया। डंपर झोपड़ी को समेटते हुए सड़क किनारे 10 फीट गहरी खाईं में जा गिरा। उमेश, पत्नी और बच्चे नीचे दब गए। धमाका सुन भाई अमर सिंह समेत आसपास के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने क्रेन से डंपर का पिछला हिस्सा उठाकर सभी को निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उमेश, पत्नी नीलम, गोलू और सनी को मृत घोषित कर दिया।

## गोंडा में मां के सामने बेटी से सामूहिक दुष्कर्म

**बभनजोत, गोंडा।** खोंडारे थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की रात शौच के लिए गईं मां-बेटी को बाइक सवार दो युवकों ने दबोच लिया और मां के सामने ही बेटी से सामूहिक दुष्कर्म किया। मां ने विरोध किया तो उसकी बेरहमी से पिटाई की जिससे वह बेहोश हो गई। चीख सुनकर पिता ग्रामीणों के साथ पहुंचा और एक आरोपी को दबोच लिया जबकि दूसरा भाग निकला। पुलिस ने बाइक, जूते, पर्स और घड़ी बरामद की है। आरोपी दूसरे समुदाय के हैं और पीड़िता के गांव के ही रहने वाले हैं। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

## संसद का मानसून सत्र कल से

### 12 अगस्त को सत्र समाप्त होने तक होंगी कुल 19 बैठकें, बजट 23 को

नई दिल्ली, एजेंसी

- नीट पेपरलीक और रेल सुरक्षा पर सरकार को घेरेगा विपक्ष
- जम्मू-कश्मीर के बजट के लिए मंजूरी भी मिलने की संभावना

संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू होगा। इसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। इस सत्र के दौरान विपक्ष नीट पेपरलीक और रेल सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में हैं। मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होकर 12 अगस्त को समाप्त होगा। इस दौरान कुल 19 बैठकें होंगी।

सरकार की ओर से छह विधेयक पेश किए जाने की उम्मीद है, जिनमें 90 साल पुराने विमान अधिनियम को बदलने वाला विधेयक भी है। इस सत्र में जम्मू-कश्मीर के बजट के लिए संसद की मंजूरी भी मिलने की संभावना है। सीतारमण सोमवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश करेंगी। वह 23 जुलाई को आम बजट पेश करने वाली हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने 21 जुलाई को संसद में राजनीतिक दलों के नेताओं की एक बैठक बुलाई है।

### वंदे मातरम सहित अन्य नारे नहीं लगाने का अनुरोध

**नई दिल्ली।** सोमवार से संसद सत्र शुरू होने से पहले सांसदों को याद दिलाया गया है कि सभापति के निर्णयों की सदन के अंदर या बाहर सीधे तौर पर या परोक्ष तौर पर आलोचना नहीं की जानी चाहिए। साथ ही सदस्यों को वंदे मातरम, जय हिंद सहित अन्य नारे नहीं लगाने चाहिए। संसद सदस्यों को यह भी याद दिलाया गया कि सदन में तख्तियां लेकर प्रदर्शन करने की भी नियम अनुमति नहीं देते हैं। राज्यसभा सचिवालय ने राज्यसभा सदस्यों के लिए पुस्तिका के कुछ अंश को 15 जुलाई को अपने बुलेटिन में प्रकाशित कर संसदीय परंपराओं और संसदीय शिष्टाचार के प्रति सदस्यों का ध्यान आकृष्ट किया है।

# ट्रांसपोर्टरों ने भी खड़े किए हाथ नहीं खरीदेंगे केडीए के फ्लैट

## केडीए उपाध्यक्ष ने ट्रांसपोर्टर एसो. को खाली फ्लैट खरीदने का दिया था प्रस्ताव

**पीछे हटे**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी शताब्दी नगर में खाली फ्लैट को खरीदने से ट्रांसपोर्टरों ने हाथ खड़े कर दिये हैं। अधिकांश ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि इतनी दूर फ्लैट लेने का कोई फायदा नहीं है। फ्लैट स्टॉफ को भी लेकर नहीं दिया जा सकता क्योंकि अगर वहां लोग रहने लगेंगे तो उन्हें टीपी नगर आने में घंटों लग जायेगा। केडीए वीसी ने कुछ दिनों पहले ट्रांसपोर्टरों के सामने शताब्दी नगर में खाली पड़े फ्लैट को खरीदने का प्रस्ताव दिया था। केडीए उपाध्यक्ष उन्हें फ्लैट दिखाने शताब्दी नगर ले भी गये थे।

यूपी युवा ट्रांसपोर्टर एसो. के संरक्षक श्याम शुक्ला ने बताया कि शताब्दी नगर में जहां ग्रीन सिटी बना रहे हैं वहां केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गबर्याल फ्लैट दिखाने ले गये थे। केडीए उपाध्यक्ष के प्रस्ताव पर उस समय कुछ लोगों ने फ्लैट खरीदने की इच्छा जताई। लेकिन, बाद में सबसे हाथ खड़े कर दिये। सबका तर्क था कि दूरी बहुत है। वहां अगर लोग रहने लगेंगे तो ट्रांसपोर्ट नगर तक आने-जाने में घंटों लगेंगे।

केडीए की बहुमंजिला योजनाओं में अभी भी 7,292 फ्लैट खाली पड़े हैं। इनको खरीदार नहीं मिल रहे हैं। लगातार रेट फ्रीज करने और चौथाई तथा आधी कीमत चुकाने पर कब्जा देने के बाद भी केडीए फ्लैट नहीं बेच पा रहा है।



केडीए के शताब्दी नगर में खाली पड़े फ्लैट। अमृत विचार

**14 अरब से ज्यादा फंसे पड़े**

केडीए के बहुमंजिली इमारतों में फ्लैट्स बनाने की योजनाओं पर 14 अरब रुपये से ज्यादा फंसे हुए हैं। आठ साल से केडीए लगातार लुभावने ऑफर निकाल रहा है पर लोग हैं कि आकर्षित नहीं हो रहे हैं। अब केडीए ने एक बार फिर से फ्लैट बेचने के लिए नए सिरे से कोशिश शुरू की है। ईडब्लूएस श्रेणी में 25 फीसदी और एलआईजी और एमआईजी में 50 फीसदी पैसा देकर कब्जा देने की घोषणा की है। वहीं एक-मुश्त रकम जमा करने पर ब्याज में राहत देने की बात कही है।

- ट्रांसपोर्टरों ने कहा, इतनी दूर कौन खरीदेगा, कर्मचारियों को भी नहीं लेकर दिये जा सकते

| योजना | खाली फ्लैट |
|---|---|
| केडीए हाईट कल्याणपुर | 36 |
| हिमालय सुलभ-1 | 98 |
| रामगंगा इंक्लेव | 150 |
| केडीए ग्रींस मैनावती मार्ग | 200 |
| प्रगति इन्क्लेव जवाहरपुरम | 271 |
| मंदाकिनी सुलभ-3 | 502 |
| यमुना सुलभ-3 | 564 |
| रामगंगा इन्क्लेव टाइप-1 | 605 |
| हिमगिरी, नीलगिरी, सरस्वती | 687 |
| केडीए ड्रीम | 1152 |
| अमन इन्क्लेव फेस-1 | 1374 |
| एकता इंक्लेव जवाहरपुरम | 1653 |

**फ्लैट न बिकने की ये रहीं वजहें**

- पर्याप्त सुविधाओं के अभाव में आबादी से दूर निर्माण
- सन्नाटा, सीवर भराव, मुख्य मार्गों से कनेक्टिविटी नहीं
- किसी भी योजना में शापिंग काम्पलेक्स या सोसायटी नहीं होना
- कूड़ा उठाने वाले समय से नहीं पहुंचते, पेयजल की भी समस्या
- 10 वर्षों से खड़े भवनों के शीशे टूट चुके, दीवारों में सीलन
- यातायात सुविधा का अभाव, अपने साधनों से ही पहुंच सकते

# नयागंज से सेंट्रल तक टनल में ट्रैक निर्माण शुरू



ट्रैक स्लैब की ढलाई शुरू की गई।

कार्यालस संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मेट्रो कॉरिडोर-1 के अंतर्गत निर्माणाधीन चुन्नीगंज-नयागंज अंडरग्राउंड सेक्शन के 'अप-लाइन' में ट्रैक निर्माण का कार्य पूरा करने के बाद अब कानपुर सेंट्रल-ट्रांसपोर्ट नगर अंडरग्राउंड सेक्शन में भी ट्रैक निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। नयागंज से सेंट्रल स्टेशन तक रेल पटरियों को बिछाने के बाद शनिवार से ट्रैक स्लैब की ढलाई शुरू की गई। नयागंज से कानपुर सेंट्रल स्टेशन के बीच लगभग 1250 मीटर लंबे स्ट्रेच के 'अप-लाइन' पर ट्रैक निर्माण का कार्य किया जा रहा है।

- अप-लाइन पर शुरू की गई ट्रैक स्लैब की ढलाई

रेल पटरियों के नीचे स्लैब के ढलाई का कार्य भी आरंभ कर दिया गया। कानपुर मेट्रो के एलिवेटेड ट्रैक की तरह ही अंडरग्राउंड मेट्रो का ट्रैक भी बैलास्ट-लेस यानि गिट्टी-रहित है। ट्रेन चलने के दौरान कंपन और शोर को अवशोषित करने के लिए ट्रैक में मास स्प्रिंग सिस्टम का प्रयोग किया गया है। ट्रैक स्लैब की ढलाई के बाद आगे डिरेलमेंट गार्ड बनाये जाएंगे और थर्ड रेल इन्स्टॉल करने के प्रबंध भी किए जाएंगे। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि नयागंज से कानपुर सेंट्रल स्टेशन के बीच 'अप-लाइन' टनल पर ट्रैक स्लैब की ढलाई शुरू की गई।

# परिजन बोले, चिमटे से जलाती थी पत्नी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार को नर्वल में घर में मृत मिले सेल टैक्स कर्मी के शव का शनिवार को पोस्टमार्टम किया गया। बिसरा सुरक्षित किया गया। सेल टैक्सकर्मी के परिजनों ने पत्नी पर उत्पीड़न का आरोप लगाया।

महाराजपुर निवासी 42 वर्षीय अरविंद कुमार अवस्थी शुक्रवार शाम नर्वल स्थित आवास में मृत मिले थे। उनकी पहली पत्नी की मौत हो चुकी है।

जिससे दो बेटियां तान्य और वान्या हैं। दूसरी पत्नी से एक बेटी है। शनिवार को अरविंद का पोस्टमार्टम किया गया, जिसमें हेड इंजरी से मौत की पुष्टि हुई। भांजे छोटू ने बताया कि दूसरी पत्नी उन्हें चिमटे से जलाती थी और अक्सर मारपीट भी करती थी।

कुछ समय पहले पत्नी अपनी बेटी को लेकर चली गई थी। बहनोई वेद प्रकाश ने बताया कि बुधवार सुबह 7 बजे अरविंद उनसे मिलकर गया था। सुबह दस बजे तक बात हुई लेकिन फिर किसी का संपर्क नहीं हुआ। उसके पैर तखत पर थे और सिर जमीन पर था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी।

# चेन लुटेरों को पकड़ने के लिए चार टीमें गठित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में शुक्रवार रात कृष्णा नगर व चकेरी मोड़ पर चेन लूट करने वाले लुटेरों की तलाश में चार टीमें लगाई गई हैं। सीसीटीवी कैमरों में कुछ संदिग्ध कैद हुए हैं, बाइक नंबर के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

चकेरी, कृष्णा नगर में टेलीफोन एक्सचेंज के पास जीवन गार्डन निवासी भवन ठेकेदार शरद अवस्थी दुकान से सामान ले रहे थे, इसी दौरान बाइक सवार दो लुटेरे पीछे से झपट्टा मारते हुए उनकी सोने की चेन तोड़कर टाटमिल की तरफ फरार हो गये थे। वहीं कुछ देर बाद दूसरी घटना चकेरी मोड़ निवासी रिटायर बैंक कर्मी जानकी तिवारी के साथ घटी। वह घर के बाहर बैठे थे, इसी दौरान स्कूटी से आये दो युवक गले में झपट्टा मारते हुए चेन तोड़कर फरार हो गये थे। पीड़ितों ने मामले की शिकायत चकेरी पुलिस से की थी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की। जांच में कुछ संदिग्ध युवक कैद हुए हैं। हालांकि रात का समय होने के कारण चेहरे साफ नजर नहीं आ रहे है। पुलिस आरोपियों की तलाश में टाटमिल से आगे के सीसीटीवी की जांच कर रही है। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि मामले के खुलासे के लिए चार टीमों का गठन किया है। सीसीटीवी में कुछ संदिग्ध बाइक नंबर कैद हुए हैं।

- चकेरी में शुक्रवार रात दो चेन लूट हुईं थीं

# कांवड़ियों की सुरक्षा में सेंट्रल पर तैनात होगी पीएसी

**कानपुर।** कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए सेंट्रल पर प्लाटून पीएसी मुस्तैद होगी। जीआरपी के साथ पीएसी जवान सावन माह में शिफ्टवार ड्यूटी देंगे।

एक प्लाटून पीएसी लखनऊ जीआरपी मुख्यालय से भेजी गई है। पीएसी जवान रविवार को प्लेटफार्म, आउटर, टिकट घर, सिटी और कैंट साइड के मुख्य गेट पर तैनात होंगे। सीढ़ियों और सुरंग की व्यवस्था भी देखेंगे। शनिवार शाम को पीएसी जवानों को ड्यूटी बता दी गई है। जीआरपी इंस्पेक्टर अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि पीएसी जवानों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई जाएगी। जवान फुट ब्रिज पर खड़े होकर भी निगरानी करेंगे। ट्रेनों में कांवड़ियों के चढ़ते व उतरते समय भी जवान वहां मौजूद होंगे।

# जीएसवीएसएस पीजीआई में होगा किडनी प्रत्यारोपण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएसएस पीजीआई में अब गंभीर मरीजों को किडनी प्रत्यारोपण की भी सुविधा मिलेगी। यहां पर शासन स्तर से नेफ्रोलॉजिस्ट व यूरोलॉजिस्ट विशेषज्ञों की तैनाती की गई।

गणेश शंकर विद्यार्थी सुपर स्पेशलिटी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट (जीएसवीएसएस पीजीआई) के नेफ्रोलॉजी विभाग की ओपीडी में एक हजार से अधिक किडनी संबंधित मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जिनमे 50 प्रतिशत मरीज ऐसे होते हैं, जो वर्षों से डायलिसिस पर चल रहे होते हैं। इनमे शामिल कई मरीजों को किडनी प्रत्यारोपण की जरूरत होती है।जीएसवीएसएस पीजीआई में किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा जल्द शुरू होगी। नेफ्रोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. युवराज गुलाटी के मुताबिक ओपीडी में प्रतिदिन 60 से 70 मरीज आते हैं, जिसमें से 20 से 25 मरीज ऐसे होते हैं, जिनकी किडनी 40 प्रतिशत से अधिक खराब हो चुकी होती है। 40 फीसदी मरीज डायलिसिस पर चल रहे होते हैं। शहर के किसी भी सरकारी अस्पताल में किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा नहीं है और निजी अस्पतालों में प्रत्यारोपण कराने पर लाखों रुपये का खर्च आता है।

- आए विशेषज्ञ नेफ्रोलॉजिस्ट व यूरोलॉजिस्ट




**जीएसवीएसएस पीजीआई में चार डायलिसिस मशीनें**

जीएसवीएसएस पीजीआई में डायलिसिस के लिए शासन से चार मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं, जिनका संचालन शुरू कर दिया गया है। यहां पर प्रतिदिन चार से पांच मरीजों को डायलिसिस की सुविधा प्रदान की जा रही है। जीएसवीएम मेडिसिन विभाग में भी डायलिसिस मशीन की सुविधा है।

# सड़क बनी तो ठप हो जाएगा व्यापार, रोकने की मांग

**बताई समस्या**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएम ग्रिड योजना के तहत प्रस्तावित बाबा कुटी से अलंकार गेस्ट हाउस तक बनने वाली सड़क का शनिवार को मार्बल व्यापारियों ने विरोध किया। कानपुर दक्षिण उद्योग व्यापार मंडल ने बैनर तले व्यापारियों ने भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष को ज्ञापन देकर सड़क रुकवाने की मांग की। व्यापारियों ने कहा कि अगर सड़क बनी तो यहां का व्यापार चौपट हो जायेगा। माल लोडिंग-अनलोडिंग में समस्या आयेगी। यदि सड़क बनी तो प्रदर्शन होगा।



जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

व्यापार मंडल के अध्यक्ष कमल उत्तम ने कहा कि सीएम ग्रिड रोड बनने से माल की लोडिंग एवं अनलोडिंग में बहुत समस्या होगी। सैकड़ों पेड़ नष्ट हो जायेंगे एवं तमाम धार्मिक स्थल भी नष्ट होंगे। उन्होंने भाजपा के दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह को ज्ञापन देते हुये कहा कि इस योजना के तहत बनने वाली सड़क को रूकवाने की कृपा करें। शिवराम सिंह ने कहा कि अधिकारियों से बातचीत की जायेगी।

- सीएम ग्रिड योजना का मार्बल व्यापारियों ने किया विरोध
- बाबा कुटी से अलंकार गेस्ट हाउस तक होना है सड़क का निर्माण

# घर में प्रेमिका पर धारदार हथियार से किया हमला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में अवैध संबंधों के शक में प्रेमी ने चार बच्चों की मां प्रेमिका पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। मरणासन्न हालत में छोड़कर आरोपी फरार हो गया। उसे हैलट में भर्ती कराया गया।

गुजैनी एच ब्लॉक कच्ची बस्ती निवासी महिला के चार बेटे हैं। पति की डेढ़ वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। महिला अपने 17 वर्षीय बेटे के साथ दादा नगर स्थित एक प्लास्टिक फैक्ट्री में काम करती है। बड़े बेटे ने बताया कि राजमिस्त्री सुरेश पिता की मौत के बाद मां के साथ रहने लगा। आरोप है कि सुरेश मां पर शक करता था। शनिवार सुबह वह फैक्ट्री गया था और छोटे भाई स्कूल गए थे, मां घर पर ही थी।

तभी सुरेश नशे में धुत होकर घर पहुंचा और मां को फोन पर बात करता देख विवाद करने लगा। इसके बाद वसूली, डंडे व धारदार हथियार से सिर व चेहरे पर हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैं अरबाज उल्ला वयस्क पुत्र इशरत उल्ला निवासी म0नं0 281 मीरपुर कैण्ट थाना रेलबाजार, कानपुर नगर अपनी पत्नी रिजवाना पुत्री स्व0 मुनचुन निवासी मो0 जुगियाना चौबेपुर कानपुर नगर को अपने पूर्ण होशो हवास में दिनांक 29-06-2024 को प्रथम तुहर में तलाक दे रहा हूं। आज से आप व मेरे मध्य कोई भी पति पत्नी का सम्बंध नही रह गया है। इस सम्बंध में मेरे द्वारा आपको एक नोटिस दि0 29-6-2024 प्रेषित किया था जिसे आपने लेने से इन्कार कर दिया।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे परिवहन विभाग के अभिलेखों (ड्राईवर लाइसेंस) में मेरा नाम गौरीशंकर सैनी दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम गौरीशंकर है। मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है। **गौरीशंकर पुत्र किशुन लाल नि0- सिकन्दरपुरा, राठ हमीरपुर (उ0प्र0)**

**सूचना**

मेरा बड़ा पुत्र शिवप्रकाश उर्फ बड़कू अपनी शादी के बाद से ही मुझसे अलग रह रहा है मुझसे और मेरी पत्नी से बदसलूकी करता है। मेरे परिवार का उससे किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है। मैने पूरे होशो हवास में उसे अपने परिवार से अलग करते हुए संबंध विच्छेद कर चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे जीते जी या मृत्यु के बाद मेरी संपत्ति में उसे कोई अधिकार नहीं होगा। **राम नारायन पिता छवि राम, कामिनी देवी पत्नी राम नारायन, निवासी मुहल्ला सिद्धार्थपुरी, तहसील व थाना जसवन्तनगर, जिला-इटावा**

**सूचना**

पहले मेरा नाम LACHHMAN SINGH था अब मैंने बदलकर अपना नाम LACHHMAN SINGH PANWAR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। S/O: RANBIR SINGH R/O- 101 A ARIF APARTMENT, NEW HYDERABAD

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम GOVIND था अब मैंने बदलकर अपना नाम GOVIND PRASAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। S/O: KESHARI PRASAD, R/O- 215, KUDIYARA RAJUPUR KOTA, POST AND PS KURWAR, Sultanpur

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम SANTOSH था अब मैंने बदलकर अपना नाम SANTOSH KORI रख लिया है भविष्या में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। S/O: JAGARNATH R/O- VILL- BHANDAR, POST-PARASRAMPUR, Sultanpur- 228155

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत फर्म मेसर्स लकी ट्रेडर्स, विवेक नगर, सुलतानपुर उ0प्र0 कि साझीदार से अशोक कुमार सिंह पुत्र स्व0 राम कुमार सिंह निवासी विवेक नगर, सुलतानपुर पृथक हो गये है। इनका फर्म से कोई लेना देना, सरोकार व बकाया नहीं है। **साझीदार – राम बहादुर सिंह**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने बेटे नेब्बू लाल के नाम से LIC की पालिसी ली थी, जिसका पा. नं 236630558 है, मेरे बेटे के समस्त दस्तावेजों में वीरेंद्र कुमार पुत्र रामू सोनकर अंकित है। अतः दोनों नाम नेब्बू लाल उर्फ वीरेंद्र कुमार है। अब मेरे बेटे को वीरेंद्र कुमार के नाम से जाना पहचाना जाए। **रामू निवासी- ग्राम भुड़कुड़ा, पो. रुपईडीह, जिला गोंडा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपना नाम प्रियंका देवी से बदलकर प्रियंका कुमारी कर लिया है मेरे आर्मी कागजात संख्या 15817408HL/NKDMT में प्रियंका देवी दर्ज है उपरोक्त दोनों नाम एक ही महिला के हैं। **प्रियंका कुमारी पत्नी संजीव कुमार सिंह, निवासी-ग्राम बसही, जिला- छपरा चक हाफिज सारण बिहार, 841206**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल प्रमणपत्र-सह अंकपत्र यूपी बोर्ड द्वारा निर्गत वर्ष 2019 का जिसका रोल नंबर 1842648 है और इंटरमीडिएट प्रमणपत्र-सह अंकपत्र यूपी बोर्ड द्वारा निर्गत वर्ष 2021 का जिसका रोल नंबर 216497174 वास्तव में कही खो गया है। **– रूबी शर्मा पुत्री वीरेंद्र कुमार निवासी- ग्राम मोहम्मदाबाद, पो. किशुनदासपुर, कादीपुर, सुलतानपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम DINESH था अब मैंने बदलकर अपना नाम DINESH NISHAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। S/O: RAM NIHOR, R/O- VILL BADARUDDINPUR, MISIRPUR, POST- LAMBHUA, Sultanpur, 222302

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम AJEET GANDHI था अब मैंने बदलकर अपना नाम AJEET SINGH रख लिया है भविष्या में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। S/O: LATE SATYA PAL, R/O- MIG 13 LDA COLONY AISHBAGH RAJENDRA NAGAR, LUCKNOW

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सोनू पाल को उसकी आवारागर्दी एवं गलत चाल-चलन के कारण अपनी सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हूं। उसके किसी भी कृत कार्य, लेन देन से मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। – **ननकू पाल पुत्र राम नरेश पाल, निवासी- ग्राम, दमोदरा (सुकाली का पुरवा) पोस्ट- ढेका पखनपुर, परगना बरौंसा, तहसील जयसिंहपुर जनपद सुल्तानपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र शहनवाज को उसके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं भविष्य में उसके द्वारा किए गए कृत्य का वह स्वयं उत्तरदाई होगा। मेरे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्तव सरोकार नहीं रहेगा। **–मोहम्मद सकिर पुत्र नजरुद्दीन, निवासी- मोहल्ला बुखारी टोला, कस्बा व थाना खीरी, जिला- खीरी**

# यूपी बोर्ड प्राइवेट परीक्षा के आवेदन सात सेंटर में

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए व्यक्तिगत आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों के लिए केंद्रों का आवंटन हो गया है। जिले में सात केंद्र बनाए गए हैंजहां पर परीक्षार्थी आवेदन कर सकते हैं। परीक्षार्थियों को ऑफलाइन आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन भरे जाने की जिम्मेदारी केंद्र की ही होगी।

अभ्यार्थियों के लिए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चुन्नीगंज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सिंहपुर को केंद्र बनाया गया है। राजकीय इंटर कॉलेज भौंती व राजकीय इंटर कॉलेज बिधनू में व्यक्तिगत परीक्षार्थी आवेदनों को जमा कर सकते हैं। घाटमपुर में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज केंद्र बनाया गया है। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नर्वल में परीक्षार्थी आवेदन फॉर्म जमा कर सकते हैं। बिल्हौर क्षेत्र के परीक्षार्थी राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अलियापुर में आवेदन संबंधी प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। आवेदन केंद्रों के निर्धारण पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि परीक्षार्थियों के केंद्रों के निर्धारण के साथ ही उनके प्रधानाचार्यों को भी व्यक्तिगत परीक्षार्थियों से संबंधित सभी निर्देश दे दिए गए हैं। यदि केंद्रों में परीक्षार्थियों के आवेदनों के लिए किसी तरह की समस्या आती है तो शिक्षा विभाग की ओर से उसे तुरंत ही दूर किया जाएगा।

- परीक्षार्थी अपने आवेदनों को भरकर केंद्र में जमा करेंगे
- केंद्र के जरिये ही ऑनलाइन आवेदन भरने की होगी प्रक्रिया

# निर्मल गंगा के लिए एक माह उपवास

**कानपुर।** प्रधानमंत्री अविरल गंगा की बात कहते हैं, लेकिन इस पर कोई पुख्ता काम नहीं हो रहा है। नदियों में गंदा नालों का पानी, सीवर की गंदगी जा रही है। यह बात शनिवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान गंगा रक्षा पीठ भारत के पंडित रामजी त्रिपाठी ने कही।

उन्होंने कहा कि गंगा निर्मल व अविरल रहे, इसके लिए गंगा रक्षा पीठ भारत लगातार मुहिम चला रही है। सावन माह में वह पूरा एक महीना बिठूर में गंगा की अविरलता के लिए उपवास रखेंगे। गंगा रक्षा पीठ भारत के संस्थापक के साथ प्रयागराज जाकर ज्ञापन भी सौंपेंगे। गंगा का पानी हमेशा स्वच्छ रहे यह सोच सबकी होनी चाहिए। कारखानों, गांवों व कस्बों की गंदगी के साथ नालों व सीवर का गंदा पानी समेटकर गंगा में बहाया जा रहा है।

**यूको बैंक** सम्मान आपके विश्वास का **UCO BANK** Honours your trust

अंचल कार्यालय : 75/4, सिद्धी सदन, हालसी रोड बादशाही नाका पुलिस स्टेशन के पास, कानपुर – 208001
E-mail : zokanpur.fin@ucobank.co.in

**लॉकर ब्रेक ओपन की सूचना**

निम्नांकित लॉकर धारकों को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा देय लॉकर किराये का भुगतान समय पर नहीं किया गया है, जबकि संबंधित शाखाओं द्वारा समय-समय पर दूरभाष, मोबाईल और पत्राचार के माध्यम से आपसे बकाया लॉकर किराया जमा करने के लिए अनुरोध किया गया, परंतु हमें बड़े खेद के साथ लिखना पड़ रहा है कि हमारे सभी प्रयास विफल रहें और बकायदारों द्वारा बकाया किराया जमा नहीं कराया गया। अत: बैंक द्वारा सुनिश्चित किया गया है कि बैंक द्वारा निर्धारित प्रणाली से लॉकर तुड़वाकर उसमें रखे हुए सामानों की नीलामी कर बकाया किराये की वसूली कि जाएं। शाखावार लॉकर धारकों से संबंधित जानकारी इस प्रकार हैं-

| क्रं सं. | शाखा का नाम एवं सोल आईडी | लॉकर नंबर | लॉकर धारक का नाम | बकाया राशि | कब से बकाया | प्रथम सूचना की तिथि (G119) | द्वितीय सूचना की तिथि (G119-A) | तृतीय सूचना की तिथि (G119-B) | चतुर्थ सूचना की तिथि (G119-C) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कानपुर परेड (0224) | AA005 | कृष्ण नन्द शुक्ला | 27261 | 04-11-2003 | 11-02-2021 | 02-02-2024 | 13-02-2024 | 01-03-2024 |
| 2. | कानपुर परेड (0224) | AC012 | ओम प्रकाश गुप्ता | 49553 | 10-06-2005 | 03-02-2024 | 12-02-2024 | 01-03-2024 | 20-03-2024 |
| 3. | कानपुर परेड (0224) | BA0079 | अशोक कुमार | 33011 | 19-02-2013 | 11-02-2021 | 02-02-2024 | 13-02-2024 | 01-03-2024 |
| 4. | कानपुर परेड (0224) | BA0085 | सरिता गोयल | 26601 | 19-02-2013 | 09-10-2020 | 02-02-2024 | 13-02-2024 | 01-03-2024 |
| 5. | कानपुर परेड (0224) | BA0119 | नीतू सिंह | 27534 | 19-02-2013 | 09-10-2020 | 02-02-2024 | 13-02-2024 | 01-03-2024 |
| 6. | कानपुर परेड (0224) | CA0157 | रितु श्रीवास्तव | 20713 | 11-09-2014 | 03-02-2024 | 12-02-2024 | 01-03-2024 | 20-03-2024 |
| 7. | कानपुर परेड (0224) | CA0181 | ईश्वर दत्त मिश्रा व कुसुम लता | 20547 | 31-07-2015 | 11-02-2021 | 02-02-2024 | 13-02-2024 | 01-03-2024 |
| 8. | कानपुर परेड (0224) | CA0205 | चितरंजन किशोर निगम | 23792 | 23-01-2010 | 11-02-2021 | 02-02-2024 | 13-02-2024 | 01-03-2024 |
| 9. | कानपुर परेड (0224) | CA0215 | सतीश कुमार रस्तोगी व शुभ्रा रस्तोगी | 14484 | 01-04-2019 | 03-02-2024 | 12-02-2024 | 01-03-2024 | 20-03-2024 |
| 10. | कानपुर परेड (0224) | CA176 | किशन सिंह | 13859 | 08-03-2013 | 03-02-2024 | 12-02-2024 | 01-03-2024 | 20-03-2024 |
| 11. | कानपुर परेड (0224) | CA204 | शिव शयान | 27987 | 08-03-2013 | 11-02-2021 | 02-02-2024 | 13-02-2024 | 01-03-2024 |
| 12. | कानपुर परेड (0224) | DA0296 | मंजूलिका एफ बोज | 25324 | 20-05-2010 | 11-02-2021 | 02-02-2024 | 13-02-2024 | 01-03-2024 |
| 13. | कानपुर परेड (0224) | DA0252 | कामिनी कपूर व आशीष कपूर | 14227 | 25-05-2019 | 11-02-2021 | 02-02-2024 | 13-02-2024 | 01-03-2024 |
| 14. | कानपुर परेड (0224) | DA0299 | पदम चन्द्र रस्तोगी व मीना रस्तोगी | 19469 | 09-01-2019 | 03-02-2024 | 12-02-2024 | 01-03-2024 | 20-03-2024 |
| 15. | कानपुर परेड (0224) | DA226 | बांका सिंह सोनी | 14776 | 08-03-2013 | 11-02-2021 | 02-02-2024 | 13-02-2024 | 01-03-2024 |
| 16. | कानपुर परेड (0224) | DA240 | प्रदीप भार्गव | 13972 | 08-03-2013 | 03-02-2024 | 12-02-2024 | 01-03-2024 | 20-03-2024 |
| 17. | कानपुर परेड (0224) | DC237 | पदम मिश्रा | 31172 | 16-06-2011 | 11-02-2021 | 02-02-2024 | 13-02-2024 | 01-03-2024 |

दिनांक : 21.07.2024 स्थान : कानुपर प्राधिकृत अधिकारी (यूको बैंक)

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

| 37.4° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05 : 28 | सूर्यास्त 07 : 02 |

**शहर में आज**

- **रथयात्रा :** श्री ओमर वैश्य रामजी मंडल के तत्वावधान में महाप्रसाद स्टेटस क्लब कैंट में दोपहर 12 बजे।
- **श्रद्धांजलि सभा :** शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि सभा, सुदर्शन मंदिर , जरीब चौकी दोपहर 12 बजे।
- **ट्रायल :** कानपुर नगर निगम, खेलो इंडिया और फिट इंडिया के सहयोग से ईडब्लूएस खिलाड़ियों का ट्रायल द स्पोर्ट्स हब आर्यनगर में दोपहर 12 बजे।
- **बैठक :** उत्तर प्रदेश सिख फाउंडेशन की बैठक सांझा बाल बंबा रोड गुमटी नंबर पांच पर दोपहर 1.30 बजे।
- **लोकार्पण :** रोटरी क्लब आफ कानपुर साउथ के तत्वाधान में मेडिकल कालेज के गर्ल्स हॉस्टल में रोटरी वाटिका का लोकार्पण सायं 6 बजे।
- **समारोह :** रोटरी क्लब ऑफ न्यू कानपुर का अधिष्ठापन समारोह लिटिल शेफ लीला हाल में रात 9 बजे।
- **समारोह :** रोटरी क्लब ऑफ सेंट्रल का अधिष्ठापन दिवस समारोह, मर्चेंट चेंबर हॉल, दोपहर 12 बजे।

**एक नजर**

## एक और स्पेशल ट्रेन, आज से रिजर्वेशन



**कानपुर।** रेल प्रशासन ने बांद्रा से गोरखपुर एक और स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। इस ट्रेन में रविवार से रिजर्वेशन शुरू होगा। 09043 स्पेशल ट्रेन 23, 28, 30 जुलाई, 4, 6, 11, 13, 18, 20, 25 और 27 अगस्त को बांद्रा से हर शनिवार, मंगलवार को रात 12.05 बजे चलेगी। जो अगले दिन रात 1.05 बजे सेंट्रल स्टेशन आएगी। सुबह 9.30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। इसी तरह 09044 हर मंगलवार, बुधवार दोपहर एक बजे चलेगी। ट्रेन का 10 मिनट ठहराव होगा।

○ नगर निगम और केडीए को डाक से भी भेज सकेंगे राय ○ केडीए की वेबसाइट और ईमेल जारी

# शहर के समग्र विकास के लिए 5 अगस्त तक जनता दे सुझाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केडीए की ओर से तैयार किये जा रहे सिटी डेवलपमेण्ट प्लान के सम्बन्ध में सांसद रमेश अवस्थी ने सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि सिटी डेवलपमेन्ट प्लान 2047 में शहर के सरकारी विभागों एवं प्रमुख संस्थाओं से परामर्श लिया गया है। लेकिन, शहरवासियों से सुझाव नहीं लिये गये। उन्होंने कहा कि अगले 15 दिन तक जनता से भी सुझाव लिये जाएंगे। केडीए की वेबसाइट, ईमेल व डाक द्वारा लोग सुझाव दे सकेंगे।

कानुपर विजन 2047 के अन्तर्गत प्राप्त सुझावों को सम्मिलित कर वर्ष 2051 तक कानपुर शहर के औद्योगिक एवं व्यवसायिक विकास के लिए निवेश क्षेत्रों का चिन्हांकन, प्रस्तावित रिंग रोड का विस्तार, नये अन्तर्राज्यीय बस अड्डा शहर में मेट्रो का विस्तार, पर्यटन की दृष्टि से बिठूर धाम का विकास के प्रस्ताव किये गये हैं। सांसद ने कहा कि सिटी डेवलपमेन्ट प्लान में आम जनमानस के परामर्श और सुझावों को पुन प्राप्त किये जाने की कार्यवाही की जाये। ड्रेनेज सिस्टम के व्यवस्थित विकास पर विशेष रूप से प्रस्ताव को शामिल करें। उन्होंने सिटी डेवलपमेन्ट प्लान में प्रस्तावित परियोजनाओं को अल्प-कालिक (3-5 वर्ष), मध्य-कालिक (5-10 वर्ष) एवं दीर्घ-कालिक (10 वर्ष से अधिक) के रूप में विभाजित कर प्लान को तैयार किये जाने का सुझाव दिया।




वाहनों के चालान में मनमानी पर सांसद रमेश अवस्थी ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से शिकायत की। अमृत विचार

### चालान के नाम पर जनता को न करें परेशान

कानपुर। भाजपा कानपुर का एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को सांसद रमेश अवस्थी व जिला अध्यक्ष दीपू पांडे के संयुक्त नेतृत्व में पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने कानपुर की यातायात समस्या अतिक्रमण और वाहनों के हो रहे चालान से आम जनता को रही परेशानियों को बताया। सांसद रमेश अवस्थी ने पुलिस कमिश्नर से कहा कुछ थाने में काफी समय से तैनात भ्रष्ट थानेदार दरोगा और सिपाहियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने पीस कमेटी में वर्षों से शामिल अराजक तत्वों और दलालों को हटाने और पीस कमेटी को भंग कर संभ्रांत लोगों को उसमें शामिल करने का मुद्दा उठाया। कमिश्नर अखिल कुमार ने आश्वासन दिया कि जल्दी ही इन सब मुद्दों का समाधान कर दिया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष शिवराम सिंह, भाजपा ग्रामीण के अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, आनंद मिश्रा, अनुराग शर्मा, पार्षद नवीन पंडित, गोविंद शुक्ल, आलोक पांडे, विकास जायसवाल, विवेक शर्मा आदि लोग रहे।

### सुझाव पेटिका भी लगाई जाएंगी

सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि आम जनता 5 अगस्त तक अपने सुझाव दे सकेगी। कानपुर विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम कार्यालय में सुझाव पेटिका लगाई जायेगी। कानपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाइट www.kdaindia.co.in और ई-मेल cdpkanpur@gmail.com के माध्यम से भी ऑनलाइन और नगर निगम व केडीए कार्यालय में डाक के माध्यम से फीड बैक देने का प्रावधान किया जायेगा। उन्होंने शहरवासियों से कानपुर विजन के अन्तर्गत सुझाव देने की अपील की।

### अधर में लटका गंगा में बनने वाली टनल

**कानपुर।** कानपुर को शुक्लागंतज से जोड़ने के लिए सरसैया घाट से ट्रांसगंगा सिटी तक 275 करोड़ की लागत से पुल की योजना तैयार की गई थी। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने पुल निर्माण से हाथ खींच लिए थे, जिस कारण योजना अधर में लटक गई थी। बाबा घाट के पास संकरी जगह होने के कारण पुल के घुमाव संभव नहीं हो पा रहा था। जिसके बाद पुल की बजाय गंगा में टनल बनाने की योजना तैयार की गई थी, कंसल्टेंट को भी चयनित कर लिया था। एक भी बार कंसल्टेंट सर्वे करने तक नहीं आई।

## सांसद जी, इस पर भी जरा दीजिये ध्यान

### रात में कैसे उतरें विमान, लाइट लगाने के लिए भूमि नहीं

- कानपुर एयरपोर्ट के रनवे के आगे करीब 1000 मीटर भूमि चाहिए ताकि उस भूमि पर लाइट लगाई जा सके। इसी लाइट के सहारे विमान रात में रनवे पर लैंड करेंगे। अभी तक ये भूमि नहीं मिल सकी है जिसको लेकर एयरपोर्ट अथारिटी काफी समय से प्रयासरत है। कानपुर एयरपोर्ट के रनवे पर जिस स्थान पर विमान लैंड करते हैं, लैंडिंग स्थल से पहले करीब 1000 मीटर जगह चाहिए, इस जगह पर लाइट लगना है ताकि पायलट दूर से समझ सकें कि उन्हें लैंडिंग कहां पर करना है। लाइटों के बगैर विमानों की लैंडिंग आसान नहीं है। एयरपोर्ट निदेशक संजय कुमार का कहना है कि नाइट लाइटिंग होने के बाद रात में भी विमानों के लैंडिंग एवं टेकआफ के रास्ते खुल जाएंगे।

### महिला मार्केट और चाचा नेहरू अस्पताल

- महापौर प्रमिला पांडेय ने पिछले कार्यकाल की अपनी अधूरी ख्वाहिशें गिनाते हुए वादा किया था कि यदि जनता ने दोबारा मौका दिया तो सबसे पहले चाचा नेहरू अस्पताल को पीपीपी मॉडल पर नई सुविधाओं के साथ शुरू करूंगी। महिला मार्केट बनाना भी प्राथमिकता होगी। जनता ने तो उन्हें दोबारा मौका दे दिया लेकिन महापौर पद पर असीन हुए 14 महीने से ज्यादा समय बीतने के बाद भी महापौर दोनों अधूरे वादों पर एक कदम भी काम आगे नहीं बढ़ सका है।

### नौबस्ता अस्पताल खुले तो मिले जनता को लाभ

- नौबस्ता स्थित मौरंग मंडी में सौ बेड के अस्पताल का निर्माण कार्य राजकीय निर्माण निगम द्वारा किया जा रहा है। निगम का ठेकेदार तय समय पर काम पूरा नहीं कर सका है। अस्पताल का निर्माण होने के बाद दक्षिण क्षेत्र के लोगों के साथ ही बिधनू, रमईपुर, घाटमपुर, हमीरपुर आदि क्षेत्रों के लोगों को इलाज के लिए हैलट व उर्सला अस्पताल नहीं जाना होगा। हाईवे पर सड़क हादसों में घायलों को इलाज के लिए लंबी दूरी नहीं तय करनी होगी। अस्पताल का काम धीमा है।

### कचहरी में मल्टीलेवल पार्किंग का काम धीमा

- कचहरी कैंपस में प्रस्तावित मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण कार्य कई वर्ष से पूरा नहीं हो पाया है। वीआईपी रोड पर लगने वाले जाम से निजात के लिये सात मंजिला मल्टीलेवल पार्किंग बनाई जानी है। इसमें 348 कारों के साथ 176 बाइकें खड़ी हो जाएंगी। इस योजना में 35.20 करोड़ रुपये के टेंडर हुये थे। गंगा इंनफ्राबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड को ठेका दिया गया है। यह कार्य कानपुर स्मार्ट सिटी के वित्त पोषण से हो रहा है। लेकिन, लगातार आ रहे व्यवधानों की वजह से कार्य नहीं हो पा रहा है।

## कहीं झमाझम बारिश तो कहीं बौछारें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसए विवि में 3.7 तो चकेरी एयरफोर्स में 23.6 मिमी दर्ज हुई बारिश
- मौसम वैज्ञानिकों ने हीट अंबरैला को बताया पैची रेन की वजह, उमस में कमी नहीं



**अमृत विचार।** शहर में इस बार खंड बारिश (पैची रेन) सबसे अधिक दर्ज की जा रही है। शुक्रवार देर रात से शनिवार भोर में हुई बारिश का आंकड़ा मौसम वैज्ञानिकों को भी हैरान कर गया। शहर के एक कोने सीएसए विवि में इसे सिर्फ 3.7 मिमी ही दर्ज किया गया। इसके उलट दूसरे कोने चकेरी एयरफोर्स में 23.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम वैज्ञानिक भी पैची रेन की वजह साफ नहीं कर पा रहे हैं। उनका मानना है कि इस तरह की बारिश हीट अंबरैला बनने से बादलों के प्रभावित होने की वजह से है।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इस बार पूरा कानपुर मंडल इससे सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। यदि सिर्फ शहर की ही बात की जाए तो यहां पर भी एक इलाके में जोरदार बारिश व दूसरे में कम बारिश इस बार सबसे अधिक दर्ज की गई है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि इसकी एक वजह शहर में अत्याधिक एसी व वाहनों से निकलने वाला प्रदूषण भी हो सकता है। वैज्ञानिकों ने इसे हीट अंबरैला का नाम दिया है। उनका कहना है कि इससे वातावरण में गर्म हवा का गुबार पैदा हुआ है जो बादलों को प्रभावित कर रहा है। इसके असर से पैची रेन जैसी स्थिति पैदा होती है, लेकिन इस बार यह स्थिति अत्याधिक बढ़ गई है। मौसम वैज्ञानिकों ने यह भी बताया कि बारिश के बाद भी शहर के अधिकतम तापमान में अधिक परिवर्तन नहीं हुआ है। शनिवार को तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। यह सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस अधिक है। इसी तरह न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि 24 जुलाई तक शहर में मध्य तेज हवाओं व गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

## पनकी में अवैध निर्माण किए जाने की शिकायत

**कानपुर।** पूर्व पार्षद राघवेन्द्र मिश्र ने शनिवार को केडीए उपाध्यक्ष को पनकी बी ब्लाक योजना संख्या 40 में हो रहे अवैध निर्माण की शिकायत की है। उन्होंने पत्र देकर कहा कि आवासीय प्लाट है जिसकी रजिस्ट्री 300 गज की है वहां कोई मानचित्र स्वीकृत नहीं है और कब्जा 600 वर्ग गज कर 6 मंजिला अपार्टमेंट बनाया जा रहा है। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की होर्डिंग्स भी लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केडीए के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से यह कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपार्टमेंट बनाने वाला भूमाफिया है। शहर की तमाम सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कर किरायेदारी कर रहा है। उन्होंने तत्काल कार्रवाई की मांग की।

## शौकत पहलवान का पेंट हाउस होगा कुर्क, नोटिस चस्पा किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




सिविल लाइंस स्थित शौकत का पेंट हाउस। अमृत विचार

- जाजमऊ पुलिस ने किरायेदार को 24 घंटे के भीतर मकान खाली करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** आगजनी मामले में दोषी शौकत पहलवान का करीब 1.36 करोड़ का सिविल लाइंस स्थित पेंट हाउस कुर्क करने शनिवार को जाजमऊ पुलिस पहुंची। जाजमऊ पुलिस ने इसमें रहने वाले किराएदार को 24 घंटे के भीतर खाली कराने का नोटिस दिया है। रविवार को शौकत की इस संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट के तहत सीज किया जा सकता है।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर ने बताया कि जेल में बंद समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के गैंग पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। गैंग में शामिल और इरफान के पार्टनर शौकत पहलवान की भी अवैध कमाई से खड़ी की गई संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क करने की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्वालटोली थाना क्षेत्र के सिविल लाइंस स्थित अपार्टमेंट के टॉप फ्लोर पर बने शौकत पहलवान की पत्नी आयशा बेगम के नाम पेंटहाउस को भी सीज किया जाना है। इसमें रहने वाले किराएदार नदीम को शनिवार को 24 घंटे के भीतर पेंटहाउस खाली करने का नोटिस चस्पा कर अल्टीमेटम दिया गया है। संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट के 14-ए की कार्रवाई के तहत कुर्क किया जाएगा।

## बायोमेडिकल कचरे से संक्रमण का खतरा...




उर्सला अस्पताल के बाहर सॉलिड वेस्ट ट्रांसफर स्टेशन के बाहर सड़क पर बिखरा पड़ा उर्सला अस्पताल से निकला बायोमेडिकल कचरा। इससे संक्रमण फैलने का खतरा है। अस्पताल का बायोमेडिकल कचरा कूड़े के ढेर में डाल दिया गया है। इंजेक्शन सिरिंज, नीडल, ग्लब्स, ग्लूकोज की बोतल, ट्यूब्स, टूटी हड्डियों को जोड़ने में उपयोग किया जाने वाला प्लास्टर यहां पड़े हैं। फोटो - मनोज तिवारी

## प्लांट में बिजली बनाने का ट्रायल इसी सप्ताह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लाइट डीजल ऑयल से पनकी पॉवर प्लांट में बनेगी बिजली
- इस सप्ताह प्लांट में शुरू होगा प्लांट में ऑयल सिंक्रोनाइजेशन

**अमृत विचार।** पनकी 660 मेगावाट पॉवर प्लांट में सितंबर तक भार लाकर बिजली उत्पादन पर विशेषज्ञों ने कार्य तेज कर दिया है। यहां पर ऑयल सिंक्रोनाइजेशन से पॉवर प्लांट में लाइट डीजल ऑयल (एलडीओ) से बिजली बनाने की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। इस सप्ताह से यहां पर उत्पादन का कार्य शुरू हो सकता है।

इस सप्ताह से यहां पर बिजली बनाने का ट्रायल शुरू किया जाएगा। प्लांट में ऑयल सिंक्रोनाइजेशन से पॉवर प्लांट में लाइट डीजल ऑयल (एलडीओ) से बिजली बनाने की तैयारी पॉवर प्लांट व बीएचईएल के विशेषज्ञों ने शुरू कर दी है। इस संबंध में पॉवर प्लांट व बीएचईएल के विशेषज्ञों को उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ.आशीष कुमार गोयल से भी अनुमति मिल गई है।

मुख्य महाप्रबंधक गणेश कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रथम चरण में यहां पर लाइटअप का प्रोसेस सफल हो चुका है। चिमनियों से धुआं बाहर निकालने के लिए और बॉयलर में दबाव की तीव्रता को विशेषज्ञों द्वारा परखा गया है। इसके साथ ही कंप्रेशर व एयरफ्री हीटर का संचालन कर उनकी कार्य की स्थिति देखी गई है। प्लांट में अब लाइट डीजल ऑयल (एलडीओ) से बिजली बनाने की तैयारी की जा रही है।




## फाइनेंस मैनेजर के बंद घर से सात लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कार में सवार होकर आए थे चोर, मेनगेट खुला देख पड़ोसी ने दी जानकारी

**अमृत विचार।** हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में कार कंपनी के फाइनेंस मैनेजर के बंद पड़े घर का ताला तोड़ कर कार सवार चोरों ने सात लाख के जेवरात समेत नकदी पार कर दी। शनिवार सुबह पड़ोसी महिला ने मेनगेट खुला देख गृहस्वामी को घटना की जानकारी दी।

बौद्ध नगर निवासी विनय दीक्षित लखनऊ स्थित एक कार कंपनी में फाइनेंस मैनेजर हैं। उन्होंने बताया कि वह पत्नी नीता के साथ लखनऊ में रहते हैं, जबकि बेटा दिल्ली की एक कंपनी में मैनेजर है और बेटी मुंबई है। वह मकान की देख रेख के लिए शनिवार, रविवार मकान में आते हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह घर के सामने रहने वाली सीमा सिंह ने मेन गेट खुला देख उन्हें फोन किया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार देर रात घर के बाहर एक कार खड़ी हुई थी, लेकिन सुबह कार नहीं दिखी। सूचना पर विनय घर आए, जहां मेनगेट समेत तीन दरवाजों के ताले टूटे पड़े मिले और अलमारी में रखे उनकी पत्नी के करीब 7 लाख के जेवरात व 12 हजार नकदी गायब मिली। हनुमंत विहार पुलिस ने जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

**जरा ध्यान दें** गुरु पूर्णिमा पर लाखों लोग करेंगे गंगा स्नान

## आज बदला रहेगा शहर का ट्रैफिक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** गुरु पूर्णिमा के मौके पर हजारों लाखों की संख्या में लोग गंगा स्नान को जाते है। गंगा घाट पर जाने वाले स्थानों पर जाम की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए रविवार सुबह 4 बजे से त्योहार की समाप्ति तक शहर में विभिन्न स्थानों पर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव रहेगा।

- बिल्हौर की ओर से आने वाले मध्यम व भारी वाहन चौबेपुर से मंधना चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन चौबेपुर क्रासिंग से शिवली होते हुए जाएंगे।
- मंधना चौराहा से कोई भी मध्यम व भारी वाहन कल्याणपुर क्रासिंग की ओर नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन गंगा बैराज होते हुए जाएंगे।
- ब्लू वर्ल्ड तिराहा से कोई भी भारी व मध्यम वाहन बिठूर की ओर नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन गंगा बैराज की ओर से जाएंगे।
- गंगा बैराज से कर्बला चौराहा, कंपनी बाग की ओर जाने वाले वाहन मंधना होते हुए या शुक्लागंज होते हुए जाएंगे।
- बीमा चौराहा से सिद्धनाथ घाट की ओर भारी व मध्यम वाहन नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन सीधे जेके चौराहा से होते हुए जाएंगे।
- शिवराजपुर से फतेहपुर चौरासी की ओर मध्यम व भारी वाहन नहीं जा सकेंगे।
- यश कोठारी चौराहा से सिंहपुर कल्याणपुर व यश कोठारी चौराहा से बिठूर कस्बा की ओर कोई भी भारी व मध्यम वाहन नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन मंधना की ओर से या फिर गंगा बैराज से जाएंगे।

### यहां होगी वाहनों की पार्किंग

- वक्कल पार्किंग परमट मंदिर
- जयंती पैलेस के सामने खाली खेत (मंधना बिठूर रोड)
- चुंगी चौराहा के सामने खाली खेत (कल्याणपुर बिठूर रोड)
- चौबेपुर बिठूर मार्ग पर खाली खेत

# पूर्व डीआईओएस को चार दिन की अग्रिम जमानत

## एडीजे-16 की कोर्ट ने सुनाया निर्देश, शिक्षक भर्ती घोटाला मामला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के फर्जी भर्ती घोटाले में पूर्व डीआईओएस द्वितीय मुन्नीलाल को एडीजे-16 की कोर्ट ने चार दिन की अग्रिम जमानत मिल गई। मामले में अगली सुनवाई की तिथि 24 जुलाई को निर्धारित की गई। माध्यमिक शिक्षा की ओर से फर्जी भर्ती घोटाले में अब तक सात आरोपियों को एसआईटी गिरफ्तार कर चुकी है।

तत्कालीन डीआईओएस द्वितीय मुन्नी लाल पर आरोप है कि नियुक्ति के लिए विभाग आए फर्जी ईमेल में फर्जी पैनल के सापेक्ष 20 नवंबर 2023 को विनीता देवी को मदन मोहन अग्रवाल इंटर कॉलेज में व 12 दिसंबर को रिक्षा पाण्डेय को आर्य कन्या इंटर कॉलेज में नियुक्ति प्रदान कर दी गई। इन नियुक्ति में विनीता देवी को दिसंबर महीने से वेतन भुगतान कर दिया गया। रिक्षा पांडेय का वेतन आहरित नहीं हुआ है। इससे स्पष्ट है कि प्रकरण मंज डीआइओएस द्वितीय मुन्नीलाल की ओर से शासकीय दायित्वों का निर्वहन नहीं किया गया और लापरवाही बरती गई। जबकि नियुक्ति से पूर्व पैनल का सत्यापन कराया जाना चाहिए था। डीआईओएस द्वितीय की ओर से मामले में एडीजे-16 की कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई थी। शनिवार को मामले की सुनवाई की गई। अधिवक्ता विभोर सचान ने बताया कि तत्कालीन डीआईओएस द्वितीय को कोर्ट ने चार दिन की अग्रिम जमानत दी है, अगली सुनवाई 24 जुलाई को होगी।

### इस तरह गंभीर हुआ मामला

शिक्षक भर्ती घोटाला में उस वक्त के दोनों डीआईओएस आरोपों के घेरे में बने हुए हैं। फर्जी ई-मेल के जरिए भेजा गया शिक्षकों का फर्जी पैनल कई अधिकारियों की टेबल से गुजरा। इनमें उस वक्त के जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. फतेह बहादुर सिंह और तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय मुन्नीलाल प्रमुख हैं। पूरे प्रकरण का खुलासा उस वक्त हुआ जब एक विद्यालय के प्रबंधक की ओर से वेतन भुगतान पर आपत्ति उठाई गई। इसके बाद परत दर परत खुले मामले में यह सामने आया कि फर्जी पैनल में सात में से हुई दो नियुक्तियों में किसी तरह का सत्यापन नहीं कराया गया। बगैर सत्यापन के दोनो ही शिक्षिकाओं की नियुक्ति की गई।

# अगस्त में शुरू होगा 20 एमएलडी प्लांट, अंतिम अनुमति बाकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जाजमऊ टेनरी क्लस्टर की 350 टेनरियों का पानी होगा शोधित
- अभी 9 एमएलडी प्लांट में जा रहा पानी, लाइनें जोड़ने का काम पूरा



जाजमऊ टेनरी क्लस्टर के लिये बना 20 एमएलडी कॉमन इंफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जाजमऊ टेनरी क्लस्टर के लिये बना 20 एमएलडी कॉमन इंफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) जल्द अगस्त के पहले सप्ताह में शुरू हो जायेगा। ट्रीटेड सीवेज को मिक्सिंग टैंक के जोड़ने का काम पूरा हो गया है। जटेटा के अधिकारियों ने जलनिगम को पत्र लिखकर कहा है कि हम प्लांट चलाने के लिये तैयार हैं इसलिये लिखित अनुमति दे दी जाये। अधिकारियों के अनुसार जलनिगम ने एक अगस्त से पहले सारी प्रक्रिया पूरी करने का आश्वासन दिया है। इसके बाद 350 टेनरियों का पानी वाजिदपुर टीटीपी में नहीं जायेगा। जटेटा के अनुसार शुरू में 10 एमएलडी तक पानी ट्रीट होगा। जैसे-जैसे पानी आ जायेगा। प्लांट अपनी पूरी क्षमता से चलना शुरू हो जायेगा।

जाजमऊ में कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) को 454 करोड़ रुपये से बनाया गया है। इसका शिलान्यास पीएम नरेंद्र मोदी ने मार्च 2019 में किया था। अभी टेनरियों का पानी वाजिदपुर 9 एमएलडी टीटीपी में जाता है। अब 20 एलएलडी सीईटीपी शुरू होने के बाद पुराना ट्रीटमेंट प्लांट बंद कर दिया जायेगा और टेनरियों का पानी नये सीईटीपी में भेजा जाने लगेगा। जिले में लगातार टेनरियां बढ़ने के बावजूद उसकी क्षमता नहीं बढ़ाई जा सकी थी। इससे कई बार ओवरफ्लो होकर टेनरी वेस्टेज गंगा में गिरता था। कई बार 15 एमएलडी तक पानी यहां पहुंच जाता था और ओवरफ्लो होता था। इससे निजात के लिए वाजिदपुर में ही नया जटेटा का 20 एमएलडी (मिट्रिक टन डेली) ट्रीटमेंट प्लांट बनाया गया। लेकिन कनेक्शन नहीं होने की वजह से टेनरियों का पानी 20 एमएलडी सीईटीपी तक नहीं पहुंच पा रहा था। अब कनेक्शन होने के बाद इसे चालू करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके चालू होने से गंगा में ओवरफ्लो होकर गंदगी नहीं जाएगी। अस्थायी बंदी के दौरान टेनरियों की मानीटरिंग के लिए मजिस्ट्रेट की निगरानी में जांच होगी।

> 9 एमएलडी ट्रीटमेंट प्लांट की मियाद पूरी हो गई है। सभी टेनरियों को नए ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ दिया गया है। बस पानी को अब डायवर्ट करना है।
>
> – आशुतोष पांडेय- कार्यवाहक क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी, प्रदूषण बोर्ड
>
> हमने सभी बाधाओं को पार कर लिया है। अब जटेटा शोधन संयंत्र चालू करने और प्रदूषित पानी उपलब्ध कराने के लिए जल निगम के अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। जुलाई के अंत में अनुमति मिल जायेगी। हम एक अगस्त से प्लांट शुरू कर देंगे।
>
> – रिजवान नादरी, जटेटा प्रतिनिधि

## एक नजर

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आए दो मवेशी, मौत

**कानपुर।** जाजमऊ के वाजिदपुर में जमीन पर टूटी पड़ी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो मवेशी की मौत हो गई। मवेशियों को चराने जा रहा पशुपालक बाल-बाल बच गया। पीड़ित ने बिजली विभाग की लापरवाही पर मुआवजे की मांग की। जाजमऊ के ताड़बगिया निवासी पुत्तीलाल पशुपालक हैं। बताया कि वह मवेशियों को चराने के लिए वाजिदपुर में गंगा नदी की ओर जा रहे थे, जहां हाईटेंशन लाइन का टूटा तार पड़ा हुआ था। जिसकी चपेट में आने से करीब दो लाख कीमत के दो मवेशी चपेट में आ गए। वाजिदपुर सब स्टेशन के अवर अभियंता ने बताया कि मौके का निरीक्षण किया गया था। जांच में सामने आया कि यहां लगे बिजली के पोल को रगड़ मारते हुए मवेशी निकले, जिससे चालू लाइन के तार टूट कर जमीन पर गिर गए।

### अधिवक्ता पर फायरिंग अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट

**कानपुर।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में शुक्रवार रात अधिवक्ता पर किए गए जानलेवा हमले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया कि देर रात हर्ष नगर निवासी अधिवक्ता अश्वेंद्र सोनकर के घर के बाहर बाइक सवार दो युवकों ने तमंचे से फायरिंग की थी। अधिवक्ता का कहना है कि फायरिंग के दौरान वह घर पर थे। तहरीर के आधार पर बाइक सवार अज्ञात युवकों के खिलाफ जानलेवा हमले की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है।

### शराब ठेके के पास मिला युवक का शव

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र में शराब ठेके के पास युवक बेसुध हालत में पड़ा मिला। पुलिस ने उसे कल्याणपुर सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मूलरूप से बस्ती, बेरता परशुरामपुर निवासी रामसूरत ने बताया कि वह परिवार के साथ करीब डेढ़ माह पहले पनकी कांशीराम कॉलोनी में रहने आया था। बड़े भाई रामनाथ (40) शराब के लती थे। शुक्रवार सुबह वह घर से निकले थे। दोपहर को पनकी पुलिस ने कपली स्थित शराब ठेके के पास बेसुध पड़े होने की सूचना देकर उन्हें कल्याणपुर सीएचसी में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



जानकारी देते प्राचार्या प्रो. संजय काला, डॉ. राहुल महादर व डॉ. जीडी यादव।

# नवजात से लेकर बुजुर्ग, किसी को भी हो सकती हार्निया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शहरी आबादी में 40 प्रतिशत लोग बीमारी से हैं ग्रस्त

**अमृत विचार।** नवजात से लेकर बुजुर्ग तक किसी को भी हार्निया की समस्या हो सकती हैं। सबसे अधिक यह समस्या मोटे या अधिक वजन वाले और जिनकी पेट की सर्जरी हुई हो, उनमे देखी जाती है। आज के आधुनिक युग में आबादी के हिसाब से 40 प्रतिशत लोग छोटी व बड़ी हार्निया से ग्रस्त हैं, जो 19 प्रकार की होती है। यह समस्या चेस्ट के नीचे पेट में, नाभी, नाभी के निचले हिस्से, ग्रोइन क्षेत्रों (पेट और जांघ के बीच के भाग) यहां तक ब्रेन व स्पाइन तक में हो सकती है। यह जानकारी मुंबई से आए डॉ.राहुल महादर ने दी।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के सभागार में शनिवार को दो दिवसीय अत्याधुनिक कार्यशाला का समापन हुआ, जिसमे हार्निया के विशेषज्ञों ने इलाज की नई विधियों के बारे में अवगत कराया। हैलट के सर्जरी विभाग में 11 हार्निया के मरीजों की हुई सर्जरी का लाइव प्रसारण जीएसवीएम के सभागार में दिखाकर फेशियोटेंस व ई-टेप विधि की तकनीक और फायदे बताएं। डॉ.राहुल महादर ने बताया कि मॉर्डन लाइफस्टाइल में लोग एल्कोहल, तंबाकू व गुटखा का सेवन अधिक मात्रा में करते हैं, जिसकी वजह से पेट की मांसपेशियां कामजोर होने लगती हैं। अधिक फास्ट फूड के सेवन और मोटापा की वजह से भी हार्निया की समस्या होती है। इन वजहों से मांसपेशियों का स्नाइयू कमजोर होने लगता है और अंदर के अंग बाहर की ओर निकलने लगते हैं, जिसे हार्निया कहते हैं। अब फेशियोटेंस व ई-टेप विधि से 12 सेंटीमीटर से भी अधिक बड़ी हार्निया की सर्जरी आसानी से की जा सकती है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला, सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.जीडी यादव, डॉ.श्रद्धा वर्मा, बीएचयू से डॉ.राहुल खन्ना, प्रयागराज से डॉ.शबी अहमद व डॉ.पुनीत पुरी समेत आदि विशेषज्ञ मौजूद रहे।

### प्रमुख लक्षण

हार्निया में पुरुषों को दर्द सहित या दर्द रहित, प्रभावित हिस्से का उभरना, मल-मूत्र त्याग में समस्या, कमर व शरीर के अन्य भाग में सूजन, भारीपन महसूस होना, ज्यादा समय तक खड़े रहने में परेशानी, बार-बार उल्टी होना, पेट साफ ना होना, मल के साथ खून आना, सीने में दर्द रहना आदि लक्षण शामिल हैं।

### हार्निया के मुख्य कारण

सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.जीडी यादव ने बताया कि मांसपेशियों की कमजोरी हार्निया की मुख्य वजह है। मांसपेशियां कमजोर होने की मुख्य वजह पेट में चोट लगने, गर्भावस्था, मोटापा, उम्र बढ़ना, ज्यादा वजन उठाना, लंबे समय तक खांसी आना, पेट में तरल पदार्थ जमा हो जाना, पालीसिस्टिक ओवरी डिजीज, जन्म के दौरान शिशु का वजन कम होना, धूम्रपान, सर्जरी के दौरान जटिलता होना, कब्ज, लगातार छींक आना आदि।

# जयपुर वाले दलाल ने भेजा है मेरा काम कर दो साहब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आरटीओ में जयपुर से आया वाहन स्वामी

**अमृत विचार।** कुछ दिनों पहले ही ट्रांसफर होकर कानपुर आये सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आलोक कुमार ने शनिवार को जयपुर से एक दलाल के मार्फत आये वाहन स्वामी का काम तो कर दिया लेकिन वाहन स्वामी को फटकार लगाई।

शनिवार को दोपहर 12 बजे जयपुर से दो लोग कानपुर के आरटीओ पहुंचे और जयपुर के एक शख्स का नाम लेते हुए बताया कि दलाल ने उन्हें आपके पास भेजा है।

> यदि आपको संभागीय परिवहन कार्यालय में कोई भी काम है तो किसी के चक्कर में नहीं पड़ें, यदि आपका काम वैधानिक होगा तो कोई उसे रोक नहीं सकता। किसी भी प्रकार की समस्या पर हमसे संपर्क करें।
>
> –आलोक कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन

एआरटीओ आलोक कुमार अभी पिछले दिनों ही आए हैं इसलिये वह जयपुर के दलाल को नहीं जानते थे। उन्होंने अपने को वाहन स्वामी बताने वाले शख्स को फटकार लगाई और कहा कि काम बताओ, किसी का नाम नहीं लेकिन वह बार बार एआरटीओ को इशारा देता रहा कि वह जयपुर से किसके मार्फत आया है। एआरटीओ ने फटकार लगाते हुए अपने मातहत को बुलाकर कहा कि जो भी वैध काम हो, कर दो। एआरटीओ ने उसे नसीहत दी कि यदि किसी का नाम लेकर आओगे तो कोई काम नहीं करेंगे। दरअसल देशभर के दलाल एक दूसरे से जुड़े हुए हैं, जिस जिले का काम होता है, एक दूसरे को ट्रांसफर कर देते हैं।

## क्रॉसिंग का गेट टूटा, दो घंटा परेशान रहे राहगीर

**कानपुर।** मंधना क्रॉसिंग पर इमरजेंसी स्लाइडर लगाकर शनिवार को ट्रेनें निकाली गईं। दो घंटा वाहन चालक परेशान रहे। जाम की स्थिति बनी रही।

टूटे गेट के कारण ट्रेनों के निकलने में दिक्कत आई तो इमरजेंसी स्लाइडर लगाकर ट्रेनों को निकाला गया। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार शनिवार सुबह 10 बजे ट्रैक्टर-ट्राली में शव ले जाया जा रहा था। उस पर परिजन भी सवार थे। ट्रैक्टर-ट्राली मंधना क्रॉसिंग से निकलने वाली थी, गेटमैन ने अचानक फाटक बंद कर दिया। ट्रैक्टर गेट पर आधा फंसने से उस पर सवार लोग चिल्लाने लगे। परिजनों ने गेट को उठाकर ट्रैक्टर को पीछे कराया, तभी एक गेट टूट गया। इसी बीच 10.20 बजे कासगंज पैसेंजर और छपरा एक्सप्रेस के निकलने का समय हो गया। इमरजेंसी स्लाइडर लगाकर ट्रेनों को निकाला गया। सूचना पर पहुंचे रेलवे कर्मियों ने गेट को ठीक किया, इसी बीच करीब दो घंटे तक बड़े वाहन खड़े रहे।




समारोह में मौजूद रोटरी के नए सदस्य। अमृत विचार

# राजीव अग्रवाल बने रोटरी क्लब आफ कानपुर के अध्यक्ष

- रोटरी क्लब ऑफ कानपुर की नई कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण समारोह हुआ

**कानपुर।** रोटरी क्लब ऑफ कानपुर की नयी टीम का पद ग्रहण समारोह शनिवार को आयोजित हुआ। 82वें अधिष्ठापन समारोह में अध्यक्ष को कॉलर पहनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान समाज सेवा का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अवनीश अवस्थी मोजूद रहे। इसी तरह विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडलाअध्यक्ष रो नीरव निमेष अग्रवाल मोजूद रहे। समारोह के दौरान वर्ष 2023-24 के निर्वतमान अध्यक्ष येपीएन जैन ने निर्वाचित अध्यक्ष रो राजीव अग्रवाल को कॉलर पहनाया। इसी प्रकार निर्वतमान सचिव रो श्याम मेहरोत्रा ने निर्वाचित सचिव रो दीपक अग्रवाल को निर्वतमान कोषाध्यक्ष रो जिम्मी भाटिया ने निर्वाचित कोषाध्यक्ष रो रिषभ ओमर को कार्यभार सौंपा।

कार्यक्रम में अध्यक्ष रो राजीव अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष हम लोगो का प्रयास भूखे को भोजन, प्यासे को पानी, क्लीन सिटी-ग्रीन सिटी और स्मार्ट सिटी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जन जागरूकता आदि है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष रो सुशील चक ने किया। समारोह में रूफी वकी, मुकुल टण्डन, अनुराग कपूर, सुधीर मेहरोत्रा, गौरव तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# अब डिग्री कॉलेजों में भी लगाए जाएंगे रोजगार मेले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **04** रोजगार मेले हर महीने विभाग में लगते हैं
- **15** फीसदी रोजगार इन मेलों में हासिल होता है
- **02** रोजगार मेले हर महीने डिग्री कॉलेज में प्रस्तावित
- **08** सेक्टर की निजी कंपनियां सबसे पहले पहुंचेंगी

- अगस्त से शुरुआत, महिला कॉलेजों को प्राथमिकिता

**अमृत विचार।** शहर के डिग्री कॉलेजों में भी अब रोजगार मेले लगाए जाएंगे। इन मेलों की शुरुआत अगस्त महीने से होगी। इन रोजगार मेलों में कॉलेज के आस-पास के युवा भी प्रतिभाग कर सकेंगे। रोजगार मेलों में महिला डिग्री कॉलेजों को प्राथमिकता दी जाएगी।

सेवायोजन विभाग में महीने में चार रोजगार मेले लगते हैं। अब इन मेलों का विस्तार करते हुए इन्हें डिग्री कॉलेजों में लगाए जाने की तैयारी हो रही है। इसके लिए संस्थान की ओर से डिग्री कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ बातचीत भी हुई थी। कॉलेजों की लिखित अनुमति का इंतजार है। उम्मीद है कि अगस्त के दूसरे सप्ताह से कॉलेजों में रोजगार मेले लगने शुरू हो जाएंगे। सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि कॉलेजों की अनुमति मिलते ही मेले लगाए जाएंगे। कॉलेजों के युवा अपने कॉलेजों में ही मेलों के लिए आवेदन कर सकेंगे। मेले के दिन इन सभी आवेदनों को रोजगार पोर्टल पर अपडेट कर दिया जाएगा। इस तरह से युवाओं के आवेदनों के साथ ही उनका पोर्टल पर पंजीयन भी आसानी से हो सकेगा।

## सार-संक्षेप

### शहर निर्यातकों का गढ़, 9 हजार करोड़ का व्यापार

**कानपुर।** मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश की एक्सपोर्ट-इंपोर्ट कमेटी की ओर से एक्सपोर्ट डॉक्यूमेंटेशन पर शनिवार को एक कार्यशाला आयोजित हुई। इस कार्यशाला में निर्यातकों व उद्यमियों को अभिलेख संबंधी बारीकियों से परिचय कराया गया। पंजाब नेशनल बैंक के जनरल मैनेजर अजय कुमार सिंह ने कहा कि कानपुर उद्योगों, निर्यात-निर्यातकों एवं उत्पादनकर्ताओं का एक गढ़ है। वर्तमान में कानपुर से लगभग 9 हजार करोड़ का व्यापार होता है। जिसे बढ़ाने का प्रयास होता रहना चाहिए। पीएनबी के एजीएम गौरव पंत ने बैंक की ओर से निर्यातकों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया। आरबीआई की ओर से गोल्ड कार्ड योजना निर्यातकों के लिए लागू की गयी है। जो संस्थान लगातार 3 साल से उच्च स्तर के प्रॉफिट में है, वह इसका लाभ ले सकते है। कार्यक्रम में पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। संचालक सीए शरद शाह एवं विशाल पांडे थे। इस पैनल में पीएनबी डीजीएफटी राजीव कुमार कुमार सैनी, जॉइंट डायरेक्टर डीजीएफटी धनंजय झा सहित अन्य अधिकारी भी शामिल हुए। कार्यशाला के दौरान प्रश्नोत्तरी सत्र भी आयोजित हुआ।

### वाटर लाइन में लीकेज, प्रमुख सचिव ने मांगा स्पष्टीकरण

**कानपुर।** प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव व जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने शनिवार जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल कार्यक्रम में विकास खंड बिधनू के ग्राम पंचायत मगरासा में निर्माणाधीन पेयजल योजना का निरीक्षण किया। इस योजना से ग्राम पंचायत मगरासा के तीन राजस्व गांव मगरासा, रौतरा व जहानपुर को जलापूर्ति होनी है। वाटर लाइन में लीकेज की समस्या पर अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव ने पानी की टंकी, पंप हाउस, सोलर पैनेल का निरीक्षण किया। प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि ओवरहेड टैंक 648 घर को जल संयोजन उपलब्ध कराए गए हैं। प्रमुख सचिव ने ग्राम प्रधान व गांववालों से जलापूर्ति की जानकरी ली।

### कुत्ता बांधने को लेकर विवाद, फायरिंग

**कानपुर।** गुजैनी थानाक्षेत्र के तात्याटोपे नगर में देर रात फायरिंग की घटना से हड़कंप मच गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि कुत्ता बांधने की बात पर पड़ोसी उनसे विवाद रखता था, जिस कारण पथराव कर फायरिंग की गई। तात्याटोपे नगर निवासी शिशुपाल सिंह ने बताया कि कुछ माह पहले पड़ोसी के कुत्ते ने उनके बेटे रिदम को काट लिया था। पड़ोसी से शिकायत करने के बाद से वह उनसे खुन्नस रखता था। शुक्रवार देर रात को जब वह घर के अंदर थे तो पड़ोसी और उसके साथियों ने गाली गलौज करते हुए पथराव किया। इस बीच एक युवक ने तमंचे से हवाई फायर भी किया।

### हुसैन की शहादत के मकसद को समझें -शहरकाजी

**कानपुर।** हजरत इमाम हुसैन की शहादत में वह कौन सी खास बात है जिसकी वजह से लगभग 1400 साल गुजर जाने के बाद भी हर साल उनका गम ताजा हो जाता है। पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन ने अपने परिजनों के साथ इतनी बड़ी शहादत किस वजह से दी, उसको समझने की जरूरत है। ये बात शहरकाजी मुफ्ती मौलाना मोहम्मद साकिब अदीब मिस्बाही ने कही। शनिवार को मदरसा रज्जाकिया बासमंडी में आयोजित जलसे में शहरकाजी ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने इंसानियत और हक के लिए यजीद से समझौता करने के बजाय शहादत को गले लगाना ज्यादा मुनासिब समझा। हजरत इमाम हुसैन ने अपनी शहादत देकर लोगों को ये पैगाम दिया कि जुल्म करने वालों से कभी समझौता नहीं करना। शहरकाजी ने कहा कि एक बेगुनाह इंसान का कत्ल सारी इंसानियत का कत्ल है। इस अवसर पर मौलाना मोहम्मद हस्सान कादरी ने हजरत उमर के दौर का वाक्या पेश करके उनके बताये रास्ते पर चलने का आह्वान किया।

### मीट की दुकान के विरोध पर पार्षद से मारपीट

**कानपुर।** जूही सफेद कॉलोनी में मीट का दुकान खोलने का विरोध करने पहुंचे वार्ड 38 के पार्षद संग संचालक ने मारपीट कर दी। इसके बाद सैकड़ों बजरंगदल कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। वार्ड 38 पार्षद हरी स्वरूप तिवारी ने बताया कि सफेद कॉलोनी में लोहे वाली पार्क के पास दो दिन पूर्व दो मीट की दुकानें खुली थी। जिस कारण लोगों का निकलना दूभर हो गया। क्षेत्रीय लोगों की शिकायत पर शनिवार शाम वह विरोध दर्ज कराने पहुंचे तो दुकान संचालक ने उनके साथ मारपीट कर दी। सूचना पर बजरंगदल कार्यकर्ता पहुंचे और नारेबाजी शुरू कर दी। किदवई नगर पुलिस ने उन्हें शांत कराया।

# संचारी व दस्तक अभियान में सीएमओ को मिलीं कमियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान का संचालन होने के बाद भी बीमारियां लोगों पर हावी हो रही हैं। हैलट, उर्सला केपीएम, कांशीराम संयुक्त अस्पताल और सीएचसी में मरीजों की भीड़ हो रही है। यह देखते हुए जब शनिवार को अभियान की हकीकत जानने सीएमओ मंधना के कुछ गांव पहुंचे तो स्वास्थ्य कर्मियों और आशा कार्यकर्ताओं की पोल खुली। उन्होंने कमियों को दूर करने के साथ जिम्मेदारी से अभियान में सहयोग का निर्देश दिया।

रामादेवी स्थित कांशीराम संयुक्त चिकित्सालय एवं ट्रामा सेंटर से एक जुलाई को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जिले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान की शुरुआत की थी। साथ ही अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ ही सहयोगी 12 विभागों को भी अपनी जिम्मेदारी का पूर्ण रूप से निर्वाहन करने के निर्देश दिए थे। जिले में अभियान चलने के बावजूद अस्पतालों में संक्रामक रोगों के मरीजों की संख्या बढ़ना सीएमओ डॉ.आलोक रंजन के गले नहीं उतरी तो शनिवार को वह जिला मलेरिया अधिकारी एके सिंह व टीम के साथ मंधना पहुंचे, यहां पर उन्होंने बहलोलपुर गांव में ग्रामीणों से वार्ता की और अभियान के संबंध में जानकारी ली। इस पर उन्हें अच्छा फीड बैक नहीं मिला।

### मिलें डेंगू के लार्वा

टीम ने फूलबाग, खपरा मोहाल, परमट, तिवारीपुर, जूही कला, बीएसए कार्यालय के पास, जूही बंबुरिया, केडीए कॉलोनी, समेत 1334 घरों में सर्वे किया, देहली सुजानपुर, फूलबाग मलिन बस्ती, खपरा मोहाल, राम चंद्र की मढैया में और जूही बंबुरिया में डेंगू का लार्वा मिला।

## गुरु की महिमा

साईं भजनों पर जमकर झूमे भक्त, गैंजेस क्लब में हुई साईंकथा

# साईंनाथ गुरु-सद्गुरू नहीं, समर्थ सद्गुरू हैं



साईंनाथ के भजनों ने भक्त आनंदित हुए। अमृत विचार



कथा सुनाते शुभ्रम बहल। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गैंजेस क्लब में दो दिवसीय साईं कथा में कथावाचक शुभ्रम बहल ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। साईं भजनों पर भक्त जमकर झूमें। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर साईंकथा का आयोजन हो रहा है।

गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में वासुदेव साईं विश्व सेवा संस्थान की ओर से गैंजेस क्लब में शनिवार को दो दिवसीय साईंकथा शुरू हुई। कथा वाचक शुभ्रम बहल ने साईंकथा के बाद श्रद्धालुओं को साईं भजनों से आनंदित किया। कथा वाचक ने कथा प्रसंग में कहा कि शिरडी के साईंनाथ मात्र गुरु व सद्गुरु नहीं समर्थ सद्गुरु हैं, जो शरणागत की पुकार पर दौड़े आते हैं।

भक्तों की सारे कष्ट क्षणभर में दूर कर देते हैं। उन्होंने कहा कि धर्मस्थल जाने की नहीं घर को धर्म स्थल बनाने की जरूरत है। मौजूदा समय में धार्मिक स्थलों पर जाने की होड़ लगी है। लोग घर को युद्ध स्थल बना रहे हैं और स्वयं धर्म स्थल भाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस घर में अखंडता, एकता व प्रेम का निवास रहता है। वह घर ही मंदिर बन जाता है। इसके बाद साईं भजन पर भक्त झूमने लगे।

कथा संस्थान की सचिव संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार को गुरु पूर्णिमा के दिन भी कथा होगी। इस मौके पर विनोद बहल, रोहित कौशल, योगेश खन्ना, आशीष शर्मा, सोनिया अरोड़ा, मंजू बागला, दीपा वातवानी आदि रहीं।



एचबीटीयू में पौधे लगाते सीडीओ सुधीर कुमार। अमृत विचार



पौधे लगाते राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार



जिलाधिकारी ने भी पौधा लगाया। अमृत विचार

# पौधे लगाकर धरा का करें श्रृंगार, आक्सीजन मिलेगी अपार

## एचबीटीयू में पौधरोपण कर राज्यमंत्री ने किया एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत, शहर में रोपे गए हजारों पौधे

अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत शनिवार एचबीटीयू वेस्ट कैंपस में एक पौध लगाकर राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव ने की। राज्यमंत्री ने कहा गर्मी और आक्सीजन कमी से निपटने के लिए एक पौध लगाकर धरा का श्रृंगार करना होगा। जिससे अपार आक्सीजन और गर्मी से राहत मिले।

राज्यमंत्री व्यावसायिक शिक्षा कपिल देव अग्रवाल व प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव ने जनप्रतिनिधियों के साथ एचबीटीयू परिसर में पौधरोपण किया। राज्यमत्री ने कहा कि जिले में लगभग 44 लाख पौधे विभागों की ओर से रोपित किए जाने हैं। एक पेड़ अपनी मां के नाम जरूर लगाएं। विधायक नीलिमा कटियार प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी दिव्या, जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह सांसद रमेश अवस्थी, देवेंद्र सिंह भोले, महापौर प्रमिला पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, विधायक सरोज कुरील, विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई, मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा प्रकाश पाल, जिलाध्यक्ष उत्तर भाजपा दीपू पांडेय, जिलाध्यक्ष दक्षिण भाजपा शिवराम आदि रहे।



सीएसजेएमयू में कुलपति प्रो. विनय पाठक की देखरेख में लगाए गए पौधे। अमृत विचार

### सीएसजेएमयू में शिक्षकों ने लगाए पौधे

■ सीएसजेएमयू में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया गया। विवि परिसर में अधिकारी, शिक्षक कर्मचारी, छात्र-छात्राओं ने उत्साह से पौध रोपण किया। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, डॉ. वंदना पाठक, प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, डॉ. अनिल कुमार यादव ने स्वंयसेवी संगठनों के साथ मातृ वाटिका में पौधरोपित किया। इस मौके पर ब्रह्माकुमारी, गायत्री परिवार, रोटरी क्लब कानपुर शौर्य, इस्कॉन, आर्ट ऑफ लिविंग के प्रतिनिधि रहे।

### मोहम्मद अली पार्क में अभियान, एक पौधा मां के नाम

■ **कानपुर**। चमनगंज स्थित मोहम्मद अली पार्क में पार्षद शिब्बू अंसारी के नेतृत्व में पौधरोपण अभियान आरंभ करते हुए लोगों का आह्वान किया गया कि एक पौधा जरूर लगाएं और उसकी देखभाल भी करें। बिना हरियाली के धरती बचेगी नहीं। इस अवसर पर चमनगंज थाना प्रभारी हमीद सिद्दीकी, तकिया पार्क चौकी इंचार्ज चंदन त्रिपाठी, उमा सिंह, मोहम्मद आरिफ, हेड कांस्टेबिल साजिद खान,आर्दश, साजिद, कांग्रेस नेता सद्दाम, मोहम्मद इसरार आदि मौजूद रहे।



पौधे लगाते उद्यमी और कारोबारी। अमृत विचार

### मंडलायुक्त ने किया पौधरोपण

**कानपुर**। प्रोविंशियल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की ओर से शनिवार को पौधरोपण किया गया। जिसका शुभारंभ मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने पीआईए पार्क पनकी साइट दो में किया। 36000 हजार वर्ग मीटर में फैले इस पार्क में 50000 पौधे लगाए जा चुके हैं। पौधरोपण अभियान में प्रांतीय अध्यक्ष मनोज बंका, संस्थापक अध्यक्ष सुनील गुप्ता, बृजेश अवस्थी, संयुक्त आयुक्त उद्योग सुनील कुमार सिंह, उपयुक्त उद्योग सुधीर श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त उद्योग एसपी यादव मौजूद रहे।



श्री गोबिन्द सिंह जी स्टेडियम नवीन नगर में पौधरोपण के बाद छात्राओं को सम्मानित किया गया।

### गुरु नानक गर्ल्स कालेज की छात्राओं को सम्मान

अमृत विचार। गुरु नानक गर्ल्स कालेज की छात्राओं ने श्री गोबिंद सिंह जी स्टेडियम नवीन नगर, काकादेव में पौधरोपण किया। कालेज के सचिव सरदार अमरजीत सिंह पम्मी, रजत सिंह तलवार एवं प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. दीप्ति सुनेजा ने पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अमरजीत सिंह पम्मी एवं रजत सिंह तलवार ने छात्राओं को ईको हीरोज के टाइटल का सर्टिफिकेट देकर उनका सम्मान किया। डॉ. मनप्रीत सिंह, सरदार नीतू सिंह, आतमजीत सिंह, पिंकी, प्रीतपाल सिंह, सतनाम सिंह सूरी, सोनिया खन्ना आदि रहे।

## सार-संक्षेप



पनेशिया अस्पताल में पौधे लगाते डॉ. विकास शुक्ला। अमृत विचार

### कम से कम 10 पौधे जरूर लगाएं

**कानपुर**। काकादेव थाने में द पनेशिया हॉस्पिटल काकादेव के संस्थापक डॉ. विकास शुक्ला और चौकी इंचार्ज राहुल शुक्ला ने पौधे रोपे। डॉ. विकास ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 10 पौधा जरूर लगाना चाहिए। इससे पर्यावरण ठीक रहने के साथ हमें गर्मी से राहत और भरपूर आक्सीजन मिलती है।



पुलिस कमिश्नर ने भी पौधा लगाया। अमृत विचार

### पुलिस लाइन में किया पौधरोपण

पुलिस लाइन में स्थित ग्राउंड में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।आयोजन में महापौर प्रमिला पांडेय, सांसद रमेश अवस्थी, पुलिस आयुक्त अखिल कुमार, अपर पुलिस आयुक्त अपराध/मुख्यालय विपिन कुमार मिश्रा, एडिशनल सीपी हरिश चन्दर मौजूद रहे। आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर व कार्यालय में कार्यरत समस्त पुलिसजनों ने जोनल कैंप परिसर में वृक्षारोपण किया।



मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न दिया गया। अमृत विचार

### नवनिर्मित हाल का हुआ लोकार्पण

**कानपुर**। बार एसोसिएशन द्वारा निर्मित कराए गए बाबू रवींद्र नाथ श्रीवास्तव अधिवक्ता हाल का लोकार्पण शनिवार को संघ लोक सेवा आयोग प्रयागराज के सदस्य डॉ हरेश प्रताप सिंह ने किया। हाल का निर्माण वर्ष 2001 में शुरू कराया गया था, जिसका जीर्णोद्धार काफी दिनों से अधर में था। जिसमें करौली शंकर महादेव फाउंडेशन के सहयोग से छत, फर्श, पिलर व रंगरोगन करवा कर नवीनीकरण करवाया गया। कार्यक्रम में अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले, करौली शंकर महादेव फाउंडेशन के अध्यक्ष आयुर्वेंद्र सिंह मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष सुरेश सिंह चौहान, पूर्व महामंत्री भानुप्रताप सिंह, कपिलदीप सचान, योगेंद्र अवस्थी, शशिकांत पांडेय, विनय कुमार मिश्रा मौजूद रहे।

# बदले मार्ग से गुजरेंगी 30 ट्रेनें

**कानपुर**। प्रयागराज स्टेशन पर ट्रैक सुधार के काम के कारण 30 ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाया जाएगा।

रेलवे जनसंपर्क अधिकारी रागिनी सिंह के अनुसार वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से कोलकाता तक चलने वाली साप्ताहिक ट्रेन गोविंदपुरी के बजाय अब वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से मानिकपुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते नौ अगस्त को चलेगी। अजमेर से राजेंद्रनगर-पटना साप्ताहिक भी इसी रास्ते से 26 जुलाई व नौ अगस्त को चलेगी। बीकानेर-कोलकाता साप्ताहिक का भी यही रूट 25 जुलाई व आठ अगस्त को रहेगा। कानपुर सेंट्रल से लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक का परिचालन 24 जुलाई व नौ अगस्त को भीमसेन-खैरार-ओहन-सतना के रास्ते होगा। लोकमान्य तिलक टर्मिनस-कानपुर सेंट्रल साप्ताहिक सतना-ओहन-खैरार-भीमसेन के रास्ते 20 जुलाई व 10 अगस्त को चलेगी। आनंद विहार टर्मिनल-पुरी ट्रेन कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के स्थान पर कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते चलेगी।

# हमला करने वालों पर राष्ट्रद्रोह लगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● जौहर फैन्स एसोसिएशन ने दिया ज्ञापन

**अमृत विचार**। एमएमए जौहर फैन्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हयात जफर हाशमी की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। महाराष्ट्र के विशालगढ में एक धर्मस्थल पर हमला करने वालों पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि इस प्रकार के हमले करके कुछ शरारतीतत्व देश का माहौल खराब करने के साथ ही मुल्क को नफरत की आग में झोंकना चाहते हैं। आरोप लगाया गया है कि वहां इंदिरा आवास योजना के तहत आवंटित आवासों में रहने वाले एक विशेष समुदाय के परिवारों को जान से मारने की कोशिश की गई। जो निंदनीय है। हमलावरों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत भी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में सैय्यद नजमुस्साकिब नजम एडवोकेट, रेहान चौधरी एडवोकेट, मोहम्मद ईशान, रिजवान हुसैन, हामिद खान, जितेन्द्र सिंह, पिंटू यादव, तौफीक नवाब प्रमुख रहे।



एमएमए जौहर फैन्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हयात जफर ज्ञापन सौंपते हुए। अमृत विचार

नाराजगी

## पर्सनल लॉ बोर्ड ने दी खुली चेतावनी, देशभर के मुस्लिम संगठनों ने शुरू की मोर्चेबंदी

# राज्य सरकार मदरसों से खिलवाड़ करने से बाज आए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमाअते इस्लामी हिंद, जमीअत उलमा हिंद, जमीअत अहले हदीस समेत कई संगठनों ने खुली चुनौती देते हुए संयुक्त बयान में कहा है कि मदरसों की शिनाख्त खत्म करने की कोशिश को कभी कामयाब नहीं होने देंगे। राज्य सरकार मदरसों से खिलवाड़ करने से बाज आए।

शनिवार को नई दिल्ली से ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, मुसलमानों की दीनी और मिल्ली तंजीमों और दीनी मदरसों के जिम्मेदारों ने संयुक्त बयान जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि एक साजिश के तहत मदरसों के प्रारूप और पहचान को खत्म करने, उन्हें बंद करने, उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिशों की निंदा करते हैं। नेशनल कमीशन फार प्रोटेक्शन आफ चाइल्ड राइट्स की ओर से दीनी मदरसों के बारे में राज्य सरकारों को दिया जाने वाला निर्देश सरासर गलत, गैरकानूनी है।

राज्य सरकार गैरकानूनी, अनैतिक और अत्याचारपूर्ण कोशिशों से बाज आए। राज्य सरकारों की इस अल्पसंख्यक विरोधी पालिसी को बदलवाने के लिए सभी संभव कानूनी और लोकतांत्रिक रास्ते अपनाए जाएंगे। बयान में कहा गया है कि उत्तरप्रदेश के चीफ सेक्रेटरी की ओर से मदरसों का सर्वे करके जिला स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अस्वीकृत मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूलों में शिफ्ट कर दिया जाये। 8449 अस्वीकृत मदरसों की सूची भी प्रकाशित की गई है, जिसमें दारुल-उलूम देवबंद, दारुल-उलूम नदवतुल उलमा, मजाहिरुल-उलूम सहारनपुर, जामिया सलफिया, बनारस, जामिया अशरफिया, मुबारकपुर, जैसे बड़े और पुराने मदरसे शामिल हैं।

जिलाधिकारी की ओर से दबाव डाला जा रहा है कि उनमें पढ़ रहे बच्चों को सरकारी स्कूलों में शिफ्ट कर दिया जाए। कहा गया है कि चीफ सेक्रेटरी का यह सर्कुलर और जिलास्तर के अधिकारियों का दबाव गलत और गैरकानूनी है। जिला प्रशासन ने इन मदरसों में पढ़ रहे गैर मुस्लिम छात्रों को निकाल कर सरकारी स्कूलों में शिफ्ट कर दिया है। यह भी गलत और उनके निजी अधिकारों पर हमला है। अब मुस्लिम छात्रों पर भी दबाव बनाया जा रहा है कि वे आरटीई एक्ट के मुताबिक बेसिक तालीम हासिल करें।

मदरसा प्रशासन को धमकी दी जा रही है कि ऐसा न करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह मध्य प्रदेश सरकार एक कदम आगे बढ़कर मदरसों के बच्चों को रोजाना हाथ जोड़ कर सरस्वती वंदना पढ़ने पर मजबूर कर रही है।

संविधान की धारा 30 (1) के तहत अल्पसंख्यकों को अपनी शिक्षा संस्थाएं कायम करने और उनको चलाने का मौलिक अधिकार प्राप्त है। कहा गया है कि यूपी के चीफ सेक्रेटरी की यह अचानक और एकतरफा कार्रवाई मदरसों के पुराने और मजबूत निजाम (व्यवस्था) में बिगाड़ पैदा करने की कोशिश है।

### पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीअत, जमाअते इस्लामी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के हस्ताक्षर

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के द्वारा जारी इस संयुक्त बयान में बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी, महामंत्री मौलाना मोहम्मद फजलुर्रहीम मुजद्दिदी, बोर्ड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मौलाना डॉ. सैयद मोहम्मद अली नकवी एवं सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी, बोर्ड के सचिव मौलाना मोहम्मद अमरीन महफूज रहमानी एवं सचिव मौलाना सैयद अहमद वली फैसल रहमानी (अमीर शरीयत बिहार, उड़ीसा, झारखंड) के हस्ताक्षर हैं। इसके अलावा जमीअत उलमा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना सैयद अरशद मदनी, जमीअत उलमा हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना सैयद महमूद मदनी, जमीअत अहले हदीस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मौलाना असगर अली इमाम मेंहदी, मदरसा नदवतुल उलूम लखनऊ के संयोजक मौलाना सैयद बिलाल अब्दुल हई हसनी, मदरसा दारुल उलूम देवबंद के प्रमुख मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी, जामिया सलफिया वाराणसी के महामंत्री मौलाना अब्दुल्लाह सऊद सलफी, मौलाना मुहम्मद इदरीस बस्तवी, नायब नाज़िम जामिआ अशरफिया, मुबारकपुर आदि के भी हस्ताक्षर हैं।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥



अत्यन्त विकल हृदय के साथ सूचित करना हैं कि हमारी पूज्यनीय माता जी श्रीमती रामबेटी गुप्ता धर्मपत्नी स्व० श्री राम कृष्ण गुप्ता का स्वर्गवास दिनाँक 09 जुलाई 2024 की शाम को हो गया था। ईश्वर की ऐसी ही इच्छा थी, उनकी पुण्य आत्मा की शांति एवं गृह शुद्धी हेतु "त्रयोदशी पूजन" तदपश्चात "भोजन प्रसाद" दिन सोमवार, दिनाँक 22 जुलाई 2024 को दोपहर 2 बजे से "शिवम पैलेस" एल सेक्टर, आवास विकास, कल्याणपुर, कानपुर में आयोजित किया गया है।।

सादर- शोकाकुल वैश्य परिवार🙏

अनुज (नवासा), डा० प्रांजुल (पौत्र)

पुत्रगण- रामचन्द्र, देवेन्द्र, जितेन्द्र एवं आदित्य गुप्ता एडवोकेट, 9919524030

# जब पौधे होंगे तैयार, तभी जीवन में आएगी बहार

## बिल्हौर-घाटमपुर क्षेत्र में एक पौधा मां के नाम लगाने को लेकर हर तरफ दिखा उत्साह, पौधरोपण के साथ ही वृक्षों के संरक्षण पर दिया गया जोर

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** बिल्हौर क्षेत्र में पौधरोपण को लेकर खासा उत्साह दिखा। पौधरोपण के साथ ही उनके संरक्षण पर जोर दिया गया और कहा गया कि जब पौधे तैयार होंगे, तभी मानव जीवन के खतरे टलेंगे।

औरंगपुर सांभी स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रमन सिंह व प्रधानाचार्य मयंक मिश्रा ने बच्चों के साथ पौधरोपण किया। यहां वीडीओ प्रशांत बाजपेई और आईटीआई के शिक्षक मौजूद रहे। नगर पालिका के ईओ अंजनि मिश्रा व चेयरमैन इखलाख खान के नेतृत्व में कई जगहों पर पौरोपण ॉकिया गया। ककवन क्षेत्र के गढ़ेवा गांव में ग्राम पंचायत व वन विभाग की ओर से एसडीएम रश्मि लांबा, वन रेंजर विजय श्रीवास्तव, डिप्टी रेंजर अभिषेक मिश्रा, बीडीओ शिवनरेश राजपूत ने पौधे लगाए। ग्राम प्रधान हिमांशी देवी, मानस मिश्रा, रोजगार सेवक अनिल यादव मौजूद रहे। ब्लाक प्रमुख प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव ने युवाओं के साथ पौधरोपण किया। थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार ने ग्राम प्रधान राजू स्वर्णकार के साथ पौधा लगाया। यहां पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित प्रताप सिंह, अनुराग शुक्ला, विकास बाजपेयी रहे। ककवन सीएचसी में डॉ. धर्मेन्द्र राजपूत ने डा विकास यादव, प्रवीन सिंह, दिनेश पटेल, नीरज के साथ पौधे लगाए।


पौधरोपण करतीं एसडीएम रश्मि लांबा व बीडीओ एसएन राजपूत। अमृत विचार


पौधा लगातीं ईओ अंजनि मिश्रा।


आईटीआई परिसर में पौधरोपण करते ग्राम प्रधान और प्रधानाचार्य। अमृत विचार

### घाटमपुर तहसील क्षेत्र के विद्यालयों और गौशालाओं में रोपे गए फलदार पौधे

**घाटमपुर/भीतरगांव।** पौधरोपण अभियान के तहत भीतरगांव क्षेत्र के स्कूल, अस्पताल और गौशालाओं में पौधे रोपे गए। कार्यक्रम की शुरुआत नर्वल एसडीएम ऋषभ वर्मा ने पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ ओम प्रकाश वर्मा, बीईओ पूनम वर्मा के साथ साढ़ के आर केएमएसडी स्कूल में पौधरोपण से की। एसडीएम ने लोगों को पेड़ लगाने के साथ देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. ओमप्रकाश वर्मा ने पशु चिकित्सालय भीतरगांव सहित 13 गौशालाओं में पौधरोपण कर केयर टेकर को पौधों की देखरेख करने की जिम्मेदारी दी। बीईओ पूनम वर्मा ने विद्यालयों में अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। सीएचसी प्रभारी डॉ. मनीष तिवारी ने सीएचसी सहित अमौर व बरईगढ़ पीएचसी में पौधे रोपे। यहां प्रिंसिपल सुरेश सिंह यादव, विजय श्रीवास्तव, रामबाबू रहे।

# पुलिस चौकी के पास महिला की लूटी चेन

संवाददाता, बिठूर

**वारदात**

- मंधना रेलवे क्रॉसिंग के पास हुई वारदात, लुटेरा भाग निकला
- अपने बेटे के साथ स्कूटी से मायके जा रही थी महिला

**अमृत विचार:** शुक्रवार रात करीब 9 बजे मंधना चौकी के पास लुटेरों ने स्कूटी सवार महिला के गले झपट्टा मारकर चेन लूट ली। यह वारदात उस समय हुई, जब महिला मंधना रेलवे क्रॉसिंग खुलने का इंतजार कर रही थी। चेन लूटने के बाद लुटेरे भाग निकले।

कानपुर नगर के रामादेवी निवासी रेखा दुबे अपने बेटे अंकित दुबे के साथ शुक्रवार रात स्कूटी से अपने मायके शादीपुर गांव जा रही थी। वह जब मंधना पहुंचीं तो रेलवे क्रॉसिंग बंद थी। वह वहीं खड़े होकर क्रॉसिंग खुलने का इंतजार कर रही थीं। इसी के पास मंधना पुलिस चौकी है। इसी बीच लुटेरा पहुंचा और रेखा के गले में झपट्टा मारकर चेन लूटने के बाद महाराणा प्रताप कॉलेज की तरफ चौकी के सामने से भाग निकला। पुलिस को वारदात की भनक तक नहीं लग सकी।

जिस समय लुटेरे ने झपट्टा मारा तो रेखा ने चेन बचाने की कोशिश की। आधी चेन उनके हाथ में रह गई और आधी चेन लेकर लुटेरा भाग निकला। वारदात के बाद मां-बेटे मंधना चौकी पहुंचे। बेटे अंकित दुबे ने मंधना चौकी में चेन लूट की तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि लुटेरे का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# एसीपी ने चौपाल लगाकर सुना दर्द

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटरी में ग्राम पंचायत सचिवालय में चौपाल लगाकर एसीपी रंजीत कुमार सिंह और रेउना थाना प्रभारी ने लोगों की समस्याएं सुनीं और कुछ समस्याओं का मौके पर निराकरण भी कराया।

ग्राम पंचायत कटरी के ग्राम पंचायत सचिवालय में जन चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें एसीपी रंजीत कुमार सिंह व थाना प्रभारी जसवंत सिंह चौहान ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया। राजस्व संबंधी शिकायतों के लिए संबंधित लेखपाल व अन्य अधिकारियों से निराकरण कराए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने लोगों से कहा कि किसी भी समस्या के लिए जारी किए गए हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं और किसी भी समस्या के लिए थाने जाकर अपनी बात कह सकते हैं। थाना प्रभारी जसवंत सिंह चौहान भी मौजूद रहे।


कटरी ग्राम पंचायत भवन में समस्याएं सुनते एसीपी रंजीत कुमार सिंह। अमृत विचार

### रेउना थाना परिसर में किया पौधरोपण

घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह और थाना प्रभारी जसवंत सिंह चौहान ने शनिवार को थाना परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने लोगों से कहा कि सभी लोग अपने-अपने घर के आसपास पौधे लगाएं। जुलाई माह में पौधे लगाने से वह तैयार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि वृक्ष ही जीवन है। एक वृक्ष लगाने से अनेकों लाभ मिलते हैं।

# विधायक और ब्लाक प्रमुख ने लगाए 'मां के नाम' पौधे

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार:** शनिवार को क्षेत्र में क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर और शिवराजपुर ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई की ओर से कई जगह पौधरोपण किया गया।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण योजना के अंतर्गत वृक्षारोपण जन आंदोलन के तहत क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर व ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई ने सर्वप्रथम ब्लॉक परिसर में वृक्षारोपण किया इसके बाद खेरेश्वर मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण किया साथ ही खेरेश्वर सरैया घाटके तट पर मंदिरों के आसपास वृक्षारोपण किया इसी के साथ क्षेत्र के चिरंजीवी पुरवा गांव में प्रस्तावित पुलिस चौकी की जगह पर वृक्षारोपण किया। क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने अपने संबोधन में कहा कि वायुमंडल को स्वच्छ रखने के लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी है वृक्षहमारे जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी है इनके बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है हम सभी लोगों को एक वृक्ष मां के नाम पर लगाकरअपनी जिम्मेदारी निभाएं साथ ही यह भी याद रखें कि वृक्ष की परवरिश भी होती रहे ।


पौधा लगाते विधायक राहुल बच्चा ।

# गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों को उपहार

संवाददाता, चौबेपुर

- चौबेपुर क्षेत्र के विद्यालयों में आयोजित हुए कार्यक्रम

**अमृत विचार।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शनिवार को कस्बा स्थित वी वी आई पी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान विद्यालय चेयरमैन व शिक्षकों ने जहां शोभन सरकार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका पूजन किया, वहीं छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को उपहार व पुष्प आदि भेंट कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

कस्बे के वीवीआईपी स्कूल में विद्यालय के चेयरमैन डॉ पुरुषोत्तम बाजपेई व शिक्षकों ने शोभन सरकार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। डॉ. पुरुषोत्तम बाजपेई ने छात्र-छात्राओं को बताया कि हिंदू धर्म में गुरु पूर्णिमा का पर्व जीवन में गुरु के महत्व को बताता है। इस दिन गुरुजनों का आभार व्यक्त कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। गुरु पूर्णिमा का महत्व गुरु और शिष्य के पवित्र रिश्ते का भी प्रतीक है। इस दिन शिष्य अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और उनके ज्ञान और मार्गदर्शन के लिए उनका सम्मान करते हैं। कहा कि गुरु पूर्णिमा को भगवान कृष्ण ने अपने गुरु ऋषि शांडिल्य को ज्ञान प्रदान करने के लिए चुना था। इसी तरह भगवान बुद्ध ने भी इसी दिन अपने पहले पांच शिष्यों को उपदेश दिया था। बच्चों ने गुरुओं को उपहार भेंट किए। इस दौरान सचिव आदित्य बाजपेई, ट्रस्टी रिचा बाजपेई, प्रधानाचार्य अंकित बाजपेई, राजेश, सागर, शिवा, बीना, संदीप, सुमित, नेहा व प्रीति आदि मौजूद रहे।


ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY

RMCH BAREILLY Excellence towards profession

STAFF REQUIRED

Computer Operators
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge & good Typing Speed (Exp. Min. one year)

Salesman (For Medical Stores)
Qualification: Min. D.Pharma (Exp. Min. One year)

Receptionist-2
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge good Typing Speed (Female Candidate)

PRO
Qualification: Graduation

Accountant
Qualification: B.Com., M.Com. Exp. 1 year

Salary No Bar for Deserving Candidates

How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.

HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286


# पौधरोपण के लिए खूब दिखा उत्साह

**चौबेपुर।** प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम के तहत शनिवार को कई स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुए। थाना परिसर में क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने पौधरोपण कर संरक्षित करने का संदेश दिया।

क्षेत्र के विद्यालयों व थाना परिसर में पौधरोपण कर इनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। थाना परिसर में क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर के साथ जिला पंचायत सदस्य गोपाल दीक्षित, प्रभारी निरीक्षक राजेंद्रकांत शुक्ला आदि ने पौधे लगाए। बीआरसी में बीईओ आनंद पटेल के नेतृत्व में शिक्षकों ने पौधरोपण किया। वहीं पूर्व माध्यमिक विद्यालय दयालपुर में शिक्षकों व बच्चों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

# खेरेश्वर मंदिर में मेले की तैयारी शुरू

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार:** सावन के पहले सोमवार को प्रसिद्ध खेरेश्वर मंदिर के गंगा तट पर लगने वाले मेले की तैयारी शुरू हो गई है। मन्दिर परिसर के आसपास मिठाईयों, खिलौनों आदि की दुकानें सजने लगी हैं। मेले में तरह-तरह के झूले लगने लगे हैं। सोमवार को उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनाती की भी व्यवस्था की गई है।

खेरेश्वर महादेव मंदिर और गंगा तट पर सावन के महीने में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और गंगा स्नान करने के लिए आते हैं। सावन के सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जाती है। मंदिर में दर्शन और गंगा स्नान पर आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर शनिवार को डीसीपी पश्चिम विजय ढुल, एडीसीपी विजेन्द्र द्विवेदी और एसीपी अजय त्रिवेदी ने तैयारियों का जायजा लिया और संभ्रांत लोगों के साथ बैठक कर समीक्षा की।

सावन के पहले सोमवार पर भीड़ बढ़ने की संभावना को लेकर पुलिस भी सतर्क है। प्रभारी निरीक्षक सुबोध कुमार ने बताया कि सोमवार को गंगा घाट पर 10 उप निरीक्षक, दो महिला उप निरीक्षक, 16 पुरुष सिपाही और 6 महिला कांस्टेबल की तैनाती की जाएगी। गंगा घाट पर नजर रखने के लिए स्थानीय गोताखोरों के अलावा एसडीआरएफ की टीम भी मौजूद रहेगी।


खेरेश्वर घाट पर तैयारियों का जायजा लेते डीसीपी विजय ढुल। अमृत विचार

- सावन के पहले सोमवार की तैयारियां, सजने लगीं दुकानें

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**चौबेपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के लुदाखर निवासी अरुण (23) देर रात बिल्हौर से घर लौट रहा था, तभी मरियानी गांव से थोड़ा पहले हाईवे पर वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। पुलिस घायल को सीएचसी ले गई, लेकिन तब तक युवक ने दम तोड़ दिया। जामातलाशी के दौरान मिले कागजात के आधार पर मृतक की शिनाख्त के पश्चात मामले की सूचना उसके परिजनों को दी गई। घर वालों के मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# बिजली: कहीं मनमानी तो किसी पर मेहरबानी

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** बिजली विभाग की कारगुजारी पर एक बार फिर सवाल उठ रहे हैं। हालत यह है कि मीटर रीडिंग में किसी पर मेहरबानी दिखाई जा रही है तो किसी पर मनमानी की जा रही है। विभाग की इस गैरजिम्मेदाराना हरकत से उपभोक्ताओं में आक्रोश है।

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में इन दिनों मनमानी मीटर रीडिंग का खेल चल रहा है। किसी उपभोक्ता के ऊपर विभागीय कर्मचारियों की कृपा बरस रही है तो किसी के साथ खुली मनमानी की जा रही है। ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनसे ग्रामीण उपभोक्ता परेशान हैं। उनका कहना है कि इधर दो महीने से उनका बिल दोगुना से भी अधिक आ रहा है और शिकायत करने पर कोई सुनवाई नहीं हो रही।

**केस 01**

ककवन के उपभोक्ता अमर सिंह ने बताया कि अप्रैल तक उनका बिजली बिल 1200 रुपये आ रहा था, लेकिन मई और जून महीने में बिजली का बिल दोगुना पहुंच गया। जून महीने का बिल 2300 रुपये आया है, जबकि दो महीने पहले इतने ही लोड का बिल महज 1200 रुपये आया था। मीटर तेज भाग रहा है। चौबेपुर के एक्सईएन को शिकायती पत्र दिया था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है।

**केस 02**

ककवन के ही शिवनारायन ने बताया कि बीते तीन महीने से उनका बिजली का बिल दोगुना से भी ज्यादा आ रहा है। जहां फरवरी और मार्च में 1100 रुपये बिल आया था, वहीं इस बार जुलाई में 3200 रुपये का बिजली का बिल आया है, जबकि घर में उतनी ही बिजली का प्रयोग हो रहा है जितना पहले होता था। स्थानीय स्तर पर उन्होंने शिकायत भी की, पर शिकायत का नतीजा कुछ नहीं निकला।

**केस 03**

बिल्हौर ब्लाक क्षेत्र के बरांडा गांव की रेखा कटिहार के कनेक्शन का 64 महीने का बिल सिर्फ 1752 रुपये आया है, जो बेहद चौकाने वाला है। इसी तरह महेश का 17 महीने का बिजली बिल महज 1700 रुपये आया है। यह कुछ ऐसे उदाहरण हैं, जो बिजली विभाग के मीटर रीडरों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। कई ग्रामीणों ने बिल्हौर सब स्टेशन में मीटर रीडिंग में खेल की शिकायत की है।


प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



## कार्यालय ग्राम पंचायत कठेरूआ वि0ख0 बिधनू कानपुर नगर

पत्रांक – मेमो/ पंद्रहवीं/पंचम/ स्वछ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2/ मनरेगा/ निविदा प्रकाशन / 2024–25 दिनांक 20.07.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्म/पंजीकृत विक्रेताओ / रजि0 ठेकेदार को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कठेरूआ वि0ख0 बिधनू कानपुर नगर के वार्षिक कार्ययोजना मे सम्मिलित पंचम वित्त आयोग, पन्दहवा वित्त आयोग, मनरेगा व स्वच्छ भारत मिशन फेस 2 की धनराशि से प्रस्तावित कार्य हेतु आवश्यक साम्रगी तथा सीमेन्ट, मौरग, बालू सरिया, ईट गिट्टी आदि की निर्धारित मानक व गुणवत्ता के अनुसार सामग्री हेतु मोहरबन्द निविदाए आंमत्रित की जाती है। निविदा 21.07.2024 से 27.07.2024 तक निशुल्क किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय ग्राम पंचायत कठेरूआ के पंचायत भवन में जमा की जा सकती है। व निविदा दिनांक 27.07.2024 को समय अपरान्ह 02 बजे अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन कठेरूआ में समिति के समक्ष खोली जायेगी। आयकर कटौती व जीएसटी का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार किया जायेगा। ग्राम पंचायत को यह अधिकार रहेगा कि वह बिना बताये ये निविदा निरस्त कर सकती है। दर्शाये गये कार्यो को ग्राम पंचायत कठेरूआ धन की उपलब्धता के अनुसार कराये जाने के निर्देश दिये जायेगे।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | नग/संख्या | अनुमानित लागत | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | समूदायिक शौचालय का टाईलीकरण व सुन्दरीकरण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 2 | जीतराम कुरील के घर से अशोक के घर से इटंरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 3 | राघवेन्द्र भौदरिया के घर से आशूतोष के घर तक इटरंलांकिग मरम्मत का कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 4 | आर आर सी सेन्टर पर तारबाडी का कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 5 | हडहा में देशराज के मकान के पास इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 6 | नाली निर्माण कार्य अमोद सिंह के घर से गिरिजा शंकर के घर तक दोनो साइड से। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 7 | नाली मरम्मत कार्य का कल्लू के घर से तालाब तक। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 8 | नाली निर्माण कार्य सामूदायिक शौचालय से शिवबरन पासवान के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 9 | नाली निर्माण कार्य मागे सिंह के घर से जय सिंह के घर तक दोनो साइड से। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 10 | नाली निर्माण कार्य बंसत के घर से दशरथ के घर तक दोनो साइड से। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 11 | नाली निर्माण कार्य नरेन्द्र कुरील के घर से माया के घर तक। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 12 | नाली निर्माण व इंटरलांकिग कार्य अमोद सिंह के घर से गंगा सिंह के घर तक। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 13 | पुलिय निर्माण कार्य। | | | |
| 14 | मनोज तिवारी के खेत के बगल में चेकडेम निर्माण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 15 | नाला निर्माण भैरम बाबा से बाबू राम कुरील के घर तक | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 16 | नाली व इंटरलांकिग कार्य दुर्गा सविता के घर से वंशलाल कुरील के घर तक। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 17 | इंटरलाकिग कार्य मंगे सिंह के घर से जय सिंह के घर तक। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 18 | इंटरलांकिग कार्य हरीभजन तिवारी के घर से गुड्डू तिवारी के घर तक। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |

नियम व शर्ते (1) उक्त कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। (2) निविदा कार्यालय ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है। (3.) निविदा दाताओं की जीएसटी / पैन / फर्म का रजिस्ट्रेशन की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर देना होगा। (4) निविदा की स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार गठित समिति का होगा। (5) सामग्री घट बढ़ सकती है। प्राक्कलन के अनुसार व भुगतान वास्तविक एमबी के अनुसार होगा। (6.) आइटम रेट प्राक्कलन कि दशा में 2 प्रतिशत धरोहर एफडीआर/ बैकडाफट् / के रूप में ग्राम पंचायत के पास बन्धक होगी। व निविदा स्वीकृत के पश्चात सिक्योरिटी धनराशि 10 प्रतिशत भी ग्राम पंचायत के पास बंधक होगी। (7.) प्रत्येक कार्य के लिये अलग से आवेदन करना होगा। (8.) यदि किसी कारणवश निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस मे खोली जायेगी।

मुनेश कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– कठेरुआ
कानपुर नगर

मुनेश कुमार
सचिव
ग्राम पंचायत– कठेरुआ
कानपुर नगर

## एक नजर

### योग प्रतियोगिता में सूर्यांश और आरव ने मारी बाजी

**कानपुर।** जेडी एजुकेशन सेंटर में शनिवार को दो दिवसीय प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा हुई। कक्षा तीन से पांच तक के वर्ग में ऑक्सफोर्ड स्कूल श्याम नगर के छात्र सूर्यांश यादव ने पहला स्थान हासिल किया। डीपीएस के आरोश यादव व दीनदयाल उपाध्याय स्कूल के अंश कुमार ने दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। बालक वर्ग कक्षा 6 से 8 तक में डीपीएस स्कूल के आरव अरोड़ा ने पहला स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में कक्षा तीन से पांच में यूपी किराना सेवा समिति की आराध्या पाण्डेय ने पहला स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में ही कक्षा 6 से 8 तक में यूपी किराना स्कूल की छात्रा परिधि निगम ने पहला स्थान हासिल किया।

### रेल पटरी पर मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के बलरामपुर गांव के पास रेल पटरी पर एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया। थाना मंगलपुर क्षेत्र के बलरामपुर गांव के पास दिल्ली-हावड़ा लाइन पर खंबा नंबर 1090/16 के पास डाउन लाइन पर शव पड़े होने की सूचना मिली। मेमू की सूचना पर मौके पर पहुंची कंचौसी पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

### दो पक्षों के बीच मारपीट पांच लोग घायल

**रूरा।** थाना क्षेत्र के लालपुर निवासी सुनीता ने पुलिस को बताया कि शनिवार शाम गांव के धुगलु पुराने खुन्नस में गालीगलौज करने लगे। जब इसका विरोध किया तो उसने अपने पुत्र बउवा, छोटू, शाधुल, अरविंद के साथ मारपीट कर दी। जिससे पीड़िता का पति पल्ले, सोनू, चांद घायल हो गए। जबकि दूसरी तरफ से जोगेंद्र घायल हो गए। वहीं घायलों में सुनीता को सीएचसी रूरा से अकबरपुर रेफर कर दिया गया।


ग्राम वन में पौधरोपण करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार


छात्र को पौधा भेंट करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और जिलाधिकारी आलोक सिंह। अमृत विचार

# जनपद में रोपे गए 61 लाख से अधिक पौधे

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने ग्राम वन में लगाया पौधा, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी ने पौधरोपण किया

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिले भर में शनिवार को वृहद पौधरोपण किया गया। प्रदेश के डिप्टी सीएम से लेकर मंडलायुक्त, डीएम, एसपी समेत अधिकारियों ने कई जगहों पर पौधरोपण करते हुए संरक्षण के निर्देश दिए। इस दौरान पौधरोपण के साथ ही उनके संरक्षण करने की अपील भी की गई।

शनिवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने वन विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से स्थापित ग्राम वन में "हरिशंकरी" (पीपल, बरगद एवं पाकड़) का पूजन के साथ रोपण किया गया। इसके बाद उन्होंने एक पेड़ मां के नाम आह्वान को सफल बनाने के लिए उपस्थित जनप्रतिनिधियों, स्वयं सेवी सस्थाओं, छात्र-छात्राओं एवं किसानों से अपील की। कहा कि जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से निदान के लिए पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ एवं पर्यावरण बचाओ के नारे को साकार करने के लिए प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है।

इस दौरान डिप्टी सीएम ने छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित महिलाओं को 500 फलदार पौधों का भी वितरण किया। डीएफओ एके द्विवेदी ने जनपद में हो रहे पौधरोपण कार्यक्रमों और उसके महत्व को बताया। कहा कि जनपद में शासन द्वारा आवंटित 61,90,645 पौधों का रोपण विभिन्न 25 विभागों द्वारा विभिन्न स्थलों पर किया जा रहा है। कार्यक्रम में अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने अकबरपुर पीपल का पौधा रोपित किया। इस मौके पर डीएम आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

इसी तरह मंडलायुक्त कानपुर व नोडल अधिकारी पौधरोपण अमित गुप्ता ने विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया। उन्होंने



मूसानगर में पौधरोपण करते नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि व अन्य। अमृत विचार

कहा कि जनपद में वृहद पौधरोपण अभियान चल रहा है। इसके अंतर्गत लगाए जा रहे पौधों की जिओ टैगिंग व अन्य संबंधित कार्य समय पर कराए जाएं। उन्होंने सभी अधिकारियों को किए गए पौधरोपण की नियमित निगरानी कराए जाने के भी निर्देश दिए। वहीं कृषि, शिक्षा, उद्यान, ग्राम्य विकास द्वारा कराए जा रहे पौधरोपण अंतर्गत गजनेर, हिम्मापुरवा, प्राथमिक विद्यालय चौरा, आलमचंद्रपुर, गौरियापुर आदि स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मंडलायुक्त ने डीएफओ कार्यालय में बने कंट्रोल रूम को भी देखा गया और वृक्ष भंडारा अंतर्गत किसान, छात्र-छात्राओं व आमजनों को पौधे भी वितरित किए। इस मौके पर सीडीओ लक्ष्मी एन, उप कृषि निदेशक राम बचन राम, जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश गुप्ता, सहायक निदेशक सूचना सुरजीत सिंह, जिला उद्यान अधिकारी बलदेव प्रसाद समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### मूसानगर नगर पंचायत में रोपे गए 1300 पौधे

**मूसानगर।** शनिवार को नगर पंचायत मूसानगर द्वारा वन महोत्सव कार्यक्रम किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद निषाद ने पहुंच कर वार्ड नंबर दस बालाजी धाम में बने परशुराम वाटिका में पौधरोपण किया। लिपिक दीपू कुमार ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र मुक्ता देवी धाम, शंकर जी मंदिर, नगर पंचायत कार्यालय, परशुराम वाटिका सहित अन्य जगहों पर लगभग 1300 पौधे रोपे गए हैं। अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा कि सभी लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। इस मौके पर अर्जुन सिंह सभासद, ओमकार सोनकर, सुनील कुमार पाल, मुन्ना, पवन चौरसिया, गोविंद गुप्ता समेत नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### संदिग्ध हालात में युवक ने फंदा लगाकर दे दी जान


अजीत।

**मूसानगर।** कस्बे के खालेशहर के रहने वाले एक युवक ने शुक्रवार की रात फांसी लगाकर जान दे दी। जानकरी होते ही उसके घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। खालेशहर गांव निवासी अमित ने बताया कि उसका छोटे भाई अजीत (22) ने फंदा लगाकर जान दे दी। वह हार्डवेयर की दुकान चलाता था। शुक्रवार की शाम सभी लोग खाना खाकर छत में सो रहे थे। देर रात बारिश होने पर घर के सभी सदस्य नीचे आ गए, लेकिन अजीत के नीचे नहीं आने पर ऊपर जाकर देखा तो वह छत के कुंडे के रस्सी के सहारे लटका दिखा। अजीत घर में सबसे छोटा था। वहीं मां गीता देवी और पिता रामबाबू का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इस बाबत थानाध्यक्ष राम सिंह ने बताया कि बड़े भाई अमित की फौती सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।


बच्चों को उपहार देते बैंक के शाखा प्रबंधक। अमृत विचार

### बैंक के स्थापना दिवस पर बच्चों को बांटे गए उपहार

**राजपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा के स्थापना दिवस पर शनिवार को कस्बे के प्राइमरी विद्यालय में शाखा प्रबंधक ने बैंक कर्मियों के साथ पौधरोपण किया और स्कूल के बच्चों को पाठ्य सामग्री व उपहार बांटे। बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक राजेश कुमार ने स्कूली बच्चों को बचत के फायदे को बताते हुए लघु कथाएं सुनाकर मनोरंजन के साथ ज्ञानबर्धन किया। उन्होंने कहा कि बचत विषम परिस्थितियों में सबसे बड़ा मित्र साबित होती है। सौ बच्चों को टॉफी और उपहार में टिपिन बांटे। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र कटियार, प्रधानाध्यापक जहीर अंसारी, अनुराधा अवस्थी, सुधा जेटली, उमा देवी व बैंक के सहायक प्रबंधक अमित कुमार, मयंक पाण्डेय आदि उपस्थित थे।


कस्बे में गोवंश पकड़ते नगर पंचायत कर्मी। अमृत विचार

### टीम ने आवारा गोवंशों को पकड़कर गौशाला भेजा

**रूरा।** पशुपालन विभाग और नगर पंचायत के कर्मियों ने कस्बे में आवारा घूम रहे गोवंशों को पकड़ कर गौशाला भेजने का अभियान चलाया। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आईए सिद्दीकी ने बताया कि सड़क पर घूम रहे पशुओं को पकड़कर कान्हा गौशाला अकबरपुर भेजा गया है।

### करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत

**रूरा।** थाना क्षेत्र के भौंरा निवासी किसान चंद्रपाल सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह चारा खिलाकर भैंस को बिजली के पोल के पास खूंटे में बांध दिया था। दोपहर में भैंस को तड़पते देखा तो बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक भैंस मर चुकी थी। किसान ने बताया कि भैंस की कीमत करीब 90 हजार रुपये थी। किसान ने इसकी सूचना लेखपाल को दी। लेखपाल ने बताया कि तहसील को रिपोर्ट भेजी जा रही है। जेई नितिल उपाध्याय ने बताया कि गांव में सभी जगह पीवीसी केबिल पड़ी है। बरसात का मौसम है। पोल के अर्थ वायर से करंट लगने की बात सामने आई है।



खरपतवार के बीच घिरा जरौली का ग्राम सचिवालय। अमृत विचार

# प्रमाण पत्रों के लिए दौड़ लगाते जरौली के लोग

संवाददाता, संदलपुर

- अनदेखी से बदहाल हो रहा पंचायत का सचिवालय भवन परिसर में गंदगी व खरपतवार

**अमृत विचार।** सरकार एक तरफ लोगों को योजनाओं का लाभ गांव में ही उपलब्ध कराने की कवायद में जुड़ी है, लेकिन पंचायत भवनों का संचालन न होने से दावे हवाहवाई साबित हो रहे हैं और लोग ब्लाक से लेकर जिला स्तर पर भागदौड़ करने को मजबूर हैं।

करीब दो वर्ष पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री ने लखनऊ में आयोजित ग्राम प्रधानों के सम्मेलन में पंचायत सचिवालय संचालन की योजना शुरू की थी, लेकिन संदलपुर विकासखंड क्षेत्र के गांवों में पंचायत सचिवालय संचालन योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। जरौली गांव में गंदगी व खरपतवार के बीच खड़ा सचिवालय अपने बदहाली पर आंसू आ रहा है। यहां तैनात ग्राम सचिव व सहायक के सचिवालय में न बैठने से पंचायत भवन जर्जर हालत में पहुंच गया है। परिसर में खासी गंदगी बिखरी पड़ी है। साथ ही जंगली घास के साथ खरपतवार खड़ा हो गया है। वहीं पंचायत सचिव से लेकर जिला प्रशासन के अधिकारी कागजों पर सचिवालय संचालन का दावा कर रहे हैं। लेकिन गंदगी के बीच खड़ा पंचायत भवन अपने संचालन की हकीकत खुद की बयां कर रहा है।

> सभी ग्राम सचिवों को नियमित अपने सचिवालय में जाकर उन्हें संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी सचिव के द्वारा लापरवाही की जा रही है तो उसके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाएगी और सचिवालय का हरहाल में संचालन कराया जाएगा।
>
> -धनप्राप्त यादव, बीडीओ संदलपुर

# बारिश से राजपुर पुलिस चौकी तालाब बनी

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** शनिवार को दोपहर बाद से हुई झमाझम बारिश से नगरवासियों के साथ पुलिस वालों की भी मुसीबत आ गई। जलनिकासी की व्यवस्था न होने से चौकी परिसर में भीषण जलभराव हो गया, जिससे निकालने में होमगार्डों और चौकीदारों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

शनिवार दोपहर हुई तेज बारिश में बैलाही बाजार, सराफा बाजार से लेकर कन्हैया नगर में जलभराव हो गया। वहीं पुलिस चौकी परिसर में पानी भरने से पुलिसकर्मियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दफ्तर में भी पानी घुसने से पुलिस कर्मियों को दिक्कत हुई।



शनिवार को बारिश के बाद पुलिस चौकी में भरा पानी। अमृत विचार

इसी तरह नई बस्ती और अंबेडकर नगर में भी कई स्थानों पर भीषण जलभराव हो गया। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि बरसात से पहले नगर पंचायत प्रशासन ने नालों की सफाई नहीं कराई। नगर के सभी मुख्य नाले और नालियां कीचड़ से लबालब भरे हैं। बारिश में नाले उफना जाते हैं और इनका पानी घरों में घुसने लगता है। ईओ नीति त्रिपाठी ने बताया कि जलभराव से निपटने के इंतजाम किये जा रहे हैं।

# बारिश में कच्चा घर ढहा, गृहस्थी बर्बाद

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** अमरौधा ब्लॉक के गिरधरपुर गांव में बारिश के दौरान दो लोगों के मकान की छत ढहने से परिजन बाल-बाल बच गए, जबकि गृहस्थी का सामान दबकर पूरी तरह बर्बाद हो गया।

गिरधरपुर गांव निवासी शबीना ने बताया कि उसका पति यासीन दिल्ली के एक कारखाने में मजदूरी करता है। बेटा हमजा और बेटी इकरा के साथ वह गांव के कच्चे


बारिश से ढही कच्चे घर की छत।

मकान में रहती है। शनिवार को तेज बारिश में कच्चे कमरे की छत ढह गई। गनीमत रही कि उस समय पूरा परिवार बरामदे में था, इससे जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन अनाज, कपड़े और गृहस्थी का पूरा सामान दबकर बर्बाद हो गया।

छत ढहने और गृहस्थी बर्बाद होने से परिवार के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। पीड़िता ने प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। भोगनीपुर एसडीएम सर्वेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर हल्का लेखपाल अजीत कुमार को मौके पर भेजा गया है। नुकसान के आकलन की रिपोर्ट मिलने के बाद आपदा राहत कोष से सहायता दिलाई जाएगी।

## कीड़ा काटने से छात्रा की मौत

**राजपुर।** सिकंदरा क्षेत्र के ऊधवपुर में शुक्रवार रात घर में सोई कक्षा सात की छात्रा आंचल को जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजन झाड़ फूक के चक्कर में इधर-उधर भटकते रहे। समय पर समुचित इलाज न मिल पाने की वजह से छात्रा की मौत हो गई। उच्च प्राथमिक विद्यालय ऊधवपुर की हेड मास्टर ज्योति देवी ने बताया कि आंचल कक्षा सात की छात्रा थी। कीड़ा काटने से उसकी मौत हो गई।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख को नहीं पकड़ पाई पुलिस

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- रायफल का भी कोई सुराग नहीं लगा सकी इलाकाई पुलिस

**अमृत विचार।** सट्टी थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर में एक हफ्ते पहले पड़ोसी को रायफल की बट से पीटने वाले पूर्व ब्लाक प्रमुख तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंचे। पुलिस को ये भी नहीं पता चला कि रायफल किसकी है। रायफल लेकर दौड़ाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने पहले तेजी दिखाई फिर नरम पड़ गई। इस घटना में तीन लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। मुख्य आरोपी ब्लॉक प्रमुख लाखन सिंह यादव पुलिस की गिरफ्त से दूर है।

सट्टी थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर गांव में 12 जुलाई को रास्ते में गाय बांधने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई थी। इस पर पूर्व ब्लाक प्रमुख लाखन सिंह यादव ने रायफल लेकर पड़ोसी शोएब अहमद को दौड़ा लिया था। तथा पकड़ कर रायफल की बट से पिटाई की थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। रायफल लेकर खुलेआम गुंडई करने वाले ब्लाक प्रमुख और उसके भतीजे प्रधान किशन सिंह समेत दोनों पक्षों के नौ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल घटना का मुख्य आरोपी पूर्व ब्लाक प्रमुख लाखन सिंह यादव को पुलिस नहीं पकड़ पाई। यहां तक कि पुलिस ये भी नहीं पता कर पाई कि पूर्व ब्लाक प्रमुख के हाथ में रायफल किसकी थी।

**कार्यक्रम आज** — मंदिर में कई जनपदों से पहुंचते हैं श्रद्धालु, पुलिस ने सुरक्षा इंतजामों का लिया जायजा

# गुरु पूर्णिमा पर शोभन मंदिर में उमड़ेगी आस्था

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** गुरु पूर्णिमा को देखते हुए शनिवार को कोतवाल ने क्षेत्र के शोभन मंदिर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था को परखा और मंदिर के महंत हरिशरण पांडेय से कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मंदिर परिसर में फोर्स की तैनाती को लेकर प्वाइंट बनाए।

शोभन मंदिर के सर्वराकर हरिशरण पांडेय ने बताया कि शोभन आश्रम की आधारशिला रखने वाले ब्रह्मलीन महाराज रघुनंदन दास जी महराज और शोभन को विकसित करने वाले ब्रह्मलीन विरिक्ततानंद जी महाराज के प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में अनेकों भक्त हैं, जो गुरु पूर्णिमा पर्व पर शोभन मंदिर आकर मत्था टेकते हैं। पूजा-अर्चना करते हैं। इसके साथ ही गुरु पूर्णिमा पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का


मंदिर परिसर में तैयारियों का जायजा लेते चौकी इंचार्ज। अमृत विचार

आयोजन भी किया जाता है, जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं।

शनिवार को कोतवाल कृष्णनंद राय ने पुलिस बल के साथ शोभन मंदिर का निरीक्षण किया और अन्य थानों व पुलिस लाइन से आई फोर्स के तैनाती स्थलों का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर्व पर सुरक्षा को देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। एक जगह कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जहां किसी भी प्रकार की समस्या होने पर लोग सूचना दे सकते हैं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिए गए हैं।

### सुरक्षा में तैनात होंगे 138 पुलिसकर्मी

गुरु पूर्णिमा पर्व पर शोभन मंदिर में तैयारी पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि मंदिर परिसर में पांच निरीक्षक, 12 दरोगा, 70 सिपाही और 35 महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई है। इसके साथ ही वाहनों को व्यवस्थित करने के लिए सात ट्रैफिक सिपाहियों को लगाया गया है।

### छोटे वाहन सीधे मंदिर परिसर तक जा सकेंगे

शोभन मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर्व पर छोटे वाहन सीधे अंदर जा सकेंगे, जिसके लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है। बड़े वाहन बस, टेंपो, ट्रैक्टर ट्राली आदि को मंदिर से दूर आरोग्य धाम अस्पताल के बगल में खड़े करने की व्यवस्था की गई है।

## निजी एंबुलेंस की टक्कर से युवक की चली गई जान

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के छतेनी गांव के समीप एक प्राइवेट एम्बुलेंस ने एक युवक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बरौर थाना क्षेत्र के डोभा गांव निवासी धर्मेंद्र (50) सड़क पर पैदल जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आई प्राइवेट एम्बुलेंस के चालक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाल अंजन कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। फरार चालक की तलाश की जा रही है। फिलहाल तहरीर नहीं मिली है।

# सावन के लिए सजने लगे शिवालय

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** भगवान शिव के पूजन के लिए पवित्र सावन माह सोमवार से शुरू होगा। इसके चलते जिले में आस्था के प्रमुख केंद्र पौराणिक व ऐतिहासिक शिवालयों में साज सज्जा की जा रही है। श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक कर बेल पत्र आदि से पूजन करेंगे।

सावन माह के सोमवार पर आस्था का केंद्र बनीपारा जिनई स्थित पौराणिक वाणेश्वर महादेव मंदिर में आसपास जिलों के भक्तों की भीड़ उमड़ती है। मान्यता है कि दैत्यराज बलि के पुत्र वाणासुर ने मंदिर में विशाल शिवलिंग की स्थापना की थी। श्रीकृष्ण-वाणासुर युद्ध के बाद यह स्थल विध्वंस हो गया। बाद में राजा परीक्षित के पुत्र जन्मेजय ने जीर्णोद्धार कराकर वाणपुरा जन्मेजय नाम रखा था, जो अपभ्रंश के रूप में बनीपारा जिनई के नाम से जाना जाता है।

शिवली क्षेत्र के पांडु नदी किनारे प्राचीन जागेश्वर मंदिर के बारे में मान्यता है कि करीब चार दशक पहले घने जंगल में बंजारों का पड़ाव था। उनकी गाय एक निश्चित स्थान पर दूध गिरा देती थी। जानकारी पर वहां खुदाई की गई तो शिवलिंग निकला, जिसकी स्थापना करा दी गई। सोमवार को बड़ी संख्या में भक्त जलाभिषेक के लिए आते हैं।

रसूलाबाद थाना परिसर में स्थित धर्मगढ़ बाबा मंदिर एकता का प्रतीक है। वर्ष 1943 में इसरार हुसैन ने स्वप्न के बाद यहां शिव चबूतरे का निर्माण कराया था। वर्ष 1941 में थाने के तत्कालीन एसओ नागेंद्र सिंह ने इसे पूरा कराया। सावन में दूरदराज से भक्तों की भीड़ दर्शन के लिए आती है। इसी तरह अकबरपुर के ऐतिहासिक शुक्ल तालाब स्थित नर्मदेश्वर मंदिर, अमरौधा के महाकालेश्वर मंदिर, डेरापुर के कपालेश्वर मंदिर समेत जिलेभर के शिवालयों में सावन सोमवार पर पूजन की तैयारियां की जा रही हैं। मंदिरों की साफ-सफाई व रंगरोगन के साथ ही आकर्षक तरीके से सजाया जा रहा है।


शिवली कस्बे के शिवालय में सफाई करते उत्साही भक्त। अमृत विचार

- मंदिरों की साफ-सफाई के साथ किया गया रंगरोगन

# संस्कृतिः हमारे समाज का मूल



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

समाज के गठन की मूल इकाई परिवार है। इस परिवार में पति और पत्नी परस्पर एक दूसरे की प्रसन्नता के लिए काम करते हैं। वैदिक साहित्य में पत्नी को घर का सम्राट बताया गया है। घर की प्रीति प्राचीन काल में सबको खींचती थी। घर का मतलब ही है, जहां बार-बार लौटने का मन करे वह घर है।

संस्कृति समाज का मूल होती है। संस्कृति और सभ्यता का विकास मनुष्य के अपने प्रयत्नों का परिणाम है, लेकिन पीछे कुछेक वर्षों में आधुनिकता के नाम पर सुस्थापित जीवन मूल्यों को कमतर देखा जा रहा है। भारत में प्रचलित आधुनिक सभ्यता पश्चिमी देशों की जीवनशैली की नकल है। शब्द आधुनिकता कालबोधक है। इतिहास के सम्यक अध्ययन के लिए काल विभाजन जरूरी होता है। जैसे प्राचीन काल, मध्यकाल और आधुनिक काल। यह विभाजन सामान्य है। इसके पहले प्रागैतिहासिक काल भी है। इसी तरह वैदिक काल और उत्तर वैदिक काल जैसे विभाजन भी हैं। आधुनिक काल स्थिर इकाई नहीं है। आधुनिक काल विदा होता रहता है और मध्यकाल में समाता रहता है। भारत का आधुनिक काल भारत के ही मध्यकाल का विस्तार है। इसी तरह मध्यकाल भी। वैदिक काल व प्रागैतिहासिक काल मध्यकाल में प्रकट होते हैं। जीवन विकास के प्रारंभिक चरण से लेकर आधुनिक काल तक समाज में बड़े परिवर्तन आए हैं।

संप्रति हम लोग भारत के आधुनिक काल में सक्रिय हैं। हमारी अनुभूति, सामाजिक मूल्य, जीवन के प्रति हमारा दृष्टिकोण और सोच विचार में पूर्ववर्ती सामाजिक मूल्यों की ही पुर्नप्रतिष्ठा है। आज का समाज बीते कल के समाज का विस्तार है। भारत की आधुनिकता हमारी प्राचीनता का ही प्रसाद है। पश्चिमी देशों ने भारत के प्राचीन समाज के मूल्यों को अपमानित करने का प्रयास किया है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले यहां सबको आनंदित करने वाली विश्ववरेण्य संस्कृति थी। तब से लेकर आधुनिक काल तक यहां लगातार सांस्कृतिक निरंतरता है। भारत की आधुनिकता इसी सांस्कृतिक निरंतरता का परिणाम होनी चाहिए।

संस्कृति और सभ्यता जाग्रत मनुष्यों के कर्मतप का विकास है। संस्कृतियां कभी-कभी व्यापक रूप में दूसरे समाज को भी प्रभावित करती हैं और प्रभावित होती भी हैं। भारतीय संस्कृति में विश्व को एक परिवार जानने और तद्नुसार व्यवहार और आचरण करने की प्रकृति है। संस्कृति में विश्व के सभी प्राणियों का लोकमंगल आराध्य है। इसलिए भारतीय संस्कृति का प्रभाव दुनिया के अनेक देशों पर पड़ा। भारतीय संस्कृति का प्रवाह नेपाल, भूटान, श्रीलंका, कंबोडिया, चंपा और मलेशिया तक व्यापक था। इंडोनेशिया दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश है। इंडोनेशियाई आज भी भारतीय संस्कृति के प्रति अनुरागी हैं। जापान, कोरिया, मंगोलिया, साइबेरिया, इंग्लैंड, आयरलैंड, मिस्र और ऑस्ट्रेलिया जैसे राज्य भारतीय संस्कृति के प्रशंसक रहे। दक्षिण अफ्रीका, फिजी, मॉरीशस, गुयाना, सूरीनाम, त्रिनिदाद आदि देश इस प्रभाव के साक्षी हैं। भारतीय संस्कृति का अध्ययन राष्ट्र राज्य की सीमाओं से बंधकर नहीं किया जा सकता। संस्कृति विचारधारा से नहीं बनती। अरस्तू, प्लेटो और अलेक्सजेंडर का ग्रीक राष्ट्र कहां है? ग्रीक में दर्शन था। सुंदर विचार पद्धति थी। योग्यता थी, लेकिन सांस्कृतिक राष्ट्रभाव नहीं था। रूस के साथ भी यही बात लागू है। रूस एक राज्य था। जार गया। राजव्यवस्था कम्युनिस्ट हो गई। सांस्कृतिक राष्ट्रभाव नहीं था। सोवियत रूस बिखर गया। रूस बचा है। चीन में दार्शनिक समृद्धि थी। 'ताओ ते चिंग' जैसा दार्शनिक ग्रंथ लाओत्सु ने लिखा था। कम्युनिस्ट राजव्यवस्था के कारण चीन राष्ट्र नहीं बन सका। कम्युनिस्ट पंथ के जन्मदाता कार्ल मार्क्स ने दुनिया के सामने अपना विशेष दृष्टिकोण रखा था। उन्हीं मार्क्स ने भारत को यूरोपीय मूल्य की भाषाओं और पंथों का जन्म स्थान मानते हुए 1853 में लिखा था, "हम निश्चयपूर्वक न्यूनाधिक सुदूर अवधि में उस महान और दिलचस्प देश को पुर्नजीवित होते देखने की आशा कर सकते है"। जहां के सज्जन निवासी राजकुमार सालितकोव के शब्दों में, ''इटालियन लोगों से अधिक चतुर और कुशल हैं। यहां के निवासियों की अधीनता भी एक शांत गरिमा से संतुलित रहती है और जिन्होंने अपने सहज आलस्य के बावजूद अंग्रेज अफसरों को अपनी वीरता से चकित कर दिया। इन सज्जन निवासियों का देश हमारी भाषाओं और हमारे धर्म का उद्गम है और जहां पर प्राचीन जर्मन का स्वरूप जाट में और प्राचीन यूनानियों का स्वरूप ब्राह्मण में प्रतिबिंबित है।" (मार्क्सः एंजेल्स-द फर्स्ट इंडियन वॉर ऑफ इंडिपेंडेंस-पृष्ठ 37) मार्क्स जैसे चिंतक ने भारत की प्रशंसा की थी और अपने पंथों का स्रोत बताया था, उसी भारत में पश्चिमी देशों की सभ्यता आधुनिकता के बहाने समाज की गुणवत्ता समाप्त कर रही है। संप्रति भारत के लोगों में आधुनिक हो जाने की जल्दबाजी है।

समाज के गठन की मूल इकाई परिवार है। इस परिवार में पति और पत्नी परस्पर एक दूसरे की प्रसन्नता के लिए काम करते हैं। वैदिक साहित्य में पत्नी को घर का सम्राट बताया गया है। घर की प्रीति प्राचीन काल में सबको खींचती थी। घर का मतलब ही है, जहां बार-बार लौटने का मन करे वह घर है। परिवार के सभी जन परस्पर प्रेम करते हैं और अपना घर का काम भी मिलजुल कर करते हैं। पति-पत्नी का साहचर्य अद्भुत है। ऋग्वेद में बताते हैं कि पति और पत्नी मिलकर सोमरस तैयार करते हैं। पति और पत्नी मिलकर अपने घर भद्र जनों को निमंत्रण देते हैं। पति और पत्नी अलग-अलग नहीं हैं। दोनों मिलकर एक हैं। भारतीय परंपरा में दोनों के जोड़े को मिलाकर दंपति कहा गया है। दंपति में स्त्री पुरुष दोनों समाहित हैं। दो को एक देखने की दृष्टि दांपत्य में है। दांपत्य जैसा शब्द दुनिया की किसी भाषा में नहीं है। वेदों में भी धरती और आकाश के लिए मिलाजुला एक शब्द है 'रोदसी'। ऋग्वेद में बताते हैं, "धरती और आकाश पहले मिले हुए थे और एक थे। मरुदगणों ने धरती और आकाश को अलग कर दिया।" विशेष संस्कृति के कारण भारतीय विवाह स्थाई रहते हैं। वैवाहिक संबंध टूटने की ज्यादातर घटनाएं पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव में हुई हैं और होती हैं। विदेशी सभ्यता के प्रभाव में बिना विवाह के स्त्री पुरुष को साथ-साथ रहना है। अंग्रेजी भाषांतर में इसे 'लिव इन' कहा गया। 'लिव इन' भारतीय धारणा नहीं है। 'लिव इन' विदेशी उधार की आधुनिकता का परिणाम है। तरुणाई में ऊर्जा का अतिरेक होता है। अनुभव कम होते हैं। इसलिए 'लिव इन' की घटनाएं होती हैं। 'लिव इन' टूटता है। स्त्री और पुरुष दोनों ठगे-ठगे रह जाते हैं।

भारत में विवाह के समय अग्नि के सात चक्कर लगाना अनिवार्य किया गया है। भारत की विवाह पद्धति, पारिवारिक नेह और स्नेह, घर चलाने का अनूठा संविधान है। इसे पश्चिमी सभ्यता के हमले से बचाना चाहिए। ऋग्वेद में सूर्य पुत्री सूर्या के विवाह का वर्णन है। बताते हैं कि गांव नगर के सभी वरिष्ठ बहू के स्वागत के लिए एकत्रित होते हैं। वरिष्ठ जनों के आशीष का भाव बार-बार पढ़ने लायक है। ऋषि कहते हैं कि यह बहू पूरे परिवार के सुख का कारण बने। सास ससुर की सेवा करें। सब पर नियंत्रण करें। घर में इसी बहू का राज्य चले। यह बहू अखंड सौभाग्यवती हो। इसके बच्चे परिवार की प्रतिष्ठा बढ़ाएं। पश्चिम के विवाह में भारतीय संस्कृति नहीं है। पश्चिमी जीवनशैली में व्यक्तिवाद है। भारत के जीवन में सामूहिकता है। उधार की आधुनिकता व्यक्तिवाद बढ़ाती है। व्यक्तिवाद में माता-पिता और परिवार के सदस्य अपनी उपयोगिता के अनुसार सम्मान पाते हैं। यहां माता-पिता की उपयोगिता नहीं देखी जाती। भारतीय जीवनशैली में समूह का हित, समाज का हित और राष्ट्रहित मिलते हैं। संस्कृति में सत्य, शिव और सुंदर का प्रवाह है।

# संन्यास का अर्थ संसार को त्यागना नहीं



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

अंबानी परिवार में अभूतपूर्व शादी के किस्से कम हो चले हैं, लेकिन अपने शंकराचार्यों द्वारा नव विवाहित दंपति को आशीर्वाद देने के लिए वहां जाना अब भी चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ लोग इस विषय को जानबूझकर जीवंत बनाए रखना चाहते हैं।

इनमें से बहुत से ऐसे लोग हैं, जो अनंत की प्रारंभिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पृष्ठभूमि में इस शादी को यादगार बनाने के लिए लगभग पांच हजार करोड़ के व्यय को सर्वथा जायज मानते हैं। उनका तर्क है कि साधारण परिवार के लोग अपने बच्चों की शादी में अपनी जमापूंजी का लगभग दस-पंद्रह प्रतिशत खर्च करते हैं, जबकि अंबानी परिवार ने इस शादी में अपनी पूंजी का एक प्रतिशत से भी कम खर्च किया है, जो लोग स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ चुके अनंत के अरमान को पूरा करने के लिए इतनी बड़ी धनराशि के व्यय को उचित बताते हैं, वही लोग शंकराचार्यों द्वारा इस दंपति की कुशलता हेतु आशीर्वाद देने के लिए अंबानी परिवार में जाने पर आपत्ति जता रहे। यह तो स्पष्ट ही होगा कि कोई भी शंकराचार्य ससम्मान निमंत्रण के बिना वहां नहीं गए होंगे और अगर आमंत्रित होकर उन्होंने अपने स्नेहसिक्त आशीर्वाद से नवदंपति को अभिभूत करने का निर्णय लिया, तो इसमें आपत्तिजनक क्या है? वैसे व्यक्तिगत रूप से मैं यह समझता हूं कि अगर अंबानी परिवार शादी के कार्यक्रम के पश्चात इन धर्माचार्यों के पास नवदंपति को आशीर्वाद दिलाने स्वयं गए होते, तो यह अंबानी परिवार की प्रतिष्ठा में ही वृद्धि करता।

कहा जा रहा है कि संन्यासी को गृहस्थ के यहां नहीं जाना चाहिए। हम भूल जाते हैं कि वर्णाश्रम व्यवस्था में ब्रह्मचर्य, वानप्रस्थ एवं संन्यास- यह तीनों आश्रम गृहस्थाश्रम पर ही आश्रित रहे हैं। इसीलिए गृहस्थ आश्रम को सर्वश्रेष्ठ कहा गया है। आदि शंकराचार्य ने संन्यास ग्रहण करने के पश्चात अपनी माता को दिए गए वचन के पालन हेतु घर पहुंचकर उनका अंतिम संस्कार किया था, जो संन्यास आश्रम की मान्यताओं के विपरीत है। भगवान बुद्ध संन्यासी होते हुए अपनी पत्नी के पास भिक्षा मांगने गए थे। संन्यास का अर्थ संसार को त्यागना नहीं है, बल्कि सांसारिकता की आसक्ति पर विजय पाना है। विदेह राज जनक गृहस्थ व राजा होते हुए भी एक संन्यासी के रूप में समादृत हैं। आदि शंकराचार्य ने अपने जीवन के अंतिम दिनों में स्वयं राजा सुधंवा का आतिथ्य ग्रहण किया था। शंकराचार्य जी ने अपने अंतिम संदेश में कहा था कि केवल आत्मज्ञान ही संन्यासियों के लिए यथेष्ट नहीं है, अपितु वर्णाश्रम धर्म के संस्थापक और संरक्षण का गुरु-दायित्व भी उन्हें वहन करना होगा।

मठाधीश एक स्थान में न रहकर धर्म प्रचार के लिए विभिन्न स्थानों में परिभ्रमण करें तथा साधारण जनता वर्णश्रम धर्म के पालन द्वारा क्रमशः उच्चतर और महत्तर लाभ के लिए प्रयत्न पारायण हो, इस पर भी मठाधीशों की सावधान दृष्टि रहे। जहां तक हमारे द्वारा अपने धर्म गुरुओं के मान-सम्मान का प्रश्न है, उल्लेखनीय है कि जब कुछ धर्माचार्यों ने अर्धकुंभ को कुंभ व महाकुंभ बनाए जाने का विरोध किया, तब यही लोग उनका समर्थन करने के बजाय उनकी कमी निकालने लगे। इसी प्रकार जब आधे-अधूरे निर्मित श्रीराम मंदिर के उद्घाटन पर शंकराचार्यों ने शास्त्र सम्मत आपत्तियां कीं, तो पुनः उनको सुनने अथवा उनका साथ देने के बजाय उनकी विभिन्न प्रकार से आलोचना की जाने लगी। दरअसल ऐसे लोगों को हमारे धर्म गुरुओं से न कोई लगाव है और न कोई समस्या। उनकी मूल समस्या है हीरो-वर्शिप, व्यक्ति पूजा। कूपमंडूकता किसी भी व्यक्ति पूजक की प्राथमिक योग्यता है।

# नन्हे-मुन्नों का विकास और राष्ट्रीय शिक्षा नीति



डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

नैतिक गुणों के विकास हेतु किसी ज्ञान अथवा उपदेश को थोपने या सीधे प्रदान करने की आवश्यकता नहीं, बल्कि वे उनमें व्यवहारिक प्रक्रिया द्वारा स्वयं से विकसित होने चाहिए।

6 से 8 वर्ष की आयु बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास की यह अति महत्वपूर्ण आयु मानी गई है। बच्चों के मस्तिष्क का 85 प्रतिशत विकास प्रारंभिक 6 वर्ष की आयु में ही हो जाता है। राज्य में बहुत सारे बच्चे ऐसे है, जो 6 वर्ष से पूर्व किसी संस्थान से औपचारिक रूप से नहीं जुड़ पाते हैं, अर्थात उन्हें गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा एवं देखभाल के पर्याप्त अवसर मुहैया नहीं हैं। 3 वर्ष की आयु से बच्चे अपने घर एवं परिवार से प्रारंभिक भाषायी दक्षताओं को प्राप्त करना आरंभ कर लेते हैं। ये बेहद अनौपचारिक एवं असंगठित प्रक्रियाओं द्वारा किया जाता है, जिसे आगे बढ़ाने एवं नियोजित ढंग से औपचारिक एवं संस्थागत करने हेतु संस्थाओं का उपयोग अत्यंत आवश्यक हो जाता है। यदि हम प्ले स्कूलों एवं वर्तमान संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दृष्टि डालें, तो पाते हैं कि वे उस स्तर पर नहीं हैं, जिस स्तर पर उन्हें होना चाहिए। राज्य में बहुत सारे बच्चे 6 वर्ष तक की आयु पूर्ण कर सीधे कक्षा 1 में प्रवेश पाते है, जिससे ऐसे बच्चे अपने बाल्यावस्था शिक्षा एवं देखभाल के शुरुआती 3 वर्ष गैर संस्थागत एवं गैर प्रणालीगत तरीके से पूर्ण करते हैं, जो कि किसी भी दशा में उचित नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का लक्ष्य देश के विकास की अनिवार्य आवश्यकताओं को सुनिश्चित करना है। यह नीति प्रत्येक व्यक्ति में निहित रचनात्मक क्षमताओं के विकास पर विशेष बल देती है। प्रारंभिक बाल्यावस्था में बच्चों का स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण कारक है, जो सीधे बच्चों के सीखने को प्रभावित कर सकता है। इस अवस्था में यह भी आवश्यक है कि प्रारंभिक बाल्यावस्था के बच्चे स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण में सीख रहे हों, बढ़ रहे हों। इस आयु में बच्चों के पोषण एवं देखभाल की सबसे अधिक आवश्यकता महसूस की जाती है, क्योंकि इस आयु में बच्चे अत्यंत शीघ्रता के साथ सीख एवं बढ़ रहे होते हैं। सीखने की इस प्रक्रिया में संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो जाती है। इससे पूर्व 3 वर्ष तक की आयु में अपने अनुभवों से, देखकर, दोहराकर या नकल करके या जिज्ञासा के आधार पर बच्चे जो कुछ भी सीखते हैं, वह ढांचागत या प्रणालीगत नहीं होता है। उन सारे सीखने के अनुभवों को एक स्थान पर एकत्र कर सीखने की प्रक्रिया को ढांचागत तरीके से आगे बढ़ाने में संस्था की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 में कहा गया है कि संस्थाएं ऐसी हों जहां प्रत्येक छात्र का स्वागत किया जाता हो, उसकी देखभाल की जाती हो। जहां बच्चा स्वयं को सदैव सुरक्षित महसूस करें।

3 वर्ष की आयु से पूर्व बच्चों में बातचीत, खेलना, छूकर अनुभव आदि के अधिक अवसर दिए जाने चाहिए, जिससे 3 वर्ष के पश्चात उनका शारीरिक और गत्यात्मक, सामाजिक भावनात्मक, संज्ञानात्मक, संप्रेषण घर की भाषा में एवं संख्या ज्ञान की मौखिक शुरुआती समझ आदि पर विकास संभव हो सकेगा। 3 वर्ष में शुरुआती सीखने की यह गतिविधियां बच्चों को अनुभव के आधार पर निश्चित रूप में आरंभ हो जानी चाहिए। जैसे-जैसे बच्चे 4-5 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे होंगे, वे अपनी संस्था में समूह में कार्य करना, अपना विचार बनाना तथा व्यक्त करना (राय देना), नेतृत्व प्रदान करना, अच्छी आदतों में विकास की शुरूआत आदि सीख रहे होंगे। यहां हम बच्चों को नैतिक गुणों में विकास हेतु कुछ अनुभव एवं वातावरण उपलब्ध करा सकते हैं। नैतिक गुणों के विकास हेतु किसी ज्ञान अथवा उपदेश को थोपने या सीधे प्रदान करने की आवश्यकता नहीं, बल्कि वे उनमें व्यवहारिक प्रक्रिया द्वारा स्वयं से विकसित होने चाहिए। खेल आधारित शिक्षा का आरंभ भी इसी आयु में हो जाता है। खेल आधारित शिक्षा से बच्चों में उनकी जिज्ञासा, सृजनात्मकता, टीम भावना का विकास, सहानुभूति-समानुभूति, समावेशिता, आस-पास का वातावरण एवं साथियों के साथ समावेशन की क्षमताओं का विकास संभव हो पाता है। इन्हीं गतिविधियों से बच्चों की जन्मजात प्रवृत्तियों एवं क्षमताओं का पता भी लगाया जा सकता है।

इस आयु में बच्चे खेल से बहुत तीव्रता से सीखते हैं। खेल एकल अथवा सामूहिक हो सकते हैं। जहां तक संभव हो संस्थागत ढांचे में उन की आयु के समूहों के खेलों को प्राथमिकता प्रदान करें। संस्था के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों द्वारा बच्चों में संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए अत्यंत व्यावहारिक रूप से, उनमें नैतिक मूल्यों के विकास की प्रक्रिया आरंभ की जानी चाहिए। 3 से 8 वर्ष की आयु में संस्थाएं ऐसा वातावरण विकसित करें कि सीखने-सिखाने की प्रक्रिया केवल संस्था तक सीमित न रहे, बल्कि यह बच्चों के घर-परिवार एवं समाज तक जाएं। बच्चे विद्यालय में, विद्यालय से बाहर, परिवार में कहीं भी बेझिझक सवाल कर रहे हों, अपनी जिज्ञासाएं उजागर कर रहे हों। शिक्षक और अभिभावक कभी भी बच्चों को इसके लिए रोकें नहीं, उन्हें चुप न कराएं। बच्चों के शिक्षकों एवं अभिभावकों आदि सभी का दायित्व रहेगा कि वे बच्चों जिज्ञासाएं शांत करने को निरंतर प्रयासरत रहें तथा उन्हें किए गए प्रश्नों के उत्तर के नजदीक तक ले जाएं। इस आयु में अभिभावक, शिक्षक एवं स्वयं बच्चों का भी दायित्व रहेगा कि वे सीखने की इस औपचारिक एवं अनौचपारिक प्रक्रिया पर निरंतर समालोचनात्मक एवं सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। इस दौरान यह भी आवश्यक है कि बच्चों के क्रियाकलापों, उनके उत्तरों, प्रश्नों एवं व्यवहारों द्वारा ही जानने की प्रगति का पता लगाएं। उनके अनुभवों, विचारों को तबज्जो दें तथा अपने विचारों से सरल भाषा में उन्हें अवगत कराएं। इसी से सीखने का पता लगाया जाना चाहिए तथा उन्हें आवश्यकतानुसार आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए।

# रेत का किला



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

व्यवहार की जो पद्धति समाज के साथ हमको भी आगे ले जाए, वह नीति है। नीति शब्द से नैतिक और नैतिकता शब्द बनते हैं। यह नैतिकता ही संस्कार या चरित्र है, जिसके संबंध में बहुत बातें कही जाती हैं। यदि नैतिकता न हो तो व्यक्ति का क्षरण हो जाता है, परिवार का क्षरण हो जाता है, दल या संगठन का क्षरण हो जाता है तथा राज्य संस्था का क्षरण हो जाता है।

नैतिकता एक मर्यादा है और मर्यादा राजा की भी होती है और प्रजा की भी होती है, समुद्र कितना प्रबल है? किंतु मर्यादा को वह भी मानता है। राज्य विश्वास पर टिका है, भय पर नहीं, केवल सैन्यबल पर राज्य स्थिर नहीं रह सकता। आप एक सीमा तक लोगों को जेल या यातना से डराकर चुप कर सकते हैं, लेकिन जब लोग समझने लगेंगे कि यहां अपराधी नहीं, सज्जन डरा हुआ है। सामान्य जन भयभीत है, अपराधी से समझौता है। लोग सच कह नहीं पा रहे हैं। असत्य को डरना चाहिए, किंतु सच डर रहा है। दंडव्यवस्था अनैतिक है, दुष्ट निर्भय हैं। असामाजिक को डरना चाहिए, किंतु यहां तो समस्त डर लोकतंत्र को ही चुप करना चाहता है, तब लोग जान जाएंगे कि राजा डरा हुआ है, वह नैतिकबल को खो चुका है। वह अनैतिक है, क्योंकि झूठ बोलता है। अविश्वसनीय है। विश्वास यह नहीं समझता कि आप क्या कहते रहते हैं? विश्वास दिन और रात यह देखता रहता है कि आप करते क्या हैं? आपके आचरण को आपके घर की दीवारें देख रही हैं, घर की छत आपके आचरण की परीक्षा कर रही होती है। आप समझ रहे होते हैं कि मुझे कोई नहीं देख रहा, किंतु सच यह है कि आप किसी को नहीं देख पा रहे हैं और आपको सबने देख लिया है। विश्वास एक प्रचंड शक्ति है, उसके सामने सैन्यशक्ति भी निस्तेज हो जाती है। विश्वास सैन्य बल पर नहीं, सत्य पर टिका हुआ है, सत्य नहीं तो विश्वास नहीं और विश्वास नहीं तो कुछ भी नहीं। लोक विश्वास के बिना राज्य संस्था कुछ समय तक भरम के रूप में धुंए की तरह रह सकती है, किंतु अंततः वह निस्तेज हो जाती है। रेत के किले की तरह अपने आप ढह जाती है।

# गुरु के प्रति कृतज्ञता का उत्सव



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

भारत पूरे विश्व में अपनी संस्कृति, आचरण व शिष्टाचार से जाना जाता है। गुरु पूर्णिमा भगवान शिव द्वारा स्थापित ऐसा ज्ञानपर्व है, जिसमें व्यास परंपरा की जीवंतता है। यह ज्ञान की आराधना का पर्व है और सरल शब्दों में कह सकते हैं कि ज्ञानी अर्थात गुरु के प्रति निष्ठा और श्रद्धा समर्पण का पर्व है।

हमारे जीवन में प्रज्ञा और श्रद्धा की दो धाराएं अनवरत एक साथ चलती हैं। इसलिए जो प्रज्ञावान हैं, हम उनका भी सम्मान करें और जो श्रद्धावान हैं वह भी हमारी धरोहर हैं। गुरु पूर्णिमा इस श्रद्धावान और प्रज्ञावान के संबंधों के पुनर्जागरण का दिन होता है। गुरु सामान्यतः महामानव होते हैं, जिनकी कृपा से मानव यथार्थ जीवन संपन्नता प्राप्त करता है, आत्मिक पवित्रता प्राप्त करता है, प्रखरता प्राप्त करता है। इसलिए ऋषि व्यास जो महानतम ज्ञानी हैं "व्यासस्य रूपाय विष्णवे" उनकी वंशावली में, व्यास पूर्णिमा 'गुरु पूर्णिमा कहलाती' है। हमारे यहां कहा गया है, "गुरु बिनु भवनिधि तरइ न कोई। जउ बिरंचि संकर सम होई।। अर्थात गुरु सबके लिए अनिवार्य हैं। वह गुरु जो सत-असत, ज्ञान-अज्ञान का विभेद कर सके, उसका विस्तृत ज्ञान इतना हो कि वह संपूर्ण परिस्थितियों का जानने वाला हो तभी जाकर वह मार्गदर्शक बन सकता है।

गुरु तथा देवता में समानता के लिए एक श्लोक में कहा गया है कि जैसी भक्ति की आवश्यकता देवता के लिए है वैसी ही गुरु के लिए भी। शास्त्रों में गुरु अज्ञान के अंधकार को दूर करके ज्ञान का प्रकाश देने वाला कहा गया है। गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले होते हैं। गुरु की कृपा से ईश्वर का साक्षात्कार संभव हो पाता है और गुरु की कृपा के अभाव में कुछ भी संभव नहीं हो पाता।

# प्रश्नों की बौछार



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

इतनी बीमारियों के बावजूद सोना देवी की जीवंतता और खाने पीने में रुचि कम नहीं पड़ी थी। अच्छा खाना-पीना, सलीके से रहना, घूमना -फिरना उनकी प्रबल इच्छाओं में था।

चौहत्तर वर्षीय सोना देवी को दस वर्षों से डायबिटीज थी। उसका थोड़ा-बहुत असर अब हृदय पर भी पड़ चुका था, जिसके चलते अब उन्हें ज्यादा मेहनत या श्रम करने पर छाती में दर्द या जलन होती थी, साथ में ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ा हुआ था। इसीजी करने पर पता कि उन्हें दिल का हल्का दौरा पड़ चुका है। गर्दन की हड्डियां भी कमजोर पड़ गई थी, जिसके चलते उन्हें गर्दन और दोनों बाजुओं में दर्द की शिकायत थी। उनका शरीर खाया-पिया था। वजन भी अच्छा-खासा था। शारीरिक गठन सूचकांक 29.6 था, जो सामान्य से काफी अधिक था। दोनों कानों से कम सुनाई देता था।

इतनी बीमारियों के बावजूद सोना देवी की जीवंतता और खाने पीने में रुचि कम नहीं पड़ी थी। अच्छा खाना-पीना, सलीके से रहना, घूमना -फिरना उनकी प्रबल इच्छाओं में था। मुझे बहुत अच्छी तरह से याद है कि जब वे पिछली बार सर्वप्रथम मुझे दिखने आईं थीं तब उनके दो प्रमुख प्रश्न थे क्या मैं संगम के किनारे मिलने वाली गुड़ खा सकती हूं? अपने फैली हथेलियों के संकेत से एक बड़े कटोरे के बराबर खीर खा सकती हूं। जिसे दस वर्षों से अधिक की डायबिटीज हो, ब्लड प्रेशर हो उसे रोज खीर खाने को मैं कैसे अनुमति देता? मैंने उन्हें बहुत समझ-बुझाकर गुण-दोष बताकर एक छोटी कटोरी कभी- कभार लेने की इजाजत दी थी।

आज करीब छह महीने बाद जब वह ओपीडी में आईं तब कुशलक्षेम के बाद उन्होंने कहा डाक्टर साहब कमजोरी बहुत है। क्या मैं गुड़ की जलेबी खा सकती हूं? पकौड़ी, कढ़ी, कटहल की सब्जी खा सकती हूं? और हां डॉक्टर साहब क्या मैं उड़द की दाल या दम आलू खा सकती हूं? इसके पहले कि मैं उन्हें कुछ जवाब दूं उनका आगामी प्रश्न था क्या मैं दही माठा से रोटी खा सकती हूं? और हां डाक्टर बाबू क्या मैं पहले की तरह राजमा -छोला खा सकती हूं की नहीं? कहो डाक्टर साहब क्या चना उबाल कर खा सकती हूं? पेप्सी मेरे लिए मना तो नहीं है? आजकल लोग नारियल का पानी खूब पीते हैं क्या हमहूं इसे पी सकते हैं? मैंने कहा बिल्कुल मां। गांव में मेरे खेत में एक बहुत सुंदर आम का पेड़ हैं। सिंदूर के रंग का उसका आम बहुत मीठा होता है। हम लोग उसे सेनहुरवा आम बोलते हैं। सेनहुरवा की बात करते-करते वह अत्यंत लालायित भाव से बोली क्या वह आम अब मैं खा सकती हूं की नहीं।

डॉक्टर साहब मैं अपने घर के तीसरे महला पर खटाखट चढ़ जाती थी, पर अब दूसरी मंजिल पहुंचते-पहुंचते सांस फूल जाती हैं। ऐसा क्यों है डॉक्टर साहिब? ऐसा कहते समय उनके चेहरे पर बाल सुलभ सरलता, मुस्कराहट और कौतूहल था। खाने-पीने से संबंधित उनके अनेक प्रश्न मेरे लिए थोड़े कौतूहल पूर्ण थे। पहले मेरा मन हुआ कि मैं इन्हें चिकित्सालय की डायटीशियन के पास शंका-समाधान के लिए भेज देता, लेकिन मेरे अंतःकरण ने यह गवारा नहीं किया, क्योंकि उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से डायटीशियन की समझ शायद ही मेल खाती। यह ध्यान में रखकर मैंने स्वयं यह जिम्मेदारी निभाने का निश्चय किया।

मेरा उत्तर संक्षिप्त और सरल था- आप सब चीजों का आनंद लें पर ज्यादा चिकनाई, तले-भुने, अधिक नमक, मैदे से बनी चीजें और जंक पदार्थों से बचने की कोशिश करें। कहते है न जीभ तो 'स्वाद लेहि भीतर गई, भोगत हृदय अपार'। यहां यह बात सोलहों आने सच थी। इसी चटोरी जीभ के कारण उन्हें डायबिटीज, हृदयाघात, चिकनाई दोष जैसी समस्याएं घेरे हुएं थी, पर उनका चटपटे भोजन के प्रति लगाव कम नहीं हुआ था। पता नहीं मैं उसके तमाम प्रश्नों का समाधान कर पाया या नहीं, पर जाते समय उसके चेहरा जिस प्रकार प्रसन्नता से खिला हुआ था और उसके नेत्रों में कृतज्ञता के भाव परिलक्षित हो रहे थे तथा अभिवादन में जो नमन दृष्टिगत हो रहा था वह किसी भी चिकित्सक को अंदर से विचलित करने के लिए पर्याप्त था।

# ऐसे भी होते हैं मुस्लिम



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इन दिनों उत्तर प्रदेश में कावड़ियों के मार्ग की दुकानों और होटलों से लेकर ठेलियों तक पर स्वामी के नाम का पट लगाए जाने के शासकीय आदेश की खबर गरम है। इसके पीछे की भावना यह है कि इन शिव भक्तों को हिंदू-मुस्लिम विक्रेता की पहचान हो सके। हालांकि इन नाम पटों की सत्यता की पुष्टि करने का कावड़ियों के पास कोई उपाय नहीं है और न इतने वृहत पैमाने पर सरकारी तंत्र इसे सत्यापित ही कर सकता है, जो लिखा है उसे मुख मूल्य पर स्वीकार करना होगा।

तथ्य यह भी है कि तमाम नाम कामन होते हैं, जो हिंदू मुसलमान दोनों रखते हैं। ऐसा इस समय क्यों किया गया? लोकसभा चुनावों में यूपी में भाजपा को मिली करारी शिकस्त के परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आलोचना की बौछारें हो रही हैं। उनके अपने दोनों उप मुख्यमंत्री इसमें सबसे आगे हैं, शायद हाई कमान के इशारे पर। इसी बीच प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव भी होने हैं, जिनके परिणामों से योगी की प्रतिष्ठा जुड़ी होगी और शायद कुर्सी भी। ऐसे में नाम पट दर्शित करने वाली योजना वोटों के सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करने का प्रयास है। अब इसमें कितनी सफलता मिलती है, यह समय बताएगा। वैसे मेरा मानना है कि कोई भी समूह या संप्रदाय अपनी संपूर्णता में अच्छा या बुरा नहीं होता। मिश्रण होता है। यहां वेद पुराण की बात नहीं करेंगे, क्योंकि तब तो हिंदू-मुस्लिम था ही नहीं। इतिहास में मंसूर, सरमद, फैजी, रहीम, रसखान और मलिक मोहम्मद जायसी जैसे नाम हैं, जिनको इंगित करके भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने कहा था, "इन मुसलमान हरिजनन पै कोटिन हिंदू वारिये"। कृष्ण भक्तिन ताज बीबी की कब्र आज भी वृंदावन की रमण रेती में हिंदुओं की श्रद्धा का केंद्र है और उनके स्वर "नंद के कुमार कुरवान तेरी सूरत पै, हौं तो मुगलानी हिंदुवानी ह्वै रहौंगी मैं" लोक मानस में घर किए हुए हैं।

हमारी पुत्री शारदा शुक्ला की विद्यार्थी जीवन की घनिष्टा सखी रूही सिद्दीकी उच्च न्यायालय की लखनऊ खंड पीठ में सरकारी वकील है। अभी कश्मीर यात्रा पर गई थी, तो श्रीनगर के प्रसिद्ध शिव मंदिर भी गई, जिसे शंकराचार्य जी ने प्रतिष्ठित किया था। मेरे गृह कार्य की प्रभारी 'गुड़िया' नामक महिला है। वह मुसलमान है। शुरू में उससे पूछा गया था कि "तुम्हारा कोई मुसलमानी नाम भी होगा?" तो उसने कहा नहीं यही एक नाम है। अब इस नाम का यदि पट लगा हो तो कैसे जानेंगे कि यह हिंदू है या मुसलमान? मेरे परिवार वालों का आश्चर्य तब और बढ़ा, जब उसकी किशोरी बेटी एक दिन घर आई और उसका नाम पूजा बताया गया। कारण पूछने पर गुड़िया कहती हैं "आप लोगों के जो देवी पूजा के दिन होते हैं, उनके आखिरी दिन की इसकी पैदाइश है, इसलिए पूजा नाम रख दिया"। यानी एक पहलू यह भी है।

# उप मुख्यमंत्री के साथ रोपे 'एक पेड़ मां के नाम'

## वन विभाग की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम, पौधे लगाने के बाद उन्हें संरक्षित करने का किया आह्वान

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शासन की ओर से गंगा बैराज मार्ग स्थित ट्रांस गंगा सिटी प्रांगण में पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओं जन अभियान 2024 के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम समर्पित कार्यक्रम का वन विभाग की ओर से आयोजन किया गया। जहां प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने परिसर में पौध रोपण किये। इसके साथ ही जिला पंचायत सदस्य, विधायकों, अधिकारियों, स्कूली बच्चों के अलावा लोगों ने पौध रोपण कर उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लिया।

शनिवार दोपहर लगभग सवा बारह बजे उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ट्रांस गंगा सिटी में पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान 2024 के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम समर्पित कार्यक्रम में पहुंचे। जहां मौजूद जिलाधिकारी गौरांग राठी और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने उन्हें रुद्राक्ष का पेड़ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने ट्रांस गंगा सिटी परिसर में पीपल, पाकड़, बरगद के पौधे लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, विधायक पंकज गुप्ता, श्रीकांत कटियार, बृजेश रावत, जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, प्रमुख सचिव उद्यान एवं रेशम बी एल मीना, डीएम गौरांग राठी, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा, डीएफओ आरुषि मिश्रा, सीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश, एसडीएम हिमांशु गुप्ता, अविनाश चौधरी, सोनम सिंह ने भी पौधरोपण किया। इस दौरान अधिक से अधिक पौधे लगाकर उन्हें संरक्षण रखने का संकल्प लिया।



ट्रांस गंगा सिटी परिसर में पौधरोपण करते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार




कार्यक्रम के दौरान रैली निकालते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

### घंटों इंतजार करते रहे स्कूली बच्चे, निकाली रैली

कार्यक्रम के दौरान सरस्वती विद्या मंदिर गोपीनाथपुरम स्कूल व अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल के एनसीसी के बच्चे घंटों इंतजार करते रहे। जिसके बाद एसवीएम प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह, रमेश सिंह के नेतृत्व में एनसीसी के छात्र पहुंचे। वहीं अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल, एसपीजेडी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने ट्रांस गंगा सिटी परिसर में पौध रोपण से संबंधित हाथों में तख्तियां निकाली। वहीं वन विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग ने बढ़ चढ़कर पौध रोपण किये।

### 59 लाख पौधों का होगा रोपण, 27 विभागों को मिली जिम्मेदारी

**शुक्लागंज उन्नाव।** शासन के निर्देश पर वृहद पौधरोपण अभियान के तहत जनपद में 59 लाख पौधे रोपित किये जा रहे है। पौधरोपण की जिम्मेदारी 27 विभागों को दी गई है। पौधारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए डीएम गौरांग राठी ने अभियान की मॉनिटरिंग कर रहे है। बता दें बैठक में डीएम गौरांग राठी ने अधिकारियों से बीते सालों में लगाये गये पौधों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो भी विभाग पौधे लगा रहे हैं, वे उनके संरक्षण की भी जिम्मेदारी लें। प्रत्येक विभाग का कर्मचारी व अधिकारी कम से कम एक पौधा मां के नाम पर जरूर लगायेगा और उसका संरक्षण करेगा। धरती के संतुलन को बनाये रखने के लिए कम से कम 33 प्रतिशत वनाच्छादन अनिवार्य रूप से होना चाहिये, जबकि जनपद का वनाच्छादन महज 5 .82 प्रतिशत है। औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने के लिए कम से कम 70 प्रतिशत वनाच्छादन का होना चाहिये।

### पिछले साल रोपे गये थे 57 लाख पौधे

मानसून का मौसम आते ही जिले में वृहद पौधारोपण अभियान के तहत पौधरोपण चल रहा है। इसके तहत पूर्व में 57,01,920 पौधों को रोपित किए जाने थे, लेकिन इस बार 59,57,336 पौधे रोपित किए जाएंगे।

### उपमुख्यमंत्री का जगह-जगह हुआ स्वागत

**शुक्लागंज उन्नाव।** शनिवार को लखनऊ से ट्रांस गंगा सिटी जाने के दौरान गंगाघाट क्षेत्र में उप मुख्यमंत्री का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया हुआ। इस दौरान कार्यकर्ता घंटों उनके आने का इंतजार करते रहे। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक लखनऊ से ट्रांस गंगा सिटी की ओर जा रहे थे, तभी मरहला चौराहे पर सुबह से ही कार्यकर्ता इंतजार करते रहे। दोपहर के समय जैसे ही वह पहुंचे, तभी कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष आदित्य त्रिपाठी, पूर्व चेयरमैन मनोज गुप्ता, मनीष जायसवाल, विजय राज सिंह, दुर्गा तिवारी, धीरज सिंह, राजेन्द्र लोधी, अरूण रावत, प्रमोद पासी, प्रदीप राजपूत, धर्मेन्द्र सोनकर, जैनेन्द्र शुक्ला, अमरेन्द्र गुप्ता, अवनीश शुक्ला, प्रत्यय गुप्ता, अनिल त्रिवेदी, संत कुमार भारती समेत तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दूसरे पुल का भेजा गया है प्रस्ताव, शिफ्ट होगी गंगाघाट कोतवाली

शुक्लागंज के जाम को लेकर नये पुल के लिये प्रस्ताव भेजा गया है, जल्द ही इसी बजट में वह भी पास होगा, उन्होंने जिलाधिकारी से कहा है कि शुक्लागंज में पुल पर लगातार जाम रहता है, थाने के पास बड़ा चौराहा बनाने का प्रस्ताव रखा है, कोतवाली को कहीं और शिफ्ट किया जायेगा। जिससे आवागमन में सुविधा हो सके। वहीं पोनी रोड, फोरलेन न नवीन पुल मोड़ पर लगने वाले जाम से आने जाने वाले लोगों को निजात मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कानपुर और लखनऊ के बीच उन्नाव है। हम लोग हमेशा उन्नाव को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं, क्योंकि कानपुर और लखनऊ का तेजी से विकास हो रहा है। उसी तरह उन्नाव का भी विकास हो।



उपमुख्यत्री को ज्ञापन सौंपते अध्यक्ष मयंक शुक्ला। अमृत विचार

### मीटिंग हॉल आवंटित कराने को सौंपा ज्ञापन

**शुक्लागंज उन्नाव।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के कार्यक्रम के दौरान शुक्लागंज उन्नाव प्रेस क्लब के अध्यक्ष मयंक शुक्ला ने उन्हें ज्ञापन देते हुये बताया कि प्रेस क्लब नौ वर्षों से कार्य कर रहा है। प्रेस क्लब द्वारा समय-समय पर पत्रकारों की बैठक आहूत की जाती है लेकिन प्रेस क्लब के पास कोई भी मीटिंग हॉल न होने से दिक्कतें उठानी पड़ रही है। उन्होंने नगर पालिका गंगाघाट में प्रेस क्लब की मीटिंग के लिये हॉल आवंटित करने की मांग की। जिस पर उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है।

### उप मुख्यमंत्री से मिला किसानों का प्रतिनिधि मंडल

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के कार्यक्रम के दौरान ट्रान्स गंगा सिटी मे जा चुकी जमीन से प्रभावित किसानों के प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकाम किया। इस दौरान अशोक बाजपेयी, राम त्रिवेदी, शिवनारायण मिश्रा, लक्ष्मी शंकर अवस्थी ने बताया कि प्रभावित किसानों की ट्रांस गंगा सिटी मे छह प्रतिशत विकसित भूखंड, और कुछ किसानों को पुनर्वास अभी तक नहीं मिला है। जिस पर उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन के साथ किसानों के प्रतिनिधिमण्डल को लखनऊ बुलाया और बैठक कर विस्तृत बात करने की बात कही है।

# 'मैं जहां कही भी रहूं मेरे रग-रग में बसा है उन्नाव'

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)



मौजूद लोगों को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

- शुक्लागंज जाम को लेकर दूसरे पुल का भेजा गया है प्रस्ताव
- गंगाघाट कोतवाली को भी किया जायेगा शिफ्ट, बनेगा बड़ा चौराहा

**अमृत विचार।** उन्नाव और गंगाघाट क्षेत्र के सभी लोगों को मैं भलिभांति जानता हूं। इतना ही नहीं यहां के लोगों को मैं घर की तरह मानता हूं। आज मैं जो भी हूं वह उन्नाव के लोगों के दम पर हूं, इसीलिये उन्नाव मेरी रग रग में बसा हुआ है। पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग के प्रति चिंतित है। आने वाले समय में अगर अधिक से अधिक पौधे न लगाये गये तो जीवन खतरे में आ जायेगा। इसलिये अभी से हर व्यक्ति को एक पौधा मां के चित्र के साथ अवश्य लगायें।

यह बात शनिवार को पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कही। उन्होंने कहा कि दुनिया के पैमाने पर विभिन्न वैश्विक प्लेटफार्म पर पीएम मोदी ने इस चिंता को जाहिर किया है, हम ग्रीन एनर्जी की ओर आगे बढ़ रहे हैं लेकिन धरती माता का श्रृंगार करने के लिये आने वाली पीढ़ी को बढ़िया और स्वच्छ वातावरण देने के लिये हम सभी को पौधरोपण अभियान को बहुत तेजी के साथ आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि चाहे आजादी की लड़ाई हो या उसके पहले हो, उन्नाव ने जो प्रण लिया है, उसको पूरा करने का काम किया है। उन्नाव से हमारा घर का रिश्ता है। इसलिये सबसे अपील करते हैं, कि पौध रोपण अवश्य करें। उत्तर प्रदेश में भारत में सर्वाधिक पौधे लगाने का यदि किसी को गौरव हासिल है तो उत्तर प्रदेश के लोगों को हासिल है।

### वृक्ष बचेंगे तो हमारी धरा का होगा श्रृंगार

**उन्नाव।** हम सभी लोग अपनी मां के नाम से पौधे लगाये, जिनकी मां जीवित हैं उनके लिये चार पौधे लगायें, यदि हमारी मां स्वर्ग में हैं तो उनकी याद में फोटो के साथ पौधा लगायें और उसे संरक्षित करने का काम करें और उस पौधे को पालने का काम करें, वन विभाग से कहा कि पौधा लगाना आवश्यक हैं, लेकिन सर्वाधिक आवश्यकता है कि पौधों को बचाना भी है, वृक्ष बचेंगे तो हमारी धरा का भी श्रृंगार होगा। उन्होंने कहा कि मैं कहीं भी रहूं उन्नाव का उन्नाव के लिये लगातार काम करता रहूंगा, उन्नाव मेरे रग रग में हैं। मैं यहां खड़ा हुआ हूं तो आपकी कृपा से हूं।

# कार्यक्रम के बाद बैराज मार्ग पर लगा भीषण जाम

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शनिवार को बैराज मार्ग स्थित ट्रांस गंगा सिटी कार्यक्रम के समापन के बाद वाहनों का रैला बैराज मार्ग से निकल पड़ा। जिस कारण सरैयां रेलवे क्रासिंग के पास भीषण जाम लग गया। जाम में तमाम वीआईपी भी फंसे रहे। इस दौरान एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।

ट्रांस गंगा सिटी में दोपहर करीब एक बजे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का कार्यक्रम समाप्त हुआ। जिसके बाद वह कानपुर की ओर निकल गये। वहीं शुक्लागंज, उन्नाव व आस पास क्षेत्रों से कार्यक्रम में शामिल होने आये लोग अपने वाहनों से निकले। इसी दौरान बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर वाहनों का भार बढ़ने और ट्रेनों के निकलने के कारण क्रासिंग बंद रही। जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम लगने के कारण जाम में फंसे लोग परेशान हो गये। इस दौरान एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।



बैराज मार्ग जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार



सफीपुर में डंपिंग यार्ड में पौधरोपण करते नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेयी।



आईजीजीपीजी कॉलेज में पौधरोपण के दौरान मौजूद शिक्षक व छात्र-छात्राएं।

# धरा को हरा-भरा करने में दिखा जबरदस्त उत्साह

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** प्रशासनिक तैयारियों के तहत शहर सहित जिले में अभियान के तहत 'एक पेड़ मां के नाम' रोपित करने में जबर्दस्त उत्साह दिखाई दिया। डीएम गौरांग राठी के मार्ग दर्शन में पौधरोपण अभियान के लिए पहले से चयनित स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां जनसहभागिता सुनिश्चित कराते हुए जिम्मेदारों सहित आम लोगों ने भी पौधे रोपित किए।

नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्वेता मिश्रा ने प्रतिनिधि प्रवीन कुमार मिश्र भानू सहित कब्बाखेड़ा के आगे निर्माणाधीन चंद्रशेखर आजाद पार्क परिसर में पंच पल्लव स्थापित करते हुए पौधरोपण किया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्साधिकारी डा. कप्तान सिंह ने बेथर गांव पहुंच कर आयुर्वेदिक चिकित्सालय परिसर में पौधरोपण किया। कृभको के क्षेत्रीय प्रबंधक सर्वजीत सिंह के नेतृत्व में सिकंदरपुर सरोसी ब्लाक की राजेपुर पतारी में विभिन्न प्रजातियों के फलदार पौधे लगाए गए।

**बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार,** पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम थीम पर सीएचसी परिसर में चिकित्साधीक्षक डा. मुकेश सहित अन्य स्टाफ ने पौधों का रोपण किया। इस दौरान डा. सागर, डा. नीरज शुक्ला, डा. आफताब व प्रेमसिंह आदि मौजूद रहे। इसी तरह आईजीजीपीजी कालेज परिसर में पर्यावरण समिति के प्रभारी डा. दिग्विजय नारायण और एनएसएस के कार्यक्रम प्रभारी धर्मेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने पौधरोपण किया । क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार व एसडीएम नम्रता सिंह के नेतृत्व में तहसीलकर्मियों सहित अन्य लोगों ने तहसील परिसर में पौधे लगाए।

**सफीपुर संवाददाता के अनुसार,** पीएम की अपील पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेयी 'राजा बेटा' व ईओ विनीत श्रीवास्तव के निर्देशन में महमूदपुर स्थित डंपयार्ड पर सभासद रामखेलावन पाल, सजय कुमार, वसीम अहमद, वसीक अहमद, साकिब अली, सभासद प्रतिनिधि शाहरुख सफवी, श्याम सिंह छन्नू व लिपिक होरीलाल आदि ने पौधरोपण किया। इसी तरह विधायक बंबालाल दिवाकर ने पौध रोपण किया।

**बिछिया संवाददाता के अनुसार,** पौधरोपण अभियान के तहत तारगांव स्थित चरागाह की भूमि पर ब्लाक प्रमुख नीरज गुप्ता के नेतृत्व में छह सौ से अधिक पौध लगाए गए। कार्यक्रम में बीडीओ फहद खान, एडीओ पंचायत उदल सिंह, ग्राम प्रधान चंद्रपाल, बीडीओ देवेंद्र यादव आदि ने पौधे लगाए। इसी तरह ब्लाक परिसर में प्रमुख सहित व बीडीओ सहित अन्य लोगों ने पौधरोपण किया। बीडीओ ने बताया कि क्षेत्र की 57 ग्राम पंचायतों में 13, 900 पौधे लगाए गए हैं।

**पुरवा संवाददाता के अनुसार,** तहसील मुख्यालय पर एसडीएम उदित नारायण सेंगर व तहसीलदार साक्षी राय ने राजस्वकर्मियों सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए। साथ ही चंदीगढ़ी व पार्क सहित चमियानी ग्राम पंचायत में वन विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पौधरोपण किया, जहां 16बीघे भूमि पर 16 प्रजातियों के लगभग 10 हजार पौधे लगाए गए। ब्लाक परिसर में प्रमुख सतीश चौधरी व बीडीओ डा. संतोष श्रीवास्तव ने अमरूद, नीम व आम के पौध लगाए।

## लेखपाल की कार में स्कूल की बस ने मारी टक्कर

**बिछिया।** सदर तहसील क्षेत्र के गांव कोईथर के लेखपाल रितेश पांडे शनिवार को उन्नाव से कार से कोईथर गांव जा रहे थे। तभी लहिया चौराहे पर शहर के एक निजी स्कूल की बस ने उनकी कार में टक्कर मार दी। इसमे वह बाल-बाल बच गए। लेकिन कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस पूछताछ कर वापस चली गई।

विकास के कदम | एडी बेसिक ने किया सौंदर्यीकरण कार्यों का किया लोकार्पण

# शिक्षक को जनअपेक्षाओं पर खरा उतरना होगा

संवाददाता नवाबगंज (उन्नाव)

- कहा गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य कर जीतना चाहिए अभिभावकों को भरोसा

**अमृत विचार।** एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी ने बीआरसी परिसर में आठ लाख रुपये से हुए सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने दावा किया कि परिषदीय शिक्षा व्यवस्था को दुरस्त करने को दी जा रही तवज्जों से अभिभावकों का भरोसा बढ़ा है। इसलिए विभागीय अधिकारियों सहित शिक्षकों को जनअपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने को तवज्जो देनी चाहिए। कार्यक्रम स्थल पहुंचते ही बीएसए संगीता सिंह ने उच्चाधिकारी का स्वागत किया।

एडी बेसिक करीब एक बजे बीआरसी पहुंचे और सबसे पहले सभाकक्ष का फीता काटकर लोकार्पण किया। साथ ही बीईओ कार्यालय व बनवाई गई बाउंड्रीवाल का अवलोकन करते हुए पौधरोपण किया।



सौंदर्यीकरण कार्य के शिलापट का लोकार्पण करते एडी बेसिक एसके तिवारी।

### विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

बीआरसी पहुंचने से पहले एडी बेसिक ने ब्लाक क्षेत्र के सरांयजोगा कंपोजिट विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय कटेहरु, दुंदपुर व निबहरी स्थित विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालयों में साफ-सफाई न पाकर स्टाफ से नाराजगी जताई।

**शिक्षकों की मौजूदगी पर उठे सवाल :** उच्चाधिकारी की मौजूदगी में भी कुछ विद्यालयों के शिक्षक बीआरसी परिसर में जमावड़ा लगाए रहे। शिक्षक नेता विनोद तिवारी की मौजूदगी पर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लोग टाइम एंड मोशन को लेकर टिप्पणियां करते रहे।

# समाप्त होगा शिक्षकों का संबद्धीकरण, आदेश जारी

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

- आवाजाही के झंझट सहित अधिकारियों की फटकार से बचने को लेते हैं संबद्धता का लाभ

**अमृत विचार।** बीएसए कार्यालय सहित सुविधानुसार अन्य स्थानों पर खुद को संबद्ध करा मौज मारने वाले शिक्षकों में एडी बेसिक के आदेश को लेकर हड़कंप है।

परिषदीय विद्यालयों में जहां शिक्षक-शिक्षिकाओं को सुबह जल्दी उपस्थित दर्ज करानी होती है। वहीं निरीक्षण करने वाले अधिकारियों द्वारा दंडित किए जाने का भय भी व्याप्त रहता है। इसके उलट बीएसए सहित बीईओ कार्यालय या बीआरसी आदि कार्यालयों में संबद्ध शिक्षकों को कार्यालय समय पर उपस्थित होना रहता है। इसीलिए मनचाहे विद्यालयों में स्थानांतरण न करा पाने वाले शिक्षक प्रायः सुविधानुसार अपना संबद्धीकरण करा लेते हैं। यही कारण है बीएसए कार्यालय सहित अन्य स्थानों पर एक सैकड़ा से अधिक लोग संबद्धता की सुविधा प्राप्त करते आ रहे हैं। एडी बेसिक एसके तिवारी ने बीएसए को तत्काल प्रभाव से शिक्षकों का संबद्धीकरण निरस्त कर उन्हें मूल विद्यालयों में शिक्षण कार्य कराने के लिए कार्यमुक्त करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने इस संबंध में जारी पत्र में संबद्धीकरण के साथ प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए शिक्षक-शिक्षिकाओं का विवरण भी मांगा है। विभागीय उच्चाधिकारी का आदेश पहुंचते ही संबद्ध शिक्षकों में जहां हड़कंप की स्थिति है।

## सार-संक्षेप

### 8 दिन से लापता वृद्ध का नहीं लगा कोई सुराग

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव पुरई खेड़ा निवासी 70 वर्षीय वृद्ध एक हफ्ता पूर्व बैंक में रुपये जमा करने गया था। किंतु वह वापस घर नहीं लौटा और रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। बेटे ने पिता की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। बता दें कि पुरई खेड़ा निवासी सुरेंद्र पुत्र श्रीकृष्ण द्वारा बेहटा मुजावर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा गया कि बीती 12 जुलाई की सुबह उनके पिता श्रीकृष्ण (70) पुत्र धन्ना अपने बचत खाते में 18 हजार रुपए जमा करने बैंक गए थे। किंतु वह वापस घर नहीं लौटे और रहस्यमय परिस्थिति में लापता हो गए। तब से वह और परिजन नाते-रिश्तेदारी में पिता की काफी खोज कर चुके हैं। किंतु उनका कोई सुराग नहीं लग सका है।

### पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

**उन्नाव।** मौरावां थानाक्षेत्र के मवई गांव के मजरा ईटबांध निवासी छोटेलाल (25) पुत्र सुन्दरलाल का शव शुक्रवार रात गांव के बाहर उसी के खेत में लगे आम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका देख ग्रामीणों के होश उड़ गए। जानकारी पर परिजन पहुंचे और शव देख बिलख उठे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव नीचे उतरवाकर मोर्चरी भेजा। उसकी मौत से मां फूलमती भाई जोखेलाल, जियालाल, छन्नी का रो-रोकर बुरा हाल रहा। शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। बताते हैं कि दिवंगत छोटेलाल की शादी छह माह पहले रायबरेली जिले में रमपुरवा सहजौरा गांव में हुई थी। लेकिन, शादी के बाद से ही पति-पत्नी के रिश्तों में खटास आने के बाद पत्नी मायके लौट गई थी। सुलह के सारे प्रयास विफल होने पर दोनों ओर से आए रिश्तेदारों की मौजूदगी में संबंध विच्छेद पर सहमति बनी थी। रविवार को दोनों पक्षों को सामान भी लौटाना था। लेकिन, इससे पहले छोटेलाल ने जान दे दी।

### दो शातिर लुटेरों को पुलिस ने दबोचा

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर नवीन मंडी के सामने बाइक में बैठी महिला का पर्स लूटकर भागे दो बदमाशों को कोतवाली ने गिरफ्तार किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर नरी गांव निवासी राजकुमार रावत पुत्र लल्लू पत्नी व बच्चे के साथ एक जुलाई को दही थानाक्षेत्र के गांव हिंदू खेड़ा अपनी ससुराल जा रहे थे। तभी लखनऊ-कानपुर हाईवे पर सदर क्षेत्र के हुसैन नगर चौराहा व नवीन मंडी के बीच पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाश राजकुमार की पत्नी का पर्स छीनकर भाग गए थे। जिसमें मोबाइल सहित जेवर व 500 रुपये थे। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी थी। शनिवार को किसी वारदात के इरादे से जा रहे बदमाशों को पुलिस ने गदनखेड़ा चौराहे के पास वाहन चेकिंग के दौरान रोका और संदेह होने पर कोतवाली लाकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम जय शिव गुप्ता पुत्र मनोज कुमार निवासी सैनिक नगर अहिरवां थाना चकेरी कानपुर नगर व आकिल उर्फ सन्नू पुत्र मो. यामीन निवासी जूहीलाल कालोनी थाना किदवई नगर कानपुर बताते हुए एक जुलाई की लूट करने की बात कबूल की। पुलिस ने इनके पास जेवर के साथ घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर उसे सीज किया।

### शवयात्रा में शामिल होने गया वृद्ध गंगा में डूबा



कन्हैया लाल गुप्ता।

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के नानामऊ गंगातट पर शव यात्रा में शामिल एक वृद्ध स्नान करने के दौरान अचानक गहरे पानी में चला गया। गंगा की तेज धारा में विलीन हो गया। पुलिस स्थानीय गोताखोरों को लगाकर उसे ढूंढने में जुटी है। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव आशायस निवासी व बांगरमऊ तहसील के अधिवक्ता श्रीकांत द्विवेदी की मां कांती देवी का निधन हो गया था। शनिवार को उनका अंतिम संस्कार क्षेत्र के नानामऊ गंगातट पर हुआ। अंतिम संस्कार के बाद शवयात्रा में शामिल लोग पुल के दाईं ओर स्नान कर रहे थे। तभी गांव आशायस निवासी कन्हैया लाल गुप्ता (60) अचानक नदी के गहरे पानी में चला गया। साथ में स्नान कर रहे लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ोसी गावों के गोताखोरों को बुलाया और वृद्ध को ढूंढने का प्रयास शुरू किया। देरशाम तक वृद्ध का कोई पता नहीं चल सका है।

### गंगा नहाने के लिए गया किशोर लापता

**बांगरमऊ।** आषाढ़ पूर्णिमा के त्योहार पर क्षेत्र के नानामऊ गंगातट पर परंपरागत रूप से मेला लगता है। मेले में धार्मिक पुस्तकों व प्रसाद की दुकान लगाने के लिए नगर के मोहल्ला गुलाम मुस्तफा निवासी राजकिशोर गुप्ता अपने बेटे अर्पित (17) के साथ बांस-बल्ली व तिरपाल लेकर शनिवार सुबह नानामऊ गंगातट गया था। बाद में राजकिशोर दोपहर को बेटे को वहीं रोककर घर से अन्य सामान लेने चला आया। तभी किशोर ने अपने कपड़े व मोबाइल पड़ोसी दुकान पर रखे और गंगा स्नान करने जाने की बात कहकर चला गया। डेढ़-दो घंटे तक उसके स्नान कर न लौटने पर पड़ोसी दुकानदार ने इसकी सूचना उसके पिता को दी। सूचना पर पिता गंगातट पर पहुंचा तो वहां पर बेटे के कपड़े व मोबाइल पड़े देखे। पिता गंगा किनारे बेटे की खोज में जुटा है। वहीं पुलिस किशोर की खोज करने में जुटी है।

### चौकी से 150 मीटर दूर दुकान को चोरों ने बनाया निशाना

**फतेहपुर चौरासी।** थानाक्षेत्र के तकिया निगोही गांव निवासी विपिन द्विवेदी की चौकी से मात्र 150 मीटर दूर लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर पांडेय टेडर्स के नाम से दुकान है। जहां वह पिपरमिंट के तेल की खरीददारी करता है। रोज की तरह शुक्रवार शाम करीब सात बजे दुकान बंद कर घर चला गया। सुबह जब दुकान खोली तो पीछे का दरवाजा कटा मिला और गोलक बिखरी पड़ी थी। साथ ही पिपरमिंट का तेल गायब देख वह दंग रह गया। साथ ही गोलक भी टूटी पड़ी थी और उसमें से 11 हजार 500 रुपये गायब थे। पीड़ित ने चौकी पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने घटनास्थल पहुचकर जांच की है।

# मंत्री के आने के डर से अस्पताल को करते रहे चकाचक

## सीएमओ ने पीएचसी का किया औचक निरीक्षण, ड्रेस न पहनने वाले स्वास्थ्य कर्मी को लगाई फटकार

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शनिवार सुबह मुख्य चिकित्साधिकारी अचानक न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। जहां ट्रेनी स्वास्थ्य कर्मी बिना ड्रेस के अस्पताल में मौजूद मिले। जिस पर उन्होंने फटकार लगाई। इसके साथ ही हाजिरी रजिस्टर चेक किया।

सुबह लगभग पौने ग्यारह बजे सीएमओ डॉ. सत्य प्रकाश अचानक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचे। अधिकारी को देख अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान दवा वितरण कक्ष में प्रशिक्षु स्वास्थ्य कर्मी बिना ड्रेस के काम कर रहे थे, उन्हें फटकार लगाई। जिसके बाद कर्मियों ने ड्रेस पहनी। वहीं उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक का ट्रांस गंगा सिटी में कार्यक्रम लगा था। कहीं उप मुख्यमंत्री स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करने न आ जाये, इसके लिये उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिये। वहीं प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सचान की ड्यूटी उनके कार्यक्रम में लगी थी, जबकि डॉ. रश्मि वर्मा छुट्टी पर थी। ड्यूटी पर मौजूद महिला डॉक्टर शिप्रा झा को निर्देश देते हुये कहा कि बिना जांच और दवा के कोई भी मरीज वापस न जाये। मरीजों का विशेष ध्यान रखा जाये। सीएमओ ने स्वास्थ्य कर्मी अवनीश मिश्रा से रजिस्टर मंगाकर हाजिरी चेक की। जहां सभी कर्मचारी मौजूद मिले। जिसके बाद वह चले गये। अधिकारी के जाने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने राहत की सांस ली।


महिला डॉक्टर को निर्देश देते सीएमओ डॉक्टर सत्य प्रकाश। अमृत विचार


भीषण गर्मी से परेशान होकर बाहर खड़े डॉक्टर व कर्मचारी। अमृत विचार

# बिजली कटौती के चलते सीएचसी से बाहर पहुंचे डॉक्टर, मरीज व तीमारदार

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

- शनिवार को दिन में 12 बजे हो गई अघोषित विद्युत कटौती
- मरीजों और तीमारदारो को हुई जबरदस्त परेशानी

**अमृत विचार।** सीएचसी बिछिया में शनिवार दोपहर बिजली न आने से भीषण गर्मी से परेशान डॉक्टर व मरीजों को अपने कक्ष से निकलकर बाहर खड़े होना पड़ा।

शनिवार को करीब 12 बजे से अघोषित कटौती के चलते बिजली चली गयी। जिससे अस्पताल के तीमारदार, मरीज व डॉक्टरों की टीम व अस्पताल कर्मी सीएचसी गेट पर आकर खड़े हो गए। मरीजों व तीमारदारों ने हाथ पंखे के सहारे किसी प्रकार गर्मी से बचाव किया। वहीं डॉक्टर गर्मी से बचने को अपने कक्ष से निकलकर बाहर खड़े हो गए। सीएचसी अधीक्षक डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि लाइट जाने के बाद कुछ समय तक इन्वर्टर चला है। लेकिन इन्वर्टर डिस्चार्ज होने पर जनरेटर चलवाया गया था।

# स्मृति चिह्न देकर शिक्षकों का किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शहर के मोती नगर स्थित एक गेस्ट हाउस में गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद की गोष्ठी व शिक्षक सम्मान समारोह हुआ। जिसमें उत्कृष्ट कार्यों के लिए शिक्षकों को प्रतीक चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

सदर विधायक पंकज गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गुरु की महिमा का अपरंपार है, जिसे कोशिशों के बाद भी शब्दों से बखान नहीं किया जा सकता है। वास्तव में गुरु ही समाज के मार्गदर्शक होते हैं। डा. मनोज श्रीवास्तव ने शिक्षकों को समाज का सृजनकर्ता बताया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी तिवारी, अनिरुद्ध सौरभ, अजय श्रीवास्तव, सुरेश फक्कड़, दिनेश उन्नावी, अखिलेश ओमर, राकेश द्विवेदी, अजय शुक्ल, प्रत्यूष मिश्र, डा. आशुतोष त्रिपाठी, ऋषभ श्रीवास्तव, धर्मेंद्र शर्मा व प्रेम सिंह सेंगर आदि मौजूद थे।

**इन शिक्षकों का हुआ सम्मानः** कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा चयनित 26 शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया, जिसमें मीनाक्षी गंगवार, अनूप शुक्ला, डा. मनोज श्रीवास्तव, डा. विनय तिवारी, डा. श्रीकेश पांडेय, डा. शशि रंजन अग्निहोत्री, फूलचंद्र रावत, डा. सुदर्शन सिंह, अनिल वर्मा, रश्मि सिंह, पूर्णिमा मिश्रा, दिनेश कुमार सिंह, विनोद कुमार पासी, गौरव शुक्ला, सविता दीक्षित, सिम्मी पटेल, प्राची दीक्षित, पंकज शुक्ला, भारत चित्रांशी, संजीव कुमार श्रीवास्तव, विनय यादव, अशोक कुमार श्रीवास्तव, अनिरुद्ध सौरभ, श्यामू चौरसिया, शैलेंद्र त्रिवेदी व ओम शंकर मिश्र रहे।


शिक्षक को सम्मानित करते सदर विधायक पंकज गुप्ता, चेयरमैन प्रतिनिधि भानू मिश्रा व अन्य। अमृत विचार

### वृंदावन पार्क में योगाभ्यास व यज्ञ आज

**उन्नाव।** भारत स्वाभिमान संगठन में शामिल विभिन्न संस्थाओं के तत्वावधान में रविवार सुबह पांच से छह बजे तक गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए संस्था के जिलाध्यक्ष ललित शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम स्थल आवास विकास कालोनी स्थित वृंदावन पार्क में योगाभ्यास के बाद यज्ञ आयोजन भी होगा। उन्होंने पदाधिकारियों सहित सभी योग साधकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# ...तो अब नहीं होगा धन का 'बंदरबांट'

**अमृत विचार प्रभाव**

- अमृत विचार ने निर्माण पूरा कराए बिना बजट निकालने की प्रकाशित की थी खबर
- खबर प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदारों ने आनन-फानन में पहुंचाई निर्माण सामग्री

संवाददाता फतेहपुर चौरासी (उन्नाव)

**अमृत विचार।** खड़ंजा व नाली मरम्मत के लिए महीनों पहले ग्राम पंचायत के खाते से निकाले गए धन में बंदरबांट की खबर रंग लाई है। ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी ने आनन-फानन में अपूर्ण निर्माण पूरा कराने के लिए मौके पर निर्माण सामग्री पहुंचा दी है।

क्षेत्रीय ग्राम पंचायत भड़सर नौशहरा के मजरा हीराखेड़ा में भी 15वें वित्त से लगभग चार सौ मीटर खड़ंजा निर्माण का कराया गया था, जो महादेव के घर से मुन्ना सिंह के घर तक व कालीचरण के घर तक होना प्रस्तावित था। मरम्मत का भुगतान बैंक खाते से महीनों पूर्व निकाल लिया गया, लेकिन मौके पर कार्य अधूरा पड़ा रहा। गांव निवासी रामदेव व सीताराम आदि की शिकायत को अमृत विचार ने प्रकाशित करते हुए धांधली को उजागर किया। खडंजा व नाली निर्माण की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों के मुखर होने की जानकारी प्रधान सहित सचिव को लगी। इस पर उन्होंने अधूरा निर्माण पूर्ण कराने की जद्दोजहद शुरू कर दी। ग्रामीणों के मुताबिक शनिवार को निर्माण स्थल पर कुछ निर्माण सामग्री पहुंची है। इससे रविवार अवकाश दिवस पर अधूरे कार्य पूर्ण कराए जाने की संभावना है। ग्रामीणों ने मनमानी का उजागर करने के लिए अमृत विचार का आभार जताया।


खड़ंजा मार्ग पर काम पूरा कराने को नई ईंट लाई गई। अमृत विचार


साहब! ग्राम प्रधान व सचिव ने पुरानी ईंटों से लगवा दिया खड़ंजा

संवाददाता फतेहपुर चौरासी (उन्नाव)

- ग्राम प्रधान व सचिव पर मिलीभगत कर धन का बंदरबांट करने का लग रहा आरोप

अमृत विचार अखबार में छपी खबर।

# अटल टिंकरिंग कार्यशाला में बच्चे सीखेंगे विज्ञान

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय अटल टिंकरिंग विद स्टेम कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां पहले दिन बच्चों को तमाम प्रकार के प्रशिक्षण दिये गये।

गोपीनाथ पुरम स्थित एसवीएम इंटर कालेज में भूपेन्द्र सिंह एवं इंजीनियर अनुभव मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर अटल टिंकरिंग कार्यशाला का उद्घाटन किया, जिसके बाद स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा छह से बारह तक के छात्र-छात्राओं को चयनित किया गया। उसी आधार पर पहले दिन पचास बच्चों ने ड्रोन, रोबोटिक्स आदि विषयों पर अधारित वस्तुओं के निर्माण का प्रशिक्षण लिया। इस दौरान प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि इस तरह की कार्यशाला का आयोजन होने से बच्चों की प्रतिभा निखरेगी। इस मौके पर शिव सिंह, रविशंकर श्रीवास्तव आदि शिक्षक मौजूद रहे।


कार्यशाला के दौरान मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते मुख्य अतिथि।

# बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

**पुरवा उन्नाव।** शुक्रवार को 12 घंटे तक बिजली गुल होने से इस भीषण गर्मी में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उपभोक्ताओं ने विभागीय अधिकारियों पर मनमानी तरीके से कटौती किए जाने का आरोप लगाया है।

पुरवा व मौरावां क्षेत्र में शुक्रवार की रात 10 बजे से बिजली गुल हुई। जो कि दूसरे दिन ठीक 10 बजे लाइट 12 घंटे बाद आई। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जेई अशोक पाल ने बताया कि रात में आंधी तूफान से 11 हजार व 33 हजार लाइनों में बड़ी फाल्ट आ गयी थी।

जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित थी। अब पूरी तरह से फाल्ट ठीक कर ली गयी है उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि इसी तरह आपूर्ति की गई तो हम सब पावर हाउस के बाहर धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे।



पौधरोपण करतीं पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे व अन्य। अमृत विचार

# पालिकाध्यक्ष समेत पुलिस कर्मियों ने किया पौधरोपण

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर शनिवार को जगह-जगह पौध रोपण हुये। जहां पालिकाध्यक्ष, कोतवाली प्रभारी, पुलिस कर्मियों और पालिका कर्मियों ने पौध रोपण कर उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लिया।

शनिवार को पालिका प्रशासन की ओर से कान्हा गौशाला के पास एमआरएफ सेंटर परिसर में 65 पौधे लगाये गये। जिसमें पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, अधिशाषी अधिकारी मुकेश मिश्रा, अवर अभियंता घनश्याम मौर्य, संदीप पांडे, अनूप शुक्ला मौजूद रहे। ईओ ने बताया कि पालिका क्षेत्र में लगभग 8 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं गंगाघाट थाने की ओर से थाना, सभी चौकियों में पौध रोपण किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पांच सौ पौधे लगाये गये हैं।

# प्रेमी के लिये मां ने ही कराई थी बेटे की हत्या

**रिश्तों का कत्ल**

संवाददाता नवाबगंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे किनारे दरबारी खेड़ा गांव के पास कुएं में कानपुर के कपड़ा कारोबारी की गला रेतकर हत्या के बाद शव बीती पांच जून को फेंका गया था। डेढ़ महीने बाद पुलिस हत्या के रहस्य से पर्दा उठा पाई। एएसपी दक्षिणी के मुताबिक युवक की हत्या उसकी मां ने अपने प्रेमी द्वारा भेजे युवक से ढाई लाख रुपये की सुपारी देकर कराई थी। पुलिस ने मां व उसके प्रेमी सहित सुपारी किलर को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली क्षेत्र के क्षेत्र दरबारी खेड़ा गांव के सामने लखनऊ-कानपुर हाईवे किनारे एक कुएं से कानपुर के अनवरगंज थानाक्षेत्र के इस्तखाराबाद मोहल्ला निवासी नदीम का रक्तरंजित शव मिला था। पास में खड़ी बाइक के नंबर से पुलिस ने उसके परिजनों को बुलाकर शिनाख्त कराई थी। कानपुर के थाना बाबू पुरवा निवासी उसके मामा ताहिर हुसैन पुत्र यूनुस ने भांजे की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तभी से खुलासे के लिए अजगैन पुलिस व सर्विलांस टीम लगी थी। एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद ने शनिवार को घटना का खुलासा करते हुए बताया कि शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उन्नाव रेलवे स्टेशन से राजस्थान प्रांत के जिला अजमेर के थाना गंज के मोहल्ला लौंगिया नवल नगर निवासी सलीम (46) पुत्र सद्दीक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि दिवंगत नदीम की मां आफरा बेगम व उसके प्रेमी अजमेर के कोडरा पसन्द थाना क्रिसचदगंज निवासी हासम अली (43) पुत्र कासम से ढाई लाख रुपये देने की बात कहकर नदीम की हत्या कराई थी। इसका कुछ रुपया अभी बाकी भी है। पुलिस ने नदीम की मां आफरा व उसके प्रेमी को उन्नाव के आजाद मार्ग के पास से गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू भी मांस फैक्ट्री के पास से बरामद किया। तीनों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। घटना का खुलासा करने वाली टीम में एसएचओ अवनीश सिंह, अपराध निरीक्षक राम नारायण व सर्विलांस टीम से हेड कांस्टेबल राधेश्याम शामिल थे।


पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी।

### सौतेला बेटा बताकर दी थी सुपारी

**उन्नाव।** नदीम की मां व प्रेमी ने सुपारी देते समय सलीम को सौतेला बेटा होने की बात बताई थी। साथ ही कहा था कि वह उसे घर से निकालना चाहता है। इस पर सलीम रुपए के लिए हत्या करने को तैयार हो गया। वहीं आफरा बेगम (50) अपने प्रेमी के साथ राजस्थान में रहना चाहती थी। इसके लिए वह दुकान व मकान बेचने पर तुली थी। लेकिन इकलौता बेटा नदीम इसका विरोध करता था। योजना बनाकर मां ने सलीम को दूर का रिश्तेदार बताकर घुमा कर लाने को कहा। इसके बाद वह नदीम को बहाने से बाराबंकी चलने की बात कह कर ले आया। दोनों चार जून को निकले और सुनसान जगह उसने नदीम को मार दिया।

# किशोरी के घर के पास युवक ने रेता अपना गला, गंभीर

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा गंजमुरादाबाद के मोहल्ला पड़ियाना निवासी शोभित (20) करीब आठ माह पूर्व पड़ोसी मोहल्ले की एक किशोरी को अपने साथ ले गया था। किशोरी की मां की तहरीर पर बांगरमऊ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर युवक को जेल भेजा था। बताते हैं कि किशोरी से युवक के प्रेम-संबंध थे। करीब 15 दिन पूर्व वह जेल से छूटा था। इसके बाद उसकी किशोरी की मां से कहासुनी हुई थी। तभी शोभित ने प्रेमिका व उसकी मां के सामने धारदार हथियार से अपना गला रेत लिया। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस उसे सीएचसी लाई। जहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। हालत में सुधार है।

# दुष्कर्म करने वाले युवक को 10 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

- 17 जनवरी 2020 को सफीपुर क्षेत्र में हुई थी वारदात

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली अंतर्गत गांव के एक युवक ने युवती को खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया था। शनिवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट ने केस में फैसला सुनाते हुए युवक को 10 साल की सजा के साथ 20 हजार रुपये जुर्माना अदा करने के आदेश दिए।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 17 जनवरी-2020 की सुबह सात बजे अपने खेत से घर लौट रही थी। तभी रास्ते में लगे सरकारी नल के पास उसके गांव का युवक विनोद उर्फ नानाभाई बैठा था। उसे आता देख वह पीछे-पीछे चलने लगा और जबरदस्ती उसे खेत में खींच ले गया और उससे दुष्कर्म किया। शोर सुन ग्रामीणों को आता देख वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया था। शनिवार को मामले की अंतिम सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता यशंवत सिंह की दलीलों व प्रस्तुत किये साक्ष्य के आधार पर एडीजे स्वतंत्र प्रकाश ने विनोद को दोषी करार देते हुए उसे 10 साल की सजा सुनाई।



**झोपड़ी में आग लगाने के चार दोषियों को मिली सजाः उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के ऊंचीमऊ गांव के मजरा मऊ मंसूरपुर निवासी केशकली ने 14 नवंबर-2019 को पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव किनारे वह फूस की झोपड़ी में परिवार के साथ रहती थी। 13 नवंबर-2019 की रात वह सो रही थी तभी तेज रोशनी दिखने पर वह बाहर निकली तो देखा कि उसकी झोपड़ी में आग लगी थी। उसने ऊंचीमऊ निवासी सत्यप्रकाश, कमल किशोर, लक्ष्मी नाराण व प्रेमनारायण पर आग लगाने का आरोप लगाया था। आग की चपेट में आकर उसका गृहस्थी का सामान और सात हजार रुपये जल गए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। शनिवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद जिला शासकीय अधिवक्ता अनिल त्रिपाठी की दलील व साक्ष्य के आधार पर जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने सभी आरोपियों को दोषी ठहराते हुए उन्हें तीन-तीन साल की सजा सुनाई है।

**मनाएंगे पर्व** — आज घाटों पर उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, घाटों पर बैरीकेडिंग लगाने के साथ ही गोताखोरों की हुई तैनाती

# गुरुपूर्णिमा : घाटों की हुई सफाई, गंगा में लगेगी आस्था की डुबकी

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** गुरु पूर्णिमा स्नान को लेकर रविवार को नगर पालिका प्रशासन की ओर से घाटों की साफ सफाई कराई गई। इसके साथ ही घाटों पर बैरीकेडिंग लगाने के साथ ही गोताखोरों की तैनाती की गई है। जिससे स्नान के दौरान कोई अप्रिय घटना न घट सके। वहीं आषाढ़ी को देखते हुये शनिवार को बाजारों में आम खूब बिके।

रविवार को होने वाले गुरुपूर्णिमा (आषाढ़ी) को देखते हुये शनिवार को ईओ मुकेश कुमार मिश्रा और पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे के निर्देश पर सफाई कर्मी गंगा तट पहुंचे। जहां पालिका कर्मियों ने मिश्रा कॉलोनी घाट से लेकर नमामि गंगे घाट तक वृहद स्तर पर साफ सफाई की। इसके साथ ही घाटों पर बैरीकेडिंग भी लगाई गई। जिससे कोई गहरे पानी में न जा सके। क्योंकि गुरुपूर्णिमा के अवसर पर गंगा तट पर सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। जिसमें नगर के अलावा दूरदराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए आते है। इसके लिये गंगा तट पर तमाम प्रकार की दुकानें भी शनिवार को लगाई गई। वहीं आषाढ़ी को लेकर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर आम की दुकानें लगी रहीं।


घाटों की साफ-सफाई करते पालिका कर्मी। अमृत विचार

# नायब तहसीलदार के साथ कोतवाल ने किया गंगातट का निरीक्षण

संवाददाता परियर (उन्नाव)

**अमृत विचार।** कोतवाली सफीपुर की स्थानीय चौकी परिसर में सावन माह को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें मुख्य मार्ग को अतिक्रमण रहित करते हुए साफ-सफाई करा चूना डलवाए जाने सहित अन्य निर्णय हुए।

स्थानीय लोगों ने नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी व कोतवाली निरीक्षक श्याम नारायण सिंह से मुख्यमार्ग सहित जानकी कुंड आश्रम परिसर की साफ-सफाई कराने पर जोर दिया। साथ ही सड़क के निकट सजने वाली दुकानों से स्नानार्थियों सहित कांवड़ियों को होने वाली दिक्कतें भी बताईं। उन्होंने मुख्य मार्ग पर संचालित मांस की दुकानों को सावन माह में बंद कराए जाने पर भी जोर दिया। साथ ही पेयजल व मार्ग प्रकाश के अलावा मेला के दौरान स्वास्थ्य टीम तैनात किए जाने की मांग रखी। इससे पहले अधिकारियों ने गंगा तट तक जाकर सड़क व घाट का निरीक्षण किया। साथ ही चौकी प्रभारी दिनेश कुमार सिंह को लेखपाल व वीडीओ के सहयोग से बैरिकेडिंग कराने को कहा। सतेंद्र सिंह, सुधीर दुबे, आशा, शंकर स्वरूप अवस्थी, हरिनारायण पांडेय, देवीप्रसाद, लेखपाल दीपचंद, विनय त्रिपाठी, सागर द्विवेदी, रवि प्रकाश, दिनेश मिश्रा, मनोज मिश्रा व भोला आदि रहे।


गंगा तट का निरीक्षण करतीं नायब तहसीलदार व कोतवाल। अमृत विचार

# तारपीन तेल की फैक्ट्री पर कार्रवाई नहीं कर रहे अफसर

**फालोअप**

संवाददाता हसनगंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** भरहा समसपुर गांव के पास तारपीन तेल की फैक्ट्री की शिकायत का मामला दबाने में अफसर कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। सभी जांच के नाम पर आश्वासन देकर कोरम पूरा करने में लगे हैं।

भरहा समसपुर गांव में 22 दिन पहले गांव के अंदर तारपीन तेल पैक करने वाली फैक्ट्री चल रही थी। जहां अचानक विस्फोट होने पर पड़ोस का रहने वाला किशोर झुलस गया था। ग्रामीणों के विरोध पर फैक्ट्री गांव के पास आम के बाग में संचालित होने लगी। ग्रामीणों का कहना है कि तारपीन के साथ वहां बड़े पैमाने पर पेट्रोल में एथनॉल मिलाने का काम किया जाता है। ग्रामीणों ने एसडीएम व सप्लाई इंस्पेक्टर से इसकी शिकायत कर जांच कराने की मांग की थी। उनके अनुसार फैक्ट्री दशकों से संचालित है। उसमें न तो फायर एनोओसी है और न ही ट्रेडिंग कंपनी का जिक्र है। फिर भी छोटी बोतलों में तारपीन का तेल भरकर बड़े पैमाने पर कारोबार किया जा रहा है। इसे लेकर संबंधित अधिकारी जानकर भी अनजान बने हैं। जांच के नाम पर आधिकारी केवल कोरा आश्वासन देकर खाना पूर्ति कर रहे हैं। एसडीएम रामदेव निषाद ने बताया कि इसकी जांच सप्लाई इंस्पेक्टर को दी गई है। उन्हें बुलाकर इस बारे में पूछताछ की जाएगी कि जांच में क्या सामने आया है।

# 'मंत्री, अफसर यहां फोटो खिंचवाने आए हैं, पता होता तो आती ही नहीं'

## पौधे बड़े व गड्ढे छोटे देख राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने नेताओं, अफसरों को फटकारा

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** वृहद पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल होने आयीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कार्यक्रम के दौरान अव्यवस्थाओं को देखकर मंच से ही अफसरों और मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। राज्यपाल ने कहा कि सेना के कार्यक्रम में भी ऐसी व्यवस्था आप लोग करेंगे मुझे पहले पता होता तो मैं सीतापुर आती ही नहीं। राज्यपाल की नाराजगी के बाद कार्यक्रम में सन्नाटा छा गया। उन्होंने कहा कि मंत्री से लेकर विधायक तक सब फोटो खिंचवाने आये हैं। राज्यपाल ने इस दौरान सफेद चन्दन का पौधा लगाकर एक वृक्ष मां के नाम अभियान की शुरुआत की।

विकासखंड खैराबाद इलाके में प्लाट संख्या -178, मद्रास रेजीमेंट की भूमि पर जिला प्रशासन ने पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया था। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पौधरोपण कर लाभार्थियों को किट वितरण की। पौधरोपण के उपरांत सम्बोधन के लिए मंच पर पहुंचीं राज्यपाल ने कहा कि मेरी आदत है जो अच्छा काम नहीं करता है उसको डांट लगाती हूं।

उन्होंने कहा कि पेड़ों की रखवाली करना हम सबकी जिम्मेदारी है। राज्यपाल ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोग इतने बड़े-बड़े पौधे लेकर आये है और उसको लगाने के लिए इतने छोटे गड्ढे खोदा गये हैं। ये लापरवाही है। वन विभाग ये काम करता है क्या उसको यह पता नहीं है। राज्यपाल ने कहा कि अगर मुझे पता होता तो मै डेढ़ घंटे का सफर तय करके यहां बिलकुल नहीं आती। यहां मौजूद टीचर और बच्चे सब फोटो खिंचवाने के लिए आये है। उन्होंने कहा कि उनको भी नहीं पता है कि उनकी क्या जिम्मेदारी है सब मुझे भी फोटो के लिए बुला रहे हैं।


मंच से नाराजगी व्यक्त करतीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल। अमृत विचार

### आप लोगों को माफ नहीं करूंगी : राज्यपाल

अव्यवस्थाओं पर बिफरी राज्यपाल आनंदीबेन पटेल यहीं नहीं रुकीं, उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों को पौधरोपण के लिए प्रेरित करने की जरूरत थी। मां को याद करके पौधा लगाना था लेकिन यहां बच्चों को पता ही नहीं है पौधा कैसे लगाना है। उन्होंने कहा कि लापरवाही के चलते यहां कुछ नहीं हुआ, मै आप लोगों को माफ नहीं करूंगी। इतनी बड़ी लापरवाही मैंने कहीं नहीं देखी।

### कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगाड्र्स धर्मवीर प्रजापति, राज्यमंत्री वन पर्यावरण कृष्णपाल मलिक, विधायक सेवता ज्ञान तिवारी, विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, विधायक महमूदाबाद आशा मौर्य, विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### जिम्मेदार सब फोटो खिंचवाने में मशगूल हैं

- मंच से नाराजगी व्यक्त करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि जो लोग मेरे पास कार्यक्रम से पहले आये थे, मैंने उन्हें बताया था कि कैसे पौधरोपण करना है। फिर भी ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने कहा कि यहां पुलिस अफसर, प्रशासन और सेना सहित वन विभाग के अफसर और एनसीसी कैडेट मौजूद हैं। मंत्री व विधायक भी उपस्थित हैं। राज्यपाल ने कहा कि आप लोगों की जिम्मेदारी थी। देखना चाहिए था कि कैसे काम हो रहा है। सेना की जमीन पर आयोजित कार्यक्रम में नेताओं और अफसरों ने बड़ी लापरवाही बरती है।

# पुजारियों ने खोला राम मंदिर ट्रस्ट की नीतियों के खिलाफ मोर्चा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की नीतियों के खिलाफ मंदिर के पुजारियों ने मोर्चा खोल दिया है। श्रीरामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास की अध्यक्षता में सभी पुजारियों की बैठक उनके निवास स्थान सत्य धाम गोपाल मंदिर में सम्पन्न हुई। चार सूत्रीय मांगों को लेकर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को मुख्य पुजारी सहित 24 अन्य पुजारियों के हस्ताक्षर युक्त पत्र भेजा गया है।

22 जुलाई से प्रारंभ हो रहे श्रावण माह को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने पुजारियों को विभक्त कर राम मंदिर, कुबेर टीला और यज्ञशाला स्थल पर 10 घंटे की सशर्त ड्यूटी लगाई है। यह ड्यूटी 15 दिन तक मान्य होगी। यानि कि कुबेर टीला और यज्ञशाला पर तैनात पुजारी अगले 15 दिन तक राम मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। नवनियुक्त पुजारियों को मिलने वाले वेतन को लेकर भी आपत्ति जताई है। पुजारियों की मानें तो ट्रस्ट के द्वारा लगाई गई ड्यूटी में राम मंदिर में दो शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है जो 10 घंटे तक कार्य करेंगे, जबकि चार समूह में पुजारी को विभाजित किया गया है तो सभी पुजारी को 6-6 घंटे का अवसर मंदिर में मिलना चाहिए।

बताया कि पुजारी को पर्सनल मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सभी पुजारी को एक कीपैड मोबाइल उपलब्ध कराया है, जिससे मंदिर संबंधित सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाएगा।


ट्रस्ट की ओर से मिले कीपैड मोबाइल फोन दिखाते पुजारी। अमृत विचार

**● आचार्य सत्येंद्र दास के आवास पर हुई पुजारियों की बैठक**

## इसौली विधायक के मामले में सुनवाई 5 को

**सुलतानपुर।** थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के पांचो पीरन निवासी इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में शनिवार को हाजिर नहीं हुए। उनके वकील अब्बास अहमद खान ने इसौली विधायक के बीमार होने के कारण मौके का प्रार्थनापत्र विशेष कोर्ट के सामने पेश किया। जिसे कोर्ट ने मंजूर करते हुए अगली सुनवाई के लिए 5 अगस्त की तारीख नियत की है।

न्यायालयः – प्रथम अति. प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
व्यवहार वाद क्र. 641अ/2023
धारा 13 (1) (1–क) (1–ख) हिन्दू विवाह अधिनियम आदेशिका क्र.– 505/2024
– नोटिस –
अभिषेक सिंह –आवेदक
बनाम
श्रीमती काजल उर्फ ननकी –अनावेदिका
प्रति,
श्रीमती काजल उर्फ ननकी, उम्र 24 वर्ष, ध. प. श्री अभिषेक सिंह चंदेल, पता मार्फत जवाहर लाल सिंह, निवासी ग्राम सिगवा, पोस्ट ऊचाडीह, थाना– मानिकपुर, जिला– चित्रकूट (उत्तर प्रदेश)
मो. नं. 8052124838
–अनावेदिका
आवेदक श्री अभिषेक सिंह ने आपके विरूद्ध विवाह विच्छेद की आज्ञाप्ति के द्वारा विवाह के विघटन हेतु इस न्यायालय के समक्ष वाद अन्तर्गत धारा 13 (1) (1–क) (1–ख) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 पेश किया है। अतः इस नोटिस के जरिए आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि/अधिवक्ता के माध्यम से, जो मामले से संबंधित सभी उत्तर देने में सक्षम हों, उक्त वाद में सुनवाई हेतु दिनांक 05 सितंबर, 2024 को प्रातः 11: 00 बजे इस न्यायाल य के समक्ष उपस्थित रहें।
यदि किसी कारणवश सुनवाई तिथि 05 सितंबर, 2024 को अवकाश घोषित होता है, तो मामले की सुनवाई उसके ठीक दूसरे कार्यदिवस में की जायेगी।
यह भी सूचित किया जाता है कि नियत तिथि में इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होने की दशा में उक्त वाद में सुनवाई / विचारण आपकी अनुपस्थिति में विधि अनुसार किया जायेगा।
आज तारीख 04.07.2024 को इस अदालत की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
(आलोक कुमार)
प्रथम अति. प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)

## गंगा महाआरती का संस्था ने किया आयोजन

**कन्नौज।** मेहंदी घाट पर गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर कान्यकुब्ज शिक्षा एवम समाज सेवा समिति की ओर से गंगा महाआरती का आयोजन किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में भक्तों ने मौजूद रह कर आरती में बाग लिया। शनिवार को मेंहदी घाट पर दूर दूर से आए कांवड़ उठाए श्रद्धालुओ से भरा दिखाई पड़ा। कांबड़ श्रद्धालुओ द्वारा मां गंगा के जयकारों से मौहोल में भक्ति का रस घोल रहा था। दूर दूर से आए श्रद्धालुओं के माथे पर थकान को मां गंगा का जल पल भर में छू मंतर करने का काम कर रहा था। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष नबाब सिंह यादव ने आए हुए कांबड़ श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि गंगा में जिस तरह प्रदूषण बढ़ रहा है और गंगा में पानी कम हो रहा है।

# कांवड़ियों और गंगाभक्तों की निगरानी करेंगे सीसीटीवी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद व जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल ने शनिवार 20 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर्व एवं श्रावण मास को देखते हुए इस बार खास व्यवस्था की है। जिससे श्रद्धालुओं को गंगा स्नान करने में किसी तरह की दिक्कत न हो। उन्होंने मेहंदी घाट व जलेसर घाट का निरीक्षण किया। इस मौके संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

गुरु पूर्णिमा पर्व एवं श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को लेकर एसपी ने खास व्यवस्था की है। इसी के तहत शनिवार को एसपी ने जलेसर घाट थाना गुरसहायगंज व मेंहदी घाट कन्नौज में श्रद्धालुओं के स्नान के दौरान रुट डायवर्जन व पार्किंग स्थलों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के को देखते हुए पुलिस बल, फ्लड पीएसी व स्थानीय गोताखोरों की ड्यूटियां लगायी हैं।

स्नान क्षेत्र में प्रवेश करने वाले मार्गो तथा महत्वपूर्ण स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं पीएसी को तैनात किया गया है। सभी महत्वपूर्ण स्थलों एवं मार्गो पर सीसी टीवी कैमरो व ड्रोन कैमरों के माध्यम से निरंतर निगरानी की जाएगी। कांवड़ यात्रा के दौरान अराजक तत्वों पर पूरी तरह से नजर खी जायेगी। इस मौके पर गंगा तटो पर खोया पाया केंद्र स्थापित किया जायेगा।

**● एसपी ने पुलिस व पीएसी को सौंपी सुरक्षा की जिम्मेदारी**

## सड़क हादसे में फौजी की मौत

**अमौली, फतेहपुर।** बाइक सवार एक फौजी शुक्रवार की रात सड़क हादसे का शिकार हो गया। तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार फौजी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें कानपुर ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। जाफरगंज थाना क्षेत्र के पूरेदान गांव निवासी विजय प्रताप सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह परिहार फौजी थे। कुछ दिन पूर्व वह छुट्टी पर घर आए थे। शुक्रवार देर शाम वह किसी काम से बाइक से चांदपुर थाना क्षेत्र के सठिगवां गए थे। जहां से देर रात वापस लौटते समय किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे की जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने कानपुर यूनिट को जानकारी दी। तत्काल उन्हें कानपुर ले जाया गया, जहां उनकी रात में सांसें थम गईं।

# फूड प्वॉइजनिंग से 19 बच्चे बीमार

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र के आवासीय विद्यालय में फूड प्वॉइजनिंग से 19 बच्चे बीमार हो गए। लंच में बने चावल खाने के बाद बच्चों के पेट में दर्द शुरू हुआ और उल्टियां होने लगीं। दोपहर दो बजे तक 14 बच्चों को लोहिया अस्पताल तथा पांच बच्चों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शाम को एसडीएम और बीएसए ने अस्पताल पहुंचकर बच्चों के हालचाल जाने। अधिकारियों के आने पर स्कूल प्रबंधक के बड़े भाई शिवकुमार को जिला अस्पताल लोहिया बुलाया गया।

थाना मऊ दरवाजा के जसमई बाईपास स्थित श्रीबनवारी लाल इंटरनेशनल आवासीय विद्यालय कक्षा 1 से 8 तक संचालित है। इसमें 200 से अधिक बच्चे पढ़ते हैं। शनिवार को लंच में मसूर की दाल, आलू की सब्जी, चावल, रोटी बना था। जब बच्चों ने खाना खाया तो चावल खाने के बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। चावल खाने के चंद मिनट के अंदर बच्चों के पेट में दर्द होने लगा। इसके बाद विद्यालय के स्टाफ ने निजी वाहन से 14 बच्चों को लोहिया के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया है।


लोहिया अस्पताल में भर्ती बच्चों का उपचार करते चिकित्सक व स्टाफ। अमृत विचार

### चावल से पेंट की आ रही थी महक

- बीमार बच्चे प्रशान्त, पीयूष, अंशू, कार्तिक ने बताया कि जब उन्होंने चावल खाया तो उसमें पेंट जैसी महक आ रही थी। ऐसा लग रहा था कि पेंट की बाल्टी में चावल भिगोए गए हों। एक बच्चे ने यहां तक कहा कि मुझे चावल में पेट्रोल की महक आ रही थी। बताया जाता है कि हाल ही विद्यालय में रंगाई-पोताई का काम हुआ था।

### बिजली गिरने से युवक की मौत

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी रामू मवेशी चराने गया था। बारिश होते ही वह पेड़ के नीचे खड़ा गया। इसी दौरान बिजली पेड़ पर गिर गई। जिसकी चपेट में रामू आ गया और उसकी मौत हो गई।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)**
पत्रांक 494 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 / 2024–25/ दिनांक 18/07/2024
सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रामसखी पत्नी हरी सिंह | श्री हरगोविन्द पुत्र रामप्रसाद | सिकन्दरपुरा –1 | 01 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

# कांवड़ यात्रा मार्ग के होटलों व ढाबों पर नेमप्लेट लगाने का मामला गर्माया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/अयोध्या

**अमृत विचार।** कांवड़ यात्रा के रास्ते में पड़ने वाले होटलों, ढाबों और ठेलों के मालिकों व इन पर काम करने वालों के नाम प्रदर्शित किये जाने के फैसले पर हिन्दू-मुस्लिम धर्मगुरुओं ने मिलीजुली प्रतिक्रिया दी है। जमीअत के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने इस फैसले को भेदभावपूर्ण, साम्प्रदायिक और संविधान विरोधी बताया है। जबकि रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश का समर्थन करते हुए कहा कि दुकानों पर नेम प्लेट लगने से यह सबको मालूम होगा कि किस व्यक्ति की दुकान है। मौलाना अरशद मदनी ने कहा है कि जमीअत ने रविवार को अपनी कानूनी टीम की बैठक बुलाई है। उसमें इस असंवैधानिक और अवैध आदेश के कानूनी पहलुओं पर चर्चा होगी। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने कहा कि कांवड़ यात्रा में दुकानदारों का नाम उजागर करने के बहाने सरकार व्यापार को हिन्दू-मुसलमान में बांटने जा रही है। आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि दुकानों पर नेम प्लेट लगने से यह सबको मालूम होगा कि किस व्यक्ति की दुकान है। बीते वर्षों में कई घटनाएं सामने आई थीं, ऐसे में उठाया गया यह कदम स्वागत योग्य है। अयोध्या के हरि धाम पीठ के महंत जगतगुरु रामदिनेशाचार्य ने कहा कि सावन पवित्र माह है और लोग बड़े ही पवित्रता के साथ अपने धार्मिक आयोजन और यात्रा को पूरा कर सकें। इसके लिए यह कदम स्वागत योग्य है। अयोध्या स्थित मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने कहा कि समाज में जिस प्रकार से हिंदू धर्म पर कुठाराघात हो रहा है। उस पर लगाम लगाने के लिए मुख्यमंत्री ने यह निर्णय लिया है। दुकानों पर नाम लगाए रखने से लोगों का विश्वास बना रहेगा। लखनऊ स्थित लेटे हुए हनुमान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. विवेक तांगड़ी ने इस मुद्दे पर कहा कि अगर यह फैसला प्रशासन का है तो उचित नहीं लगता। इस मामले को जाति-धर्म से ऊपर उठकर देखना चाहिए। मुसलमान भी धार्मिक यात्रा का सम्मान करें और हिन्दुओं को भी समझने की जरूरत है।

**● हिन्दू-मुस्लिम धर्मगुरुओं की सामने आई मिलीजुली प्रतिक्रिया**

## 'अधिकारी सरकार की करा रहे बदनामी'

**अंबेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश के मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद ने अपनी ही सरकार के अधिकारियों के रवैये से नाराज हैं। विधायक इं. सरवन निषाद के आरोपों पर कहा कि उनसे बातचीत की जाएगी। कांवड़ मार्ग पर दुकानदारों द्वारा नेम प्लेट लगाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हर आदमी को अपने धर्म और जाति पर गर्व होना चाहिए। मुसलमानों को विपक्षी टारगेट कर रहे है। दुकानों पर प्रोप्राइटर का नाम लिखने का कानून है। निषाद का कहना है कि कुछ अधिकारी ऐसे है जो जानबूझ कर सरकार की बदनामी करा रहे है। यह लोग ऐसा कार्य कर रहे है कि जनता नाराज हो जाए। लोकतंत्र में लोग नहीं वोटर नाराज होता है, ऐसे अधिकारी चाह रहे है कि सरकार चली जाए लेकिन उनकी यह कोशिश कामयाब नहीं होगी।

# पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी के मुकदमे में दरोगा की हुई गवाही

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** कादीपुर के पास मार्ग दुर्घटना में छात्रा की मृत्यु के बाद हुए बवाल में आरोपी पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी समेत अन्य के मुकदमे मे शनिवार को दरोगा विष्णु पाल सिंह की गवाही दर्ज की गई और उनसे जिरह भी हुई। कोर्ट ने सुनवाई के लिए अगली तारीख 2 अगस्त नियत की है। मामले मे 17 आरोपी है विचारण एमपी एमएलए जज एकता वर्मा के न्यायालय में हो रहा है। विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय के मुताबिक 17 दिसम्बर 2002 को संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सामने छात्रा पूनम श्रीवास्तव को एक जीप ने कुचल दिया था। उसके बाद आसपास के लोगों, छात्रों व नेताओं ने वहां मार्ग जाम कर दिया। पुलिस पंचनामा भरने पहुंची तो उनपर पत्थर फेंके व उधर से गुजरने वाले राहगीर की बाइक जला दी। थाने पर भी हमला कर दिया जो अफसर आये उनका विरोध कर वाहन क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस को पीटा राइफल पिस्टल छीन ली फायरिंग मे एक युवक को गोली भी लग गई। कई थानो की फ़ोर्स आई तब मामला शांत हुआ था। मामले मे तत्कालीन थानाध्यक्ष शिवराज सिंह ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, वेद प्रकाश बृजेश सिंह, सर्वेश सिंह, जितेंद्र सिंह रामार्य पाठक पूर्व विधायक राम चंद्र चौधरी, पंकज सिंह, रिंकू सिंह, हवलदार सिंह, सरोज सिंह, लाल बहादुर सिंह व हरि सहाय मिश्र पर केस दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय भेजा। आरोप तय होने के बाद अभियोजन के साक्ष्य मे मुकदमा नियत है।

**● कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित डेढ़ दर्जन लोग हैं आरोपी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद– राठ (हमीरपुर)**
पत्रांक 508 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 / 2024–25/ दिनांक 18/07/2024
म्युटेशन सूचना
नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (क) के अन्तर्गत
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुहाल चौबट्टा वार्ड–25 राठ में स्थित गृह सं0 124 में श्री रामसिंह पुत्र मोती सिंह, श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व0 प्रेम सिंह का नाम अकित है। प्रार्थी श्री रोशन सिंह पुत्र लालाराम ने कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र इस आशय का दिया है कि उक्त भवन का जुज भाग श्रीमती आशा देवी पुत्री लालाराम पत्नी प्रेम सिंह से रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर दिनांक 15.12.2022 को प्राप्त कर लिया है। प्रार्थी द्वारा उक्त भवन के प्राप्त किये भाग पर अपना नाम अंकित करने के लिये आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि इस नाम परिवर्तन पर किसी को कोई भी आपत्ति हो तो अपने अभिलेखीय साक्ष्य सहित सूचना के प्रकाशन की नियत तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि आप द्वारा सूचना प्रकाशन के बाद निर्धारित अवधि के अन्दर कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत न की तो निर्धारित समय गुजर जाने के बाद कार्यालय में लिखित आपत्ति न आने पर चौबट्टा वार्ड–25 में स्थित गृह सं0 124 में अंकित श्री रामसिंह पुत्र मोती सिंह, श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व0 प्रेम सिंह के नामों में से श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व0 प्रेम सिंह का नाम निरस्त कर उसी स्थान पर श्री रोशन सिंह पुत्र लालाराम का नाम अंकित कर दिया जाएगा व अन्य नाम पूर्ववत रखा जाएगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद– राठ (हमीरपुर)**
पत्रांक 507 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 / 2024–25/ दिनांक 18/07/2024
म्युटेशन सूचना
नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (क) के अन्तर्गत
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुहाल चौबट्टा वार्ड–25 राठ में स्थित गृह सं0 121 में श्री रामसिंह पुत्र मोती सिंह, श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व0 प्रेम सिंह का नाम अकित है। प्रार्थी श्री रोशन सिंह पुत्र लालाराम ने कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र इस आशय का दिया है कि उक्त भवन का जुज भाग श्रीमती आशा देवी पुत्री लालाराम पत्नी प्रेम सिंह से रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर दिनांक 15.12.2022 को प्राप्त कर लिया है। प्रार्थी द्वारा उक्त भवन के प्राप्त किये भाग पर अपना नाम अंकित करने के लिये आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि इस नाम परिवर्तन पर किसी को कोई भी आपत्ति हो तो अपने अभिलेखीय साक्ष्य सहित सूचना के प्रकाशन की नियत तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि आप द्वारा सूचना प्रकाशन के बाद निर्धारित अवधि के अन्दर कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत न की तो निर्धारित समय गुजर जाने के बाद कार्यालय में लिखित आपत्ति न आने पर चौबट्टा वार्ड–25 में स्थित गृह सं0 121 में अंकित श्री रामसिंह पुत्र मोती सिंह, श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व0 प्रेम सिंह के नामों में से श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व0 प्रेम सिंह का नाम निरस्त कर उसी स्थान पर श्री रोशन सिंह पुत्र लालाराम का नाम अंकित कर दिया जाएगा व अन्य नाम पूर्ववत रखा जाएगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

**मुस्तैदी** | दशरथ महल को केंद्र बनाकर राममंदिर के साथ हनुमानगढ़ी और कनक भवन क्षेत्र में आपात स्थिति से निपटने का किया पूर्वाभ्यास

# अयोध्या के दशरथ महल से संचालित हुआ एनएसजी का ऑपरेशन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** राममंदिर समेत रामनगरी के प्रमुख मठ-मंदिरों की सुरक्षा-व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाने और आपात स्थिति में ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए चार दिन से जिले में डेरा डाले एनएसजी की कवायद शनिवार को भी जारी रही। अलग-अलग टुकड़ियों में रामनगरी पहुंचे एनएसजी के कमांडो और अधिकारियों ने भौगोलिक हालात का जायजा लिया। चार दिवसीय दौरा सकुशल संपन्न होने के बाद ज्यादातर कमांडो और अधिकारी वापस रवाना हो गए हैं। शुक्रवार को देर रात तक एनएसजी ने दशरथ महल को केंद्र बनाकर राममंदिर के साथ हनुमानगढ़ी और कनक भवन क्षेत्र में आपात स्थिति से निपटने का पूर्वाभ्यास किया था।

रामनगरी के ऐतिहासिक सावन झूला मेला के पूर्व रामनगरी के राममंदिर की सुरक्षा-व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाने और राममंदिर समेत प्रमुख मठ-मंदिरों हनुमानगढ़ी और कनक भवन आदि पर आपात स्थिति से निपटने के लिए भौगोलिक क्षेत्र के अध्ययन के साथ ऑपरेशन पूर्वाभ्यास के लिए एनएसजी चार दिवसीय दौरे पर जनपद आई थी। आतंकी हमले से निपटने के लिए शुक्रवार की देर शाम पूरे येलो जोन को आइसोलेट करवा दुकानों को बंद करवाया गया था और देर रात एनएसजी की ओर से एटीएस, पीएसी, पुलिस के कमांडो तथा पैरामिलेट्री व पुलिस, एसडीआरएफ, एंबुलेंस, फायर बिग्रेड तथा सेना के आपरेशन दस्ते के साथ पूर्वाभ्यास किया गया। राममंदिर, हनुमानगढ़ी और कनक भवन पर आपरेशन संचालित करने के लिए दशरथ महल में जुटे एनएसजी के ऑपरेशन विंग के अधिकारियों ने आपात हाल से निपटने के लिए साजो-सामान से लैस कमांडो दस्ते को बोर्ड पर पूरे क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति का नक्शा दिखाया और फिर टुकड़ियों में आपरेशन के लिए रवाना किया। विभिन्न रास्तों के साथ छतों और कंगूरों पर कमांडो ने मोर्चा संभाला, रस्सी के सहारे ऊपर चढ़े और नीचे उतरे तथा विभिन्न दस्तों के समन्वय से आपरेशन को अंजाम तक पहुंचाया।



ऑपरेशन के पूर्व दशरथ महल में भौगोलिक स्थिति और रणनीति बताते विशेषज्ञ, राम मंदिर परिसर में मॉक ड्रिल करते कमांडो।

### सरयू घाट व रेलवे स्टेशन का भी जायजा

बताया गया कि एनएसजी ने विशिष्ट क्षेत्र के एक-एक बिंदुओं, रास्तों आदि का ब्यौरा तैयार किया है। दौरे के अंतिम दिन अलग-अलग टुकड़ियों में अयोध्या पहुंच एनएसजी के अधिकारियों और जवानों ने महत्वपूर्ण मंदिरों के अलावा सरयू के घाटों, रेलवे स्टेशन आदि का जायजा लिया है।

**कार्यालयः ग्राम पंचायत–परसौंजा, विकासखण्ड–चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट**
पत्रांकः पं0वि0/पंद्र0वित्त/मनरेगा/टेन्डर नोटिस/2023–24 दिनांक 20.07.2024
अल्पकालीन निविदा सूचना
राज्य वित्त / पंद्रहवा वित्त / मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत–परसौंजा द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यो पर प्रयुक्त होने वाली सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/आयकर में पूजीकृत फर्मो / सप्लायरों से दिनांक 23.07.2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आनात की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित आगवित्रत दाताओं के साथ खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री 21.7.2024 से 23.07.2024 को अपरान्ह 1.00 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | ग्राम पंचायत | कार्य का नाम | प्राक्कलन की धनराशि (रू0 में) | 2 % धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परसौंजा | ग्रा0 पं0 परसौंजा में राममिलन के घर से पंचायत भवन तक इंटरलाकिंग खडंजा निर्माण कार्य | 375500 | 7510 | 500 |

निविदा शर्ते :– नोट– निविदा से सम्बन्धित शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय के पटल पर देखी जा सकती है।
ग्रा0पं0वि0अ0 परसौंजा प्रधान परसौंजा

## एक नजर

### सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुकमा के जगरगुंडा थाना क्षेत्र में जगरगुंडा एरिया कमेटी के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर शुक्रवार रात डीआरजी के दल को गश्त पर रवाना किया गया। गश्ती दल शनिवार सुबह तुमार गट्टा और सिंगावरम गांव के जंगल में पहुंचा तो नक्सलियों ने उस पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई के बाद नक्सली भाग निकले। सुरक्षाबलों की तलाशी में एक नक्सली का शव, एक भरमार बंदूक, वायरलेस सेट, भारी मात्रा में विस्फोटक और अन्य सामान मिला।

### दाऊद इब्राहिम गिरोह के दो सदस्यों को जमानत

**मुंबई।** मुंबई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने 11 जुलाई के आदेश में महाराष्ट्र एटीएस की ओर से अगस्त 2022 में गिरफ्तार किए गए दो लोगों को जमानत दे दी है। एटीएस ने दावा किया है कि फैज भिवंडीवाला और परवेज वईद, दाऊद इब्राहिम गिरोह के सदस्य है। पीठ ने कहा कि सरकारी वकील ने एटीएस के निर्देश पर बयान दिया कि आरोपपत्र में यूएपीए के तहत आरोपों को स्थापित करने वाली कोई सामग्री नहीं है जो आतंकवादी कृत्य करने और अपराध के लिए धन एकत्र करने से संबंधित है। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि एक आरोपी से कथित तौर पर जब्त किया गया प्रतिबंधित मादक पदार्थ कम मात्रा में था। अदालत ने भिवंडीवाला और वईद को 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर रिहा कर दिया।

### अंधविश्वास के खिलाफ याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है, जिसमें अंधविश्वास, जादू-टोने और ऐसी अन्य कुप्रथाओं को समाप्त करने के लिए उचित कदम उठाने के उद्देश्य से केंद्र और राज्यों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि समाज में प्रचलित अवैज्ञानिक कृत्यों को समाप्त करने के लिए अंधविश्वास एवं जादू-टोना रोधी कानून की आवश्यकता है। इसमें फर्जी संतों को लोगों का शोषण करने से रोकने के संबंध में भी कदम उठाने के लिए अनुरोध किया गया है। अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की याचिका में केंद्र और राज्यों को संविधान के अनुच्छेद-51ए की भावना के अनुरूप नागरिकों में वैज्ञानिक सोच-समझ, मानवीयता और जांच-पड़ताल की भावना विकसित करने की दिशा में कदम उठाने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

# खनन मामले में विधायक पंवार गिरफ्तार

## गुरुग्राम से गिरफ्तार किए गए कांग्रेस नेता, हिरासत के लिए कोर्ट से अनुरोध करेगी ईडी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता एवं हरियाणा के विधायक सुरेंद्र पंवार (55) को अवैध खनन से जुड़े धन शोधन मामले में गुरुग्राम से शनिवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। उन्हें अंबाला में धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा, जहां से हिरासत में भेजने का अनुरोध किया जाएगा।



- प्रतिबंध के बाद भी खनन करने के आरोप में दर्ज हुई कई प्राथमिकी
- 400 से 500 करोड़ रुपये का अवैध धन अर्जित करने का आरोप

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बाद भी यमुनानगर और उसके आसपास के जिलों में पत्थर, बजरी और रेत के कथित अवैध खनन को लेकर हरियाणा पुलिस ने कई प्राथमिकी दर्ज की थी। धन शोधन का यह मामला भी इसी से संबंधित है। केंद्रीय एजेंसी ई-रवाना योजना में कथित धोखाधड़ी की भी जांच कर रही है। ई-रवाना एक ऑनलाइन पोर्टल है, जिसे हरियाणा सरकार ने रॉयल्टी और कर संग्रह आसान बनाने तथा खनन क्षेत्रों में कर चोरी रोकने के लिए 2020 में शुरू किया था। अनुमान लगाया गया है कि कथित अवैध खनन के जरिये कुछ वर्षों में लगभग 400-500 करोड़ रुपये का अवैध धन अर्जित किया गया है।

### 1.42 करोड़ नकद, फ्लैट तथा जमीन के दस्तावेज जब्त

ईडी ने कहा कि उसने बैंक-ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन की जांच में हरियाणा कांग्रेस विधायक राव दान सिंह, उनके बेटे और कुछ व्यावसायिक इकाइयों के खिलाफ छापेमारी में 1.42 करोड़ नकद, 30 से अधिक अघोषित फ्लैट और जमीन से संबंधित दस्तावेज जब्त किए हैं। विधायक, उनके परिवार, एक संबद्ध कंपनी सनसिटी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, एलाइड स्ट्रिप्स लिमिटेड (एएसएल) और इसके प्रवर्तक मोहिंदर अग्रवाल, गौरव अग्रवाल और कुछ अन्य के खिलाफ दिल्ली, जमशेदपुर (झारखंड), हरियाणा के महेंद्रगढ़ और गुरुग्राम में 18 जुलाई को छापेमारी की। धन शोधन की जांच आरोपियों के खिलाफ दर्ज सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित है। इसमें आरोपियों पर धन की धोखाधड़ी करने, आपराधिक धांधली, आपराधिक विश्वासघात और ठगी कर केनरा बैंक के नेतृत्व वाले बैंकों के संघ को 1,392.86 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाने का आरोप है।

# माइक्रोसॉफ्ट आउटेज में दिखा तकनीक पर अतिनिर्भर होने का दुष्परिणाम : चंद्रचूड़

मदुरै (तमिलनाडु), एजेंसी

देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि माइक्रोसॉफ्ट आउटेज में दिखा कि तकनीकी निर्भरता के क्या-क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ की स्थापना के 20 वर्ष पूरे होने पर आयोजित समारोह को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि हर कोई जानता है कि मैं प्रौद्योगिकी के लाभों का समर्थक हूं। कल ही हमने तकनीकी निर्भरता के प्रतिकूल प्रभाव देखे। माइक्रोसॉफ्ट आउटेज से पूरे देश में उड़ानें रद कर दी गईं लेकिन मुझे लगता है कि यह मदुरै के लोगों का प्यार है जो मेरी पिछली यात्रा के दौरान मुझ पर



- सीजेआई ने मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ के 20 वर्ष पूरे होने पर हुए समारोह को किया संबोधित

बरसाया, जिसने आज आप सभी के बीच मेरी उपस्थिति सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि मदुरै को थुंगा नगरम या ऐसा शहर कहा जाता है, जो कभी नहीं सोता, क्योंकि इसके बाजार हमेशा लोगों के लिए खुले रहते हैं। यह इस महान शहर की आमंत्रित और मेहमाननवाज़ संस्कृति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि मद्रास उच्च न्यायालय की स्थायी पीठ के लिए मदुरै को चुना गया। इस अर्थ में, मदुरै शाश्वत प्रतीक है कि न्याय कभी नहीं सोता है। सीजेआई ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 214 में कहा गया है कि प्रत्येक राज्य के लिए एक उच्च न्यायालय होगा, लेकिन यह सोचना बहुत बड़ी गलती होगी कि मद्रास उच्च न्यायालय विशेष रूप से मदुरै बेंच से आने वाले निर्णयों का प्रभाव तमिलनाडु राज्य तक ही सीमित है। देश भर के वकील, न्यायाधीश और नागरिक मदुरै बेंच से आने वाले निर्णयों को बहुत प्रशंसा के साथ देखते हैं। बार के साथ-साथ उच्च न्यायालय की पीठ के न्यायाधीश केवल 20 वर्षों की छोटी अवधि में ऐसी प्रतिष्ठा स्थापित करने में सक्षम हुए हैं।

## बांसुरी के निर्वाचन को चुनौती देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचे सोमनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

आप नेता सोमनाथ भारती ने लोकसभा चुनाव में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के निर्वाचन को कथित भ्रष्ट आचरण के आधार पर चुनौती देते हुए शनिवार को दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा 22 जुलाई को चुनाव याचिका पर सुनवाई करेंगे।

याचिका में कहा गया कि निर्वाचन अधिकारी के अनुसार भारती को 3,74,815 जबकि स्वराज को 4,53,185 वोट मिले। वे दोनों नई



- आप नेता ने भाजपा सांसद के निर्वाचन को कथित भ्रष्ट आचरण बताया

दिल्ली संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़े थे और स्वराज को विजेता घोषित किया गया था। मौजूदा याचिका भारती द्वारा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 80 और 81 के तहत दायर की जा रही है, जिसमें स्वराज के निर्वाचन को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि स्वराज, उनके एजेंट और अन्य व्यक्तियों ने 25 मई को हुए चुनाव के दौरान भ्रष्ट आचरण किया है।

## भीषण गर्मी से बीएसएफ के एक अधिकारी और जवान की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात में भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर गश्त के दौरान हरामी नाला क्षेत्र में अत्यधिक गर्मी से बीएसएफ के एक अधिकारी और एक जवान की मौत हो गई। बीएसएफ ने शनिवार को यह जानकारी दी।

यह घटना शुक्रवार को हुई और सहायक कमांडेंट विश्व देव और हेड कांस्टेबल दयालराम को तापघात हो गया था। विश्व देव बीएसएफ की 59वीं बटालियन से थे। दोनों को भुज के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। इस साल मई में जैसलमेर (राजस्थान) में बीएसएफ के एक जवान की भीषण गर्मी से जान चली गई थी। बीएसएफ के गांधीनगर स्थित गुजरात फ्रंटियर के प्रवक्ता ने कहा कि दोनों कर्मी बल के अन्य सदस्यों के साथ हरामी नाला के उत्तर में अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर सुदूर और दुर्गम इलाके में लंबी दूरी की गश्त पर थे। यह लोग भीषण गर्मी का सामना कर रहे थे । उन्हें चिकित्सा केन्द्र ले जाया गया लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया।

## हरियाणा में आप ने की केजरीवाल की पांच गारंटी की घोषणा

चंडीगढ़, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने शनिवार को चुनावी राज्य हरियाणा के लिए केजरीवाल की पांच गारंटी की घोषणा की। इसके तहत मुफ्त बिजली, मुफ्त चिकित्सा, मुफ्त शिक्षा, राज्य की हर महिला को 1,000 रुपये प्रति माह देना और युवाओं के लिए रोजगार है। इस साल के अंत में हरियाणा विधानसभा का चुनाव होना है।

पंचकूला में केजरीवाल की पांच गारंटी की घोषणा के दौरान सुनीता के अलावा, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत

- इसमें मुफ्त बिजली, चिकित्सा शिक्षा, हर महिला को 1,000 रुपये प्रतिमाह और रोजगार

मान और आप नेता संजय सिंह और संदीप पाठक मौजूद थे। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के संयोजक केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। आप ने घरेलू इस्तेमाल के लिए मुफ्त बिजली, मोहल्ला क्लीनिक खोलने और मुफ्त चिकित्सा, शिक्षा तथा हर महिला को 1,000 रुपये प्रति माह देने समेत युवाओं के लिए रोजगार का वादा किया है।

## सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए जम्मू पहुंचे सेना प्रमुख

**जम्मू।** जम्मू क्षेत्र के शांतिपूर्ण हिस्सों में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ने के बीच सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी शनिवार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए यहां पहुंचे। तीस जून को भारतीय सेना के 30वें प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद तीन सप्ताह से भी कम समय में सेना प्रमुख का जम्मू का यह दूसरा दौरा है।

8 और 15 जुलाई को कठुआ के माचेडी और डोडा के देसा वन क्षेत्रों में हुए दो अलग-अलग आतंकवादी हमलों में एक कैप्टन समेत नौ सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि सेना प्रमुख यहां पुलिस मुख्यालय में एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे जिसमें पुलिस, सेना, अर्धसैन्य और खुफिया विभाग के शीर्ष अधिकारी शामिल होंगे।

## अंग्रेजों ने परंपराओं और पूर्वजों में आस्था को कम करने की कोशिश की : भागवत

पुणे, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को दावा किया कि 1857 के बाद अंग्रेजों ने देशवासियों की अपनी परंपराओं और पूर्वजों में आस्था कम करने का व्यवस्थित तरीके से प्रयास किया। भागवत ने कहा कि अंधविश्वास तो होता है लेकिन आस्था कभी अंधी नहीं होती।

उन्होंने कहा कि कुछ प्रथाएं और रीति-रिवाज, जिनका पालन किया जा रहा है, वे आस्था हैं। कुछ प्रथाएं एवं रिवाज गलत हो सकते हैं और उन्हें बदलने की जरूरत होती है। अंग्रेजों ने 1857 के बाद हमारे मन से आस्था को खत्म करने के



- आरएसएस प्रमुख बोले- कुछ प्रथाएं एवं रिवाज गलत हो सकते हैं और उन्हें बदलने की जरूरत

लिए व्यवस्थित प्रयास किए। उन्होंने हमारी अपनी परंपराओं और पूर्वजों में जो आस्था थी, उसे खत्म कर दिया। भागवत ने जीबी देगलुरकर की पुस्तक के विमोचन पर कहा कि भारत में जो मूर्ति पूजा होती है, वह आकार से परे जाकर निराकार से जुड़ती है। इसीलिए मूर्तियों के रूप में एक आकार बनाया जाता है। भारत में मूर्तियों के चेहरों पर भावनाएं होती हैं, जो कहीं और देखने को नहीं मिलतीं हैं।

## रसायन उद्योग की चुनौतियों के समाधान को हस्तक्षेप जरूरी : नड्डा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को कहा कि सरकार रसायन एवं पेट्रोरसायन उद्योग की चुनौतियों का समाधान करने के लिए हस्तक्षेप करेगी। इस क्षेत्र की वृद्धि के लिए नीतियों एवं कार्यक्रमों के जरिए जरूरी उपाए किए जाएंगे।

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री की इच्छा है कि हमें 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। यदि हमें इसको हासिल करना है तो हमें अपने कार्यक्रमों या नीतियों को उसी के अनुसार बनाना होगा।

## रीट-2021 प्रश्न पत्र लीक में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने शनिवार को कहा कि उसने 2021 में राजस्थान शिक्षक योग्यता परीक्षा (रीट) का प्रश्न पत्र में कथित तौर पर लीक होने से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

एजेंसी ने बताया कि राजू राम इराम को शुक्रवार को हिरासत में लिया गया था। जयपुर में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत ने उसे तीन दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने इससे पहले सहायक प्रोफेसर प्रदीप पाराशर और उनके सहायक रामकृपाल मीणा को गिरफ्तार किया था। इराम ने एक आरोपी से रीट-2021 का लीक हुआ प्रश्नपत्र प्राप्त कर परीक्षार्थियों को बांटने के लिए साथियों को दे दिया था। आरोपी ने सहयोगियों की मदद लेकर जोधपुर में बड़ी राशि के बदले पेपर पढ़ाने की व्यवस्था की।

## जातीय जनगणना का समर्थन करता हूं : चिराग पासवान

नई दिल्ली, एजेंसी

- बोले- आंकड़े सार्वजनिक करने से समाज में विभाजन पैदा होगा

केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने राष्ट्रव्यापी जातीय जनगणना का समर्थन किया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि अगर इसके आंकड़े सार्वजनिक किए गए तो समाज में विभाजन पैदा होगा।

उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव कराने और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के बारे में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है। एक साथ चुनाव कराने और यूसीसी लागू करने के मुद्दे भाजपा के घोषणा पत्र में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जब तक उनके सामने कोई मसौदा नहीं रखा जाता तब तक वह कोई रुख अख्तियार नहीं कर सकते। उनकी पार्टी एक साथ चुनाव कराने का पुरजोर समर्थन करती है। पासवान ने कहा कि हमारे पास अभी मसौदा नहीं है। जब तक हम इस पर विचार नहीं कर लेते तब तक कुछ कहना ठीक नहीं है।

# कारोबार/कृषि

## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)** गेहूं दड़ा 2450-2460 आर.आर.21 2550-2600 गेहूंफारम 2600-2700 जौ 2300-2400 ज्वार 2000-4000 बाजरा 2100-2150 मकाई 2200-2400 **दलहन (प्रति क्वि.)** चना 6300-6400 अरहर 9000-10000 मसूर 5500-5600 मटर 3700-3800 उड़दहरा 11000-11500 उड़द काला 8000-9000 मूंग 8000-8200 **दाल (प्रति क्वि.)** अरहर फूल 16300-16400 अरहर स्पेशल 13900-14000 चना दाल 8000-8100 मटर दाल 4450-4550 मसूर मलका 7150-7225 मसूर दाल 7375-7425 उड़द दाल 9000- 13300 उड़द धोवा 10000-13000 मूंगदाल 8100-9700 मूंग धोवा 9700-11000 **चावल (प्रति क्वि.)** अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती न02.7000-8000 **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** आटा1460-1500 मैदा 1420-1470 सूजी 1480-1520 **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** शाहपसंद 1380-1420 **तिलहन (प्रति क्वि.)** लाही 5600-5800 अलसी 4500-4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 11000-11500 मूंगफली दाना शिवपुरी 9300-10800 बटाली 8600-10100 सेहुआं 4000 - 4500 **तेल (प्रति क्वि.)** सरसों कोल्हू 12200-12300 अलसी 10100-10200 अण्डी 12800-13000 **रिफाइण्ड (प्रति टिन)** सोयाबीन 1570-1569 **खली (प्रति क्वि.)** सरसों 2550-2600 अलसी 4900-5000 अण्डी 1400-1450 **वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.)** बावर्ची 1565-1564 मयूर 1565-1564 **गुड़ (प्रति क्वि.)** मंगलौरलडडू 4900-4950 देशी भेली 4600-4700

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 91300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 75150 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56000-56200 |

# घर खरीदने वालों के लिए कर में छूट बिल्डरों को प्रोत्साहन की सिफारिश

## रियल एस्टेट कंपनियों के संगठन क्रेडाई ने बजट होने से पहले सरकार से किया अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

रियल एस्टेट कंपनियों के संगठन क्रेडाई ने शनिवार को सरकार से आम बजट में घर खरीदने वालों को कर में छूट देने का अनुरोध किया। साथ ही निकाय ने बिल्डरों को प्रोत्साहन देने और रियल एस्टेट परियोजनाओं को शुरू करने की मंजूरी की प्रक्रिया को आसान बनाने का आग्रह किया।

क्रेडाई ने कहा कि उसने रियल एस्टेट क्षेत्र की वृद्धि के लिए सरकार को विभिन्न सिफारिशें दी हैं। ये किफायती आवास परियोजनाओं में निवेश करने वाले डेवलपर के लिए मंजूरी प्रक्रियाओं को आसान बनाने और सब्सिडी जैसे उपायों के महत्व पर जोर देती हैं। क्रेडाई अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा कि जीडीपी, रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे के विकास में अपने महत्वपूर्ण योगदान



- परियोजनाओं को शुरू करने की प्रक्रिया को आसान बनाने का आग्रह

के चलते भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र एक अनुकूल बजट की उम्मीद करता है। यह ऐसा बजट होना चाहिए जो दीर्घकालिक चुनौतियों का समाधान करे और टिकाऊ वृद्धि का आधार हो। हमने घर खरीदारों के लिए ब्याज छूट में वृद्धि, सीएलएसएस (क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना) को फिर से शुरू करने और किफायती आवास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही है।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और नवाचार को बढ़ावा दे सरकार

**नई दिल्ली।** बजट से पहले स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भारत में मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तैयार करने के लिए सरकारी खर्च में वृद्धि, बुनियादी ढांचे और नवाचार की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा उद्योग को बजट से अधिक उम्मीद है। इसमें अच्छे इलाज, गुणवत्ता में वृद्धि और शोध तथा विकास पर जोर देना चाहिए। एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स - इंडिया (एएचपीआई) के महानिदेशक डॉ गिरधर ज्ञानी ने कहा, उभरते स्वास्थ्य खतरों से निपटने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज हासिल करने के लिए सरकारी खर्च में वृद्धि जरूरी है। सरकार को स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल और पोषण पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण को प्राथमिकता देनी चाहिए।

## रसायन उद्योग की चुनौतियों के समाधान को हस्तक्षेप जरूरी : नड्डा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को कहा कि सरकार रसायन एवं पेट्रोरसायन उद्योग की चुनौतियों का समाधान करने के लिए हस्तक्षेप करेगी। इस क्षेत्र की वृद्धि के लिए नीतियों एवं कार्यक्रमों के जरिए जरूरी उपाए किए जाएंगे।

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री की इच्छा है कि हमें 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। यदि हमें इसको हासिल करना है तो हमें अपने कार्यक्रमों या नीतियों को उसी के अनुसार बनाना होगा। पेट्रो रसायन उद्योग को भी इसी के अनुरूप योजना बनानी होगी। मंत्री ने कहा कि उद्योग प्रतिनिधियों ने रसायन एवं पेट्रोरसायन उद्योग के समक्ष चुनौतियों के बारे में बात की है तथा उन मुद्दों के समाधान के लिए विभिन्न सुझाव भी दिए हैं।

# ईपीएफओ ने अपर्याप्त आईटी बुनियादी ढांचे पर जताई चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी

कर्मचारी भविष्य निधि अधिकारी संघ ने सेवानिवृत्ति निधि निकाय के सूचना प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए केंद्रीय श्रम मंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। मंत्री को लिखे पत्र में ईपीएफ अधिकारी संघ (ईपीएफओए) ने कहा कि वह ईपीएफ आईटी बुनियादी ढांचे- सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, आईटी जनशक्ति को उन्नत करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप के लिए नियमित रूप से अनुरोध कर रहा है।

पुराने तंत्र से ईपीएफ के कर्मचारियों पर भारी दबाव पड़ रहा है और ईपीएफओ सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संघ ने कहा कि स्थिति अब गंभीर हो गई है, क्योंकि अधिकारी और कार्यालय प्रतिदिन महत्वपूर्ण प्रणालीगत खामियों के बारे में बता रहे हैं। इसमें कहा गया कि ईपीएफओ का अपर्याप्त आईटी तंत्र और इससे सेवा संबंधी बाधाएं ईपीएफ सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं। ईपीएफओ एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर इसकी सेवा वितरण अवसंरचना के आधारभूत घटक के रूप में कार्य करता है।

- केंद्रीय श्रम मंत्री को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने की मांग की, पुराने तंत्र से कर्मचारियों पर पड़ रहा भारी दबाव

### ईपीएफओ ने रिकॉर्ड 19.5 लाख सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने मई 2024 में शुद्ध रूप से रिकॉर्ड 19.50 लाख सदस्यों को जोड़ा। श्रम मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अप्रैल 2018 में जब पहली बार पेरोल आंकड़े जारी हुए तब से समीक्षाधीन महीने में सबसे अधिक सदस्य बढ़े।

## बारिश से आपूर्ति प्रभावित, दिल्ली में टमाटर 100 रुपये प्रति किलो

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के विभिन्न हिस्सों में बारिश से खाद्य पदार्थों की आपूर्ति प्रभावित होने से शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में टमाटर का भाव 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया। दिल्ली में मदर डेयरी के खुदरा बिक्री केंद्र सफल पर टमाटर 100 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर उपलब्ध हैं। उपभोक्ता मामलों के विभाग के आंकड़ों के अनुसार शनिवार को दिल्ली में टमाटर की खुदरा कीमत 93 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार 20 जुलाई को टमाटर का अखिल भारतीय औसत मूल्य 73.76 रुपये प्रति किलो था। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अत्यधिक बारिश से आपूर्ति में



व्यवधान के चलते पिछले सप्ताह कीमतों में तेज वृद्धि हुई। दिल्ली और कुछ अन्य शहरों में टमाटर, आलू और प्याज की कीमतें बहुत ज्यादा हैं। पश्चिमी दिल्ली में मदर डेयरी स्टोर पर शनिवार को प्याज 46.90 रुपये प्रति किलो और आलू 41.90 रुपये प्रति किलो था। दिल्ली में प्याज 50 रुपये प्रति किलोग्राम और आलू 40 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से मिल रहा है।

## डाटा खपत में रिलायंस जियो बना दुनिया का नंबर 1 नेटवर्क

**नई दिल्ली।** चीनी कंपनियों को पीछे धकेल कर रिलायंस जियो दुनिया भर में डाटा खपत के मामले में नंबर वन कंपनी बन गई है। कंपनी के जून तिमाही के नतीजों में इस बात का खुलासा हुआ कि जियो नेटवर्क पर डाटा खपत तिमाही में 44 एक्साबाइट यानी 4400 करोड़ जीबी से आगे है। यह पिछले साल के मुकाबले करीब 33 फीसदी का उछाल है।

- चीनी कंपनियों को पीछे धकेल कर जियो बढ़ा आगे

देश में पहली बार किसी टेलीकॉम नेटवर्क पर ग्राहक औसतन प्रतिदिन 1 जीबी से कुछ अधिक डाटा का इस्तेमाल कर रहे हैं। कंपनी की शनिवार को जारी तिमाही रिपोर्ट के अनुसार जियो 5जी नेटवर्क से जुड़े 13 करोड़ ग्राहक बड़ी तादाद में डाटा का उपयोग करते हैं। जियो के 49 करोड़ ग्राहक हैं, जिनमें से चार करोड़ ग्राहक पिछले एक साल में जियो नेटवर्क से जुड़े हैं। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष आकाश एम अंबानी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण उच्च कवरेज़ वाला, किफायती इंटरनेट डिजिटल इंडिया की रीढ़ है।

# निर्यात को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए दरों में वृद्धि चाहता है चाय उद्योग

कोलकाता, एजेंसी

चाय उद्योग ने विदेशी बाजारों में निर्यात को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आरओडीटीईपी योजना के तहत दरों में वृद्धि की मांग की है। अग्रणी उद्योग निकाय भारतीय चाय संघ (आईटीए) ने बजट पूर्व कहा कि थोक चाय के लिए वर्तमान आरओडीटीईपी दर 1.7 प्रतिशत (फ्री ऑन बोर्ड) है, जिसकी अधिकतम सीमा 6.70 रुपये प्रति किलोग्राम है।

एसोसिएशन ने सरकार से आग्रह



- आरओडीटीईपी योजना के तहत आईटीए ने की वृद्धि की मांग

किया कि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए थोक में काली चाय के लिए निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों में छूट (आरओडीटीईपी) के तहत प्रोत्साहन आधारित दर को बढ़ाए। आरओडीटीईपी योजना सुनिश्चित करती है कि निर्यातकों को उन करों और शुल्कों पर रिफंड मिले जो पहले वसूल नहीं किए जा सकते थे।

एक अन्य उद्योग संगठन भारतीय चाय संघ (टीएआई) ने सरकार को बजट पूर्व सौंपे अपने प्रस्ताव में कहा कि चाय के लिए आरओडीटीईपी दर पूर्व की पांच प्रतिशत की एमईआईएस (वाणिज्य निर्यात प्रोत्साहन योजना) से अधिक होनी चाहिए, ताकि भारतीय चाय वैश्विक बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बरकरार रख सके।

## एक नजर

### यूक्रेन पर रूस के हमलों में कम से कम चार की मौत

**कीव।** यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी खारकीव क्षेत्र में रूस द्वारा बुनियादी ढांचे पर किए गए मिसाइल हमलों में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस बीच, यूक्रेनी अधिकारियों ने पुष्टि की है कि शुक्रवार को माइकोलाइव शहर पर रूसी हमले के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई। शहर के मेयर अलेक्सेंडर सिएनकेविच ने बताया कि मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है।

### जस्टिन ट्रूडो ने मंत्रिमंडल में बदलाव की घोषणा की

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कैबिनेट में बदलाव की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय से एक समाचार विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रूडो ने स्टीवन मैकिनॉन को कनाडा के नए श्रम और वरिष्ठ मंत्री के रूप में नामित किया, जो निवर्तमान मंत्री सीमस ओ' 'रेगन द्वारा छोड़ी गई रिक्ति को भरेंगे। मैकिनॉन ने हाउस ऑफ कॉमन्स में सरकार के नेता के रूप में अपनी वर्तमान भूमिका से हटकर, शुक्रवार सुबह अपनी नई भूमिका की शपथ ली।

### चीन में मूसलाधार बारिश पुल ढहने से 12 की मौत

**बीजिंग।** चीन के पश्चिमोत्तर प्रांत शांक्सी में मूसलाधार बारिश के कारण राजमार्ग पर बने पुल के ढहने से 12 लोगों की मौत हो गयी और 31 अन्य लापता हैं। प्रांतीय प्रचार विभाग के अधिकारियों के मुताबिक लगातार बारिश और बाढ़ के कारण शांग्लुओ शहर में झाशुई काउंटी स्थित पुल शुक्रवार रात करीब 20:40 बजे अचानक आंशिक रूप से ढह गया। पुल के नीचे कुल 17 कारें और आठ ट्रक जिनकियान नदी में गिर गये। उन्होंने बताया कि शनिवार दोपहर तक 12 लोगों के शव बरामद किये हैं जबकि एक व्यक्ति को बचा लिया गया था।

### मलेशिया के सम्राट सुल्तान इब्राहिम की ताजपोशी की

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के नये अरबपति सम्राट सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर की शनिवार को परंपरा के अनुरूप तोपों की सलामी समेत पूरे धूमधाम के साथ ताजपोशी की गई। सुल्तान इब्राहिम (65) ने 31 जनवरी को शपथ ली थी। नेशनल पैलेस में आयोजित एक भव्य समारोह में 20 जुलाई को सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर का औपचारिक रूप से मलेशिया के 17वें सम्राट के रूप में राज्याभिषेक किया गया।

### हैती में नाव में आग लगने से 40 प्रवासियों की मौत

**पनामा सिटी।** उत्तरी हैती में एक नाव में आग लगने से कम से कम 40 प्रवासियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) के हवाले से यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने दैनिक ब्रीफिंग में कहा, दो दिन पहले, हाईटियन नेशनल ऑफिस फॉर माइग्रेशन के अनुसार, 80 से अधिक लोगों को लेकर नाव लबादी से तुर्क और कैकोस द्वीप समूह के लिए 250 किलोमीटर की यात्रा के लिए रवाना हुई थी।

# अग्निकांड: कुवैत में चार भारतीयों की मौत

दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी

- फ्लैट में आग लगने से दंपती और दो बच्चे हुए हादसे का शिकार

कुवैत सिटी में एक दुखद घटना में एक भारतीय दंपती और उनके दो बच्चों की उनके फ्लैट में आग लगने से मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह हादसा शुक्रवार रात को हुआ। परिवार उसी दिन केरल से छुट्टी मनाकर लौटा था।

द अरब टाइम्स अखबार की खबर के अनुसार, मैथ्यूज मुलक्कल, उनकी पत्नी लिनी अब्राहम और उनके दो बच्चे, शुक्रवार रात को अब्बासिया इलाके में अपने दूसरे मंजिल के फ्लैट में एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग के कारण दम घुटने से मारे गए, यह घटना रात आठ बजे की है। इसमें कहा गया है कि ये सभी लोग अलप्पुझा के नीरत्तुपुरम के रहने वाले थे। अखबार ने कहा, परिवार केरल में छुट्टियां मनाकर कुवैत लौटा था, शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार शाम 4 बजे के आसपास पहुंचा। मैथ्यूज मुलक्कल रॉयटर्स में काम करते थे, जबकि उनकी पत्नी लिनी अल अहमदी गवर्नरेट के अदन अस्पताल में स्टाफ नर्स थीं। उनके बच्चे कुवैत के भवन्स स्कूल में पढ़ते थे।

## पीटीआई की मीडिया शाखा के चार सदस्य हिरासत में लिए

**लाहौर।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पर ताजा कार्रवाई करते हुए उनकी मीडिया टीम के चार वरिष्ठ सदस्यों को शनिवार को खुफिया एजेंसियों द्वारा कथित तौर पर हिरासत में ले लिया गया। खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने एक बयान में कहा, अंतर्राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक अहमद जंजुआ और सोशल मीडिया टीम के तीन अन्य सदस्यों को आज सुबह अगवा कर लिया गया। पार्टी द्वारा जारी सीसीटीवी फुटेज में जंजुआ को इस्लामाबाद में सुबह करीब चार बजे सादे कपड़ों में लोगों द्वारा हिरासत में लेते देखा जा सकता है।

# पाकिस्तान में हिंदू लड़की लापता, प्रदर्शन

कराची, एजेंसी

- सिंध प्रांत में सुक्कुर के पास संगरार में 19 अगस्त, 2021 को घर के पास से हो गई थी लापता
- सिंध के गृह मंत्री जिया लांग्रोव और पुलिस महानिरीक्षक जावेद ओधो माता-पिता से मिलने पहुंचे

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में लापता हुई एक हिंदू लड़की के माता-पिता ने उसकी रहस्यमय गुमशुदगी के बाद उसे ढूंढ़ निकालने की मांग करते हुए यहां प्रदर्शन किया। सिंध प्रांत में सुक्कुर के पास संगरार में 19 अगस्त, 2021 को अपने घर के नजदीक मुहर्रम के जुलूस में शरबत बांटने के दौरान प्रिया कुमारी (तब सात साल की) रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थी। बच्ची के लापता होने से दुखी उसके पिता राजकुमार पाल और मां वीना कुमारी ने शुक्रवार को यहां क्लिफ्टन क्षेत्र में प्रसिद्ध तीन तलवार स्थल पर विरोध प्रदर्शन किया।

राज ने कहा, उन्होंने (प्रशासन के लोगों ने) एक बार फिर हमें वादा किया है कि वे हमारी बेटी की तलाश कर रहे हैं और उसे शीघ्र बरामद कर लिया जाएगा। सिंध के गृह मंत्री जिया लांग्रोव और पुलिस महानिरीक्षक जावेद ओधो उनसे मिलने पहुंचे तथा उन्हें आश्वासन दिया कि एक पूर्ण संयुक्त जांच दल जांच कर रहा है। इसके बाद पाल और उनकी पत्नी ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।



कराची में हिंदू लड़की की बरामदगी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते लोग।

### पाकिस्तान में मिला पोलियो का 9वां मामला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में शनिवार को इस साल पोलियो का नौवां मामला सामने आया, जिससे इस बीमारी को खत्म करने के प्रयासों को झटका लगा है। जियो न्यूज की एक खबर के अनुसार यह मामला बलूचिस्तान प्रांत के झोब जिले का है। खबर के अनुसार प्रांत के झोब इलाके के हसनजई का डेढ़ साल का बच्चा पोलियो की चपेट में आया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रधानमंत्री के संयोजक डॉ. मलिक मुख्तार अहमद ने कहा कि इस साल देश में नौ बच्चे पोलियो से प्रभावित हुए हैं।

# बांग्लादेश में कर्फ्यू लागू 100 से ज्यादा की मौत

## मोबाइल, इंटरनेट और फोन लाइनें पूरी तरह से बंद

ढाका, एजेंसी

- व्यवस्था बहाल करने के लिए सड़कों पर सेना तैनात किए जाने की घोषणा की

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बीच राजधानी ढाका में कर्फ्यू लगा दिया गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक देश के विभिन्न हिस्सों में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच ताजा झड़पों में कई लोग जान गंवा चुके हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस महीने की शुरुआत में विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से अब तक 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मोबाइल, इंटरनेट और फोन लाइनें बंद होने तथा पूरी तरह से संचार लॉकडाउन होने के कारण हताहतों की सटीक संख्या का पता लगाना मुश्किल है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कल नरसिंगडी जेल पर हमले के बाद कर्फ्यू लगाने का आदेश दिया। प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रेस सचिव नईमुल इस्लाम खान ने व्यवस्था बहाल करने के लिए सड़कों पर सेना तैनात किये जाने की घोषणा की है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि सरकार ने कर्फ्यू लगाने और नागरिक अधिकारियों की सहायता के लिए सेना तैनात करने का फैसला किया है।


बांग्लादेश में पढ़ रहे छात्रों ने अगरतला में अखुरा चेक पोस्ट पर प्रदर्शन किया।

### हिंसा प्रभावित बांग्लादेश से 778 भारतीय छात्र स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ हिंसा भड़कने के बाद, कुल 778 भारतीय छात्र इस पड़ोसी देश से लगी विभिन्न भूमि पारगमन बिंदुओं के जरिये स्वदेश लौटे हैं। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा, अब तक 778 भारतीय छात्र विभिन्न भूमि पारगमन बिंदुओं के जरिए भारत लौटे हैं। इसके अलावा, लगभग 200 छात्र ढाका और चटगांव हवाई अड्डों के जरिए नियमित उड़ान सेवाओं के जरिए स्वदेश लौटे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश में भारतीय नागरिकों की कुल संख्या लगभग 15,000 होने का अनुमान है।

## कुछ देश आतंकवाद को शासकीय नीति के रूप में इस्तेमाल कर रहे

- भारत ने पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से निशाना साधा

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा है कि कुछ देश आतंकवाद को शासकीय नीति के औजार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। भारत ने यह भी कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंडों से बचा जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में उप स्थायी प्रतिनिधि एवं प्रभारी राजदूत आर रवींद्र ने कहा, आप इस बात से सहमत होंगे कि जब हम अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा की बात करते हैं, तो आतंकवाद सबसे गंभीर खतरों में से एक है।

रवींद्र ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने में संयुक्त राष्ट्र और क्षेत्रीय एवं उप-क्षेत्रीय संगठनों के बीच सहयोगः सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ), स्वतंत्र राष्ट्रों का राष्ट्रमंडल (सीआईएस), शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) विषय पर अपने विचार रखते हुए यह बात कही। उन्होंने पाकिस्तान का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि कुछ देश आतंकवाद को शासकीय नीति के एक औजार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं।

# केरल में किशोर में निपाह संक्रमण की पुष्टि हुई

मलप्पुरम (केरल) एजेंसी

- निजी अस्पताल में चल रहा उपचार, संपर्क में आए अधिक जोखिम वाले पृथक किए गए

केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने शनिवार को मलप्पुरम जिले के 14 वर्षीय एक किशोर में निपाह संक्रमण की पुष्टि की है। जॉर्ज ने यहां मीडिया से कहा कि पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान ने उस किशोर में संक्रमण की पुष्टि की है, जिसका फिलहाल एक निजी अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

जॉर्ज ने कहा कि पीड़ित को कोझिकोड के सरकारी मेडिकल कॉलेज में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। पीड़ित के संपर्क में आने वाले लोगों का पता लगाना शुरू कर दिया गया है। उसके संपर्क में आने के कारण अधिक जोखिम वाले लोगों को पहले ही पृथक कर दिया गया है और उनके नमूने परीक्षण के लिए भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित लड़के का इलाज किया जा रहा है और वह जीवन रक्षक प्रणाली (वेंटिलेटर) पर है। मंत्री ने कहा कि पिछली बार जो मोनोक्लोनल एंटीबॉडी ऑस्ट्रेलिया से खरीदी गई थी और पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान में रखी गई थी, वह रविवार को राज्य में पहुंच जाएगी।

## उत्तरी इराक में हवाई हमले में तीन आईएस आतंकवादी मारे गए

**बगदाद।** इराकी युद्धक विमानों ने उत्तरी इराक में हवाई हमला किया, जिसमें किरकुक और सलादीन प्रांतों के बीच एक पहाड़ी इलाके में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के तीन आतंकवादी मारे गये। इराकी ज्वाइंट ऑपरेशंस कमांड से संबद्ध मीडिया आउटलेट सिक्योरिटी मीडिया सेल ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि खुफिया रिपोर्टों के आधार पर स्थानीय समय सुबह 5:00 बजे हवाई हमले में आतंकवादियों को निशाना बनाया गया। एसएमसी के एक बाद के बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों को बमबारी स्थल पर तीन आईएस आतंकवादियों के शव मिले।

# तीन विपक्षी दल ओली के खिलाफ देंगे मत

काठमांडू, एजेंसी



- ओली ने नेपाल के नए प्रधानमंत्री के रूप में ली है शपथ

प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले केपी शर्मा ओली के रविवार को संसद में विश्वास मत हासिल करने की परीक्षा में खरा उतरने से पहले ही तीन राजनीतिक दलों ने उनके खिलाफ मतदान करने की घोषणा की है जिनमें वह पार्टी भी शामिल है जिससे उन्होंने नाता तोड़ लिया है। ओली ने पुष्प कमल दहल प्रचंड के स्थान पर नये प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है। प्रचंड पिछले हफ्ते प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल करने में विफल रहे थे क्योंकि ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) ने समर्थन वापस लेकर नेपाली कांग्रेस (एनसी) और अन्य दलों से हाथ मिला लिया था। एनसी संसद में सबसे बड़ी पार्टी है।

सोमवार को चौथी बार हिमालयी राष्ट्र के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले 72 वर्षीय वरिष्ठ वामपंथी नेता ओली रविवार को संसद में विश्वास मत हासिल करने का प्रयास करेंगे।

# हूती विद्रोहियों का सिंगापुर के ध्वज वाले जहाज पर हमला

सिंगापुर, एजेंसी

- अदन की खाड़ी से गुजरने के दौरान कंटेनर जहाज लोबिविया पर हमला, लगी आग

हूती विद्रोहियों द्वारा कथित रूप से किए गए हमले में सिंगापुर के ध्वज वाला एक जहाज क्षतिग्रस्त हो गया। सिंगापुर के समुद्री और बंदरगाह प्राधिकरण (एमपीए) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। एमपीए ने बताया कि उसे सूचना मिली कि अदन की खाड़ी से गुजरने के दौरान कंटेनर जहाज लोबिविया पर हमला हुआ जिससे इसमें आग लग गई। इसने कहा कि हालांकि चालक दल ने आग को बुझा दिया।

चैनल न्यूज एशिया ने अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि चालक दल में सिंगापुर का कोई नागरिक शामिल नहीं था और जहाज पर सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि हूती विद्रोहियों के हमले के बावजूद जहाज सोमालिया के बरबेरा बंदरगाह पहुंचने में सफल रहा जहाँ जरूरत पड़ने पर क्षति का आकलन और मरम्मत का काम किया जाएगा। एमपीए ने कहा कि वह किसी भी तरह की आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए पोत प्रबंधक के संपर्क में है। सिंगापुर की नौसेना ने भी अदन की खाड़ी में अपने सुरक्षा साझेदारों को सहायता प्रदान करने के लिए सतर्क कर दिया है।

हूती विद्रोहियों के सैन्य प्रवक्ता प्रवक्ता ने टेलीविजन पर कहा कि समूह ने लोबिविया पर बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन से हमला किया। ब्रिटेन के समुद्री व्यापार परिचालन निकाय ने बताया कि जहाज पर यमन के बंदरगाह शहर अदन से लगभग 83 समुद्री मील दक्षिण-पूर्व में दो मिसाइलों से दो बार हमला किया गया।

## नाइजीरिया ने मेटा पर 22 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया

**अबुजा।** नाइजीरिया की सरकार ने मेटा पर 22 करोड़ अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाने की शुक्रवार को घोषणा करते हुए कहा कि उसकी जांच में कंपनी को फेसबुक और व्हाट्सऐप से जुड़े देश के डेटा संरक्षण एवं उपभोक्ता अधिकार कानूनों का कई बार उल्लंघन करते पाया गया है। नाइजीरिया के संघीय प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता संरक्षण आयोग के एक बयान में उन पांच तरीकों को सूचीबद्ध किया गया है, जिनके जरिये मेटा ने पश्चिम अफ्रीकी देश में डेटा कानूनों का उल्लंघन किया है। इन तरीकों में बिना प्राधिकार के नाइजीरियाई लोगों के डेटा को साझा करना, उपयोगकर्ताओं को अपने डेटा के इस्तेमाल को निर्धारित करने के अधिकार से वंचित करना और भेदभावपूर्ण व्यवहार के साथ-साथ बाजार प्रभुत्व का दुरुपयोग करना शामिल है।

# झारखंड में जनसांख्यिकी पर श्वेत पत्र लाएगी भाजपा : शाह

रांची, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह ने शनिवार को दावा किया कि बड़े पैमाने पर घुसपैठ होने के कारण झारखंड में जनजातीय जनसंख्या घट रही है और यदि राज्य में भाजपा की अगली सरकार बनी तो वह उनकी (आदिवासियों की) भूमि एवं अधिकारों की रक्षा के लिए जनसांख्यिकी पर श्वेतपत्र जारी करेगी।

उन्होंने पार्टी की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक के दौरान यहां प्रभात तारा मैदान में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, झारखंड में सरकार बनाने के बाद हम आदिवासी, उनकी भूमि, आरक्षण और अधिकारों की रक्षा के लिए जनसांख्यिकी पर श्वेत पत्र लायेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नाम लिये बिना उन्होंने उनपर वोट बैंक और तुष्टिकरण नीति की वजह से भूमि जिहाद, लव जिहाद में लिप्त रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हजारों घुसपैठिए झारखंड में आ रहे हैं, आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे हैं, प्रमाणपत्र हासिल कर ले रहे हैं, जमीन खरीद रहे हैं और इस तरह स्थानीय लोगों की नौकरियां हड़प रहे हैं। शाह ने सोरेन की आलोचना की और आरोप लगाया कि उनके कल्याणकारी कदम मुख्य तौर पर परिवार के फायदे के लिए हैं।



रांची में बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और झारखंड भाजपा प्रमुख बाबू लाल मरांडी के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

## यूक्रेन की पूर्व सांसद की गोली मारकर हत्या

**कीव (यूक्रेन)।** यूक्रेनी भाषा को बढ़ावा देने के अपने अभियान के लिए प्रसिद्ध यूक्रेन की एक पूर्व सांसद की सड़क पर एक अज्ञात हमलावर द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। इरीना फेरियन (60) शुक्रवार को पश्चिमी शहर ल्वीव में हुए हमले में बच गईं, लेकिन अस्पताल में मौत हो गई। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल हमलावर की तलाश जारी है। हमलावर मौक से फरार हो गया था। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शनिवार को अपने आधिकारिक टेलीग्राम चैनल पर कहा, सभी उपलब्ध निगरानी कैमरों की जांच की जा रही है और गवाहों से पूछताछ की जा रही है तथा कई जिलों का सर्वेक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा, अपराधी की तलाश के लिए यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस और यूक्रेनी सुरक्षा सेवा के सभी आवश्यक बलों को तैनात किया गया है।

**खगोल विज्ञान**

चंद्रमा पर मानव मिशन को लेकर नासा की तैयारियां अंतिम चरण में, योजना के तहत पहले दो परीक्षण में मिली सफलता

# अगले वर्ष तक आर्टेमिस मिशन 3 से चांद पर कदम रखेगा इंसान

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पृथ्वी से मंगल पर इंसान को पहुंचाने के लिए नासा निर्धारित समय के अनुसार पहले मानव चरण में चंद्रमा पर पहुंचने की अंतिम तैयारियों में जुट गया है। नासा ने इसकी घोषणा कर दी है। अगले वर्ष के अंत तक मिशन को चांद की धरती पर अमली जामा पहना दिया जाएगा।

दरअसल मंगल पर मानव बस्ती बसाने के सपने को साकार करने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी प्रतिबद्ध है। योजना के तहत पहले दो परीक्षण में सफलता हासिल कर चुका है। अगले चरण में अंतरिक्ष यात्रियों की टीम को चंद्रमा पर उतारा जाना है। आर्टेमिस मिशन अपोलो के बाद चंद्रमा पर मानव को पहुंचाने वाला दूसरा मिशन होगा। इससे 50 वर्ष पहले नासा ने पहला मानव चांद पर पहुंचाया था।

अब आर्टेमिस 3 की तैयारी है। नासा ने आर्टेमिस टाइमलाइन की घोषणा की जनवरी में की थी। इससे पहले आर्टेमिस 1 ने मानव रहित परीक्षण उड़ान 2022 में सफलतापूर्वक पूरा किया था। अब आर्टेमिस 50 से अधिक वर्षों में चंद्रमा की कक्षा में जाने वाला पहला मानवयुक्त मिशन होगा। इसकी लॉन्चिंग तिथि सितंबर 2025 में घोषित की जाएगी। इसके पश्चात आर्टेमिस सितंबर 2026 में लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद सितंबर 2028 में एक और मिशन लॉन्च किया जाएगा। नासा ने आधिकारिक बयान में कहा है कि नई तकनीक के जरिए इस आर्टेमिस मिशन की तैयारियां कर रहे हैं। अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा नासा की सर्वोच्च प्राथमिकता है, क्योंकि हम भविष्य के आर्टेमिस मिशनों की तैयारी कर रहे हैं। आर्टेमिस 1 से हमने बहुत कुछ सीखा है, और इन शुरुआती मिशनों की सफलता हमारे सौर मंडल में मानवता के स्थान के बारे में हमारी पहुंच व समझ को आगे बढ़ाने के साथ वाणिज्यिक अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी पर निर्भर करती है।

### पृथ्वी जैसा ही मंगल ग्रह भी

**नैनीताल :** हमारा पड़ोसी ग्रह मंगल कई मायनों में पृथ्वी के समान है और कभी मंगल की धरती पर नदियां बहा करती थी और महासागर हुआ करते थे। वर्तमान में मंगल का वातावरण कई मायनों में पृथ्वी समान है। जिस कारण इस ठोस चट्टानी ग्रह पर खगोलविदों को मानव बस्ती बसाने की अधिक संभावना नजर आती है और नासा समेत स्पेस एक्स मंगल पर पहुंचकर अपना आधिपत्य जमाना चाहते हैं।


नासा का मिशन आर्टेमिस।

## जेलेंस्की यूक्रेन पर चर्चा के लिए डोनाल्ड ट्रंप से सहमत

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर ज़ेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने निजी बैठक में चर्चा करने के लिए सहमति जतायी है। जेलेंस्की ने कहा कि बैठक में यूक्रेन में शांति तक पहुंचने में उठाये जाने वाले महत्वपूर्ण कदमों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा, हम पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के साथ एक व्यक्तिगत बैठक में इस संबंध में चर्चा करने के लिए सहमत हुए हैं कि स्थायी शांति स्थापित करने की दिशा में किस तरह से निष्पक्ष कदम उठाये जा सकते हैं। उन्होंने जोर दिया कि ट्रंप ने बार-बार दावा किया है कि अगर वह दोबारा चुने जाते हैं, तो वह रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष को तुरंत समाप्त कर देंगे। उन्होंने कहा कि अगर ट्रंप वर्तमान में अमेरिका राष्ट्रपति होते तो यूक्रेन में संघर्ष कभी शुरू नहीं होता।

# बाल अश्लीलता मामले में आदेश वापस लिया

बेंगलुरु, एजेंसी

- कर्नाटक उच्च न्यायालय ने आगे की जांच की अनुमति दी

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने अपने 10 जुलाई के उस आदेश को वापस ले लिया है, जिसके तहत फैसला सुनाया गया था कि ऑनलाइन बाल अश्लीलता (पोर्नोग्राफी) देखने वाले किसी व्यक्ति पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67बी के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है। यह पुनरीक्षण शुक्रवार को न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की एकल न्यायाधीश पीठ द्वारा अधिनियम की धारा 67 बी (बी) के संबंध में एक चूक को स्वीकार करने के बाद किया गया।

इसके पहले, अदालत ने इनायतुल्ला एन. के खिलाफ आरोपों को खारिज करते हुए तर्क दिया था कि महज अश्लील सामग्री तक पहुंच धारा 67 बी के तहत आवश्यक सामग्री का प्रकाशन या प्रसारण नहीं है। हालांकि, राज्य सरकार द्वारा फैसला वापस लेने के लिये दायर आवेदन पर अदालत को एहसास हुआ कि उसके पहले के फैसले में धारा 67बी(बी) की उपेक्षा की गई थी। इस धारा में कहा गया है कि बच्चों को अश्लील तरीके से चित्रित करने वाली सामग्री बनाना, एकत्र करना, खोजना, ब्राउज करना, डाउनलोड करना, विज्ञापन करना, प्रचार करना, आदान-प्रदान करना या वितरित करना धारा 67बी के दायरे में आता है। अदालत ने कहा, धारा 67बी(बी) इस मामले के लिए प्रासंगिक है।